आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 282 | उज्जैन, रविवार 25 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

जय हो उन वीरों की
जिन्होंने हराया
नक्सलवाद

आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर 2026
स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com


श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री


19101/13/0018/2627

देश विदेश

250% टैरिफ की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाने के लिए दोनों देशों को 250% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों से साफ कह दिया था कि अगर लड़ाई नहीं रोकी, तो अमेरिका उनके साथ कारोबार बंद कर देगा। उनके मुताबिक, उनकी इस चेतावनी के बाद भारत और पाकिस्तान ने गोलीबारी बंद कर दी। ट्रम्प ने फ्लोरिडा में एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु हथियार वाले देश हैं।

फिलीपींस में 2 ट्रेनी विमान टकराए, चारों पायलटों की मौत

मनीला। फिलीपींस में शुक्रवार को ट्रेनिंग के दौरान वायुसेना के दो विमान टकरा गए। हादसे में दोनों विमानों में सवार चारों पायलटों की मौत हो गई। हादसा दोपहर 3.51 बजे मनीला के दक्षिण में लीपा शहर स्थित फर्नांडो एयर बेस के पास हुआ। दोनों एसएफ-260 विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे। एक विमान के टुकड़े सैन्यकर्मियों के बैरक के पास गिरे। फिलीपीन वायुसेना ने एसएफ-260 विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी है। जांच पूरी होने तक ये विमान उड़ान नहीं भरेंगे। इस साल हवा में विमानों के टकराने का यह दुनिया का पांचवां बड़ा हादसा है।

टाइगर के शूटर्स की गिरफ्तारी पर राम गोपाल वर्मा ने कहा



वे सिर्फ मोहरे होते हैं, जश्न मनाने से पहले अंडरवर्ल्ड को समझना होगा

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ से जुड़े फायरिंग मामले में फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने शूटर्स की गिरफ्तारी को बड़ी कामयाबी मानने पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि अंडरवर्ल्ड में गोली चलाने वाले सिर्फ मोहरे होते हैं, जबकि हमले की साजिश रचने वाले असली लोग पर्दे के पीछे रहते हैं। उन्होंने चेताया कि शूटर्स के पकड़े जाने के बावजूद बॉलीवुड में डर का माहौल खत्म होना जरूरी नहीं है। राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर टाइगर श्रॉफ से जुड़े फायरिंग मामले पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि शूटर्स की गिरफ्तारी का जश्न मनाने से पहले अंडरवर्ल्ड के काम करने के तरीके को समझना जरूरी है। उनके मुताबिक, किसी वारदात को अंजाम देने वाला शख्स आपराधिक नेटवर्क का सबसे आसानी से बदला जा सकने वाला हिस्सा होता है। उसका काम सीमित होता है और वारदात के बाद उसकी भूमिका खत्म हो जाती है। इसलिए केवल हमलावरों को पकड़ लेने से पूरे नेटवर्क को खत्म मान लेना सही नहीं होगा। राम गोपाल वर्मा का मानना है कि असली चुनौती उन लोगों तक पहुंचना है, जो हमले की योजना बनाते हैं और दूसरों के जरिए उसे अंजाम दिलाते हैं।

नैनो न्यूज

- **केरलमः** राज्यपाल ने पद संभालते ही लोकभवन में नॉनवेज रोका, कांग्रेस बोली- क्या खाना है, यह लोग तय करेंगे, राज्य में 97% लोग मांसाहारी।
- **भोपाल :** भानपुर ब्रिज पर गैस पाइपलाइन में आग, टेलीकॉम केबल जली, इंटरनेट-मोबाइल सेवाएं प्रभावित।
- **स्पेन :** लियोनेल मेसी को स्पेन का प्रतिष्ठित खेल सम्मान, राजकुमारी लियोनोर ने किया सम्मानित
- **वाशिंगटनः** ट्रम्प की ईरान पर फिर हमले की धमकी, तेहरान बोला- ऐसा किया तो समुद्र में बिछी इंटरनेट केबल काट देंगे, इससे बैंकिंग-क्लाउड सर्विस पर होगा असर।
- **फ्रांस :** शनिवार को फिर प्रदर्शन, फुटबॉल मैच टला, हिंसा रोकने के लिए 70 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात, राष्ट्रपति मैक्रों ने छात्र संगठनों से मुलाकात की।
- **छत्तीसगढ़ः** नदी में डूबने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत, पिता-पुत्र और दो भांजों की गई जान।
- **छत्तीसगढ़ः** केशकाल घाटी में पेड़ से टकराई बोलेरो, सेना के जवान की मौत, 5 लोग घायल।

मध्यप्रदेश के कर्मचारी राज्य सरकार द्वारा महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देने में देरी के कारण विरोध में उतरे

काली दीपावली मनाएंगे प्रदेश के कर्मचारी, भोपाल में कर्मचारियों का प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के कर्मचारी राज्य सरकार द्वारा महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देने में देरी के विरोध में इस साल काली दिवाली मनाएंगे। कर्मचारियों का कहना है कि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को 1 जनवरी से 60% महंगाई भत्ता और महंगाई राहत दे रही है, लेकिन मध्यप्रदेश में 10 महीने से उनकी अनदेखी की जा रही है। यहां कर्मचारियों को अभी 58% ही महंगाई भत्ता और महंगाई राहत मिल रही है। वहीं, केंद्र सरकार दिवाली से पहले अपने कर्मचारियों के भत्ते की राशि फिर बढ़ाने की तैयारी में है।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि पिछले 10 महीने में कई त्योहार निकल गए और अब दिवाली आने वाली है, लेकिन सरकार ने महंगाई भत्ता और महंगाई राहत को लेकर अब तक घोषणा नहीं की है।

तिवारी ने सरकार के खर्च पर सवाल उठाते हुए कहा कि कर्मचारियों को 2% महंगाई भत्ता बढ़ाने और 10 महीने का एरियर देने पर सरकार पर करीब 700 करोड़ रुपए का भार आएगा। वहीं, सरकार हर महीने 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को 1834 करोड़ रुपए दे रही है।

तिवारी ने कहा, ये बहनें कोई काम भी नहीं कर रही हैं, सिर्फ योजना में पंजीयन के बदले राशि हर माह दी जा रही है। महंगाई सबके लिए बराबर है, तो महंगाई भत्ता बराबर क्यों नहीं? केंद्र बोनस दे रहा है और यहां कर्मचारी जनवरी से इंतजार कर रहे हैं। यहां तो 700 करोड़ में साढ़े सात लाख कर्मचारी और साढ़े 4 लाख पेंशनर्स के परिवारों का भला हो जाएगा।



गैस और जरूरी चीजें महंगी, कर्मचारियों का बजट बिगड़ा

- तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में 850 अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों यानी आईएएस, आईपीएस और आईएफएस को केंद्र की तारीख से 2% महंगाई भत्ता दे दिया गया, लेकिन बाकी कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है। पदाधिकारियों के मुताबिक, इन अधिकारियों को कर्मचारियों के मुकाबले ज्यादा वेतन मिलता है।
- उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मार्च से जून के बीच घरेलू गैस 100 रुपए महंगी कर चुकी है। मई में चार बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े। दूध, चावल, शक्कर और दाल के दाम भी बढ़े हैं। इससे कर्मचारियों का बजट गड़बड़ा गया है। पदाधिकारियों का कहना है कि घर का बिगड़ा बजट संतुलित करने के लिए सरकार कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और महंगाई राहत नहीं दे रही है।

केंद्र सरकार बोनस दे रही, एमपी में महंगाई राहत का इंतजार

तिवारी ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को बोनस दे रही है, वहीं मध्यप्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को 58% से बढ़ाकर 60% महंगाई भत्ता और महंगाई राहत दी जा चुकी है। दूसरी ओर, प्रदेश के बाकी कर्मचारियों की अनदेखी से उनमें आक्रोश है। इसी को लेकर आज शासकीय केंद्रीय मुद्रणालय के डाक भवन के सामने सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने महंगाई भत्ता और महंगाई राहत के आदेश जनवरी 2026 से लागू करने की मांग की। तिवारी ने कहा कि दिवाली से पहले 2% महंगाई भत्ता और महंगाई राहत नहीं दी गई, तो काली दिवाली मनाना मजबूरी होगी। प्रदर्शन में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के संरक्षक मोहन अय्यर, एलएन कैलाशिया, एसएस रजक, कोषाध्यक्ष एसएल पंजवानी, महामंत्री उमाशंकर तिवारी और मध्यप्रदेश वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष साबिर खान सहित विभिन्न विभागों के समिति अध्यक्ष शामिल रहे। सभी ने महंगाई भत्ता और राहत तत्काल देने की मांग की। प्रदर्शन में विभागीय समिति के अध्यक्ष डॉ. अतुल दुबे, आशुतोष शुक्ला, जयविंद सोलंकी, मोहन कुशवाहा, आरिफ अली, अवतार सिंह, रहमान खान, ईश्वर बाथम और राजकुमार चौरसिया सहित महिला कर्मचारी भी मौजूद रहीं।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस का आरोपी मप्र से गिरफ्तार

इंदौर में भाई का इलाज कराने आया था, क्राइम ब्रांच ने पकड़ा, हथियार सप्लाई करने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में मध्यप्रदेश के इंदौर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई क्राइम ब्रांच और इंदौर क्राइम ब्रांच ने शनिवार को संयुक्त कार्रवाई कर हरियाणा के सोनीपत निवासी प्रांजल ठाकरान (22) को हिरासत में लिया।

उस पर फायरिंग की साजिश में शामिल होने और हथियार सप्लाई करने का आरोप है। हालांकि, मामले में उसकी भूमिका को लेकर पुलिस ने विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

5 दिन पहले इंदौर आया था आरोपी- शुरूआती जानकारी के मुताबिक, प्रांजल करीब पांच दिन पहले अपने भाई का इलाज कराने इंदौर आया था। मुंबई क्राइम ब्रांच ने गुरुवार रात इंदौर



क्राइम ब्रांच से संपर्क किया था। इसके बाद दोनों टीमों ने समन्वय कर कार्रवाई की। इस दौरान मुंबई क्राइम ब्रांच के करीब चार अधिकारी और इंदौर क्राइम ब्रांच के लगभग आठ पुलिसकर्मी शामिल थे। इंदौर क्राइम ब्रांच के एडीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, मुंबई में हुई फायरिंग की घटना में संदिग्ध भूमिका को लेकर मुंबई क्राइम ब्रांच ने इंदौर पुलिस से संपर्क किया था। इनपुट के आधार पर इंदौर में उसकी मौजूदगी का पता लगाकर कार्रवाई की गई।

तकनीकी सर्विलांस, इनपुट के आधार पर कार्रवाई

मुंबई क्राइम ब्रांच को मिले इनपुट के आधार पर संदिग्ध की लोकेशन का पता लगाया गया। इसके बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से उसे हिरासत में लिया गया। अब मुंबई क्राइम ब्रांच उससे पूछताछ कर फायरिंग की साजिश, हथियारों की सप्लाई और अन्य आरोपियों से उसके संपर्कों की जांच करेगी। फायरिंग की घटना के बाद अनिल पंडित ने सोशल मीडिया पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से संबंध होने का दावा करते हुए वारदात की जिम्मेदारी ली थी। हालांकि, प्रांजल ठाकरान के इस गैंग से जुड़े होने की अभी पुष्टि नहीं हुई है। जांच एजेंसियां यह पता लगा रही हैं कि उसने अन्य आरोपियों को किसी तरह की मदद दी थी या नहीं।

विधायक अनंत सिंह जदयू से निष्काषित

एजेंसी ▸▸ मोकामा

बिहार में मोकामा के विधायक अनंत सिंह को लेकर जदयू की कार्रवाई की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि जनसुराज पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने और पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। बिहार की राजनीति में जदयू ने अनंत सिंह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए निष्कासित करते हुए प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है।



राजीव और मैंने खुशियों भरी दुनिया बसाई : सोनिया गांधी

अपनी आने वाली किताब का किस्सा सुनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने एक्स पर अपना पहला पोस्ट किया है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ प्रेम की शुरूआत की यादें साझा कीं। उन्होंने एक वीडियो साझा कर बताया कि वह इंग्लैंड में अपनी पसंद का खाना मिलने वाली जगह तलाश रही थीं। इसके बाद उन्हें कैम्ब्रिज में एक ग्रीक रेस्तरां मिला, जहां पहली बार एक दोस्त ने दोनों का परिचय कराया था।

सोनिया गांधी ने कहा- यहीं से प्यार की शुरूआत हुई, हमने साथ मिलकर यादों की एक दुनिया बनाई। कांग्रेस नेता ने शनिवार को ही अपना अकाउंट बनाया और पहले पोस्ट में अपनी आगामी पुस्तक बीलॉगिंग अ जर्नी ऑफ लव का एक वीडियो साझा किया। यह किताब 10 नवंबर को लॉन्च होगी। सोनिया गांधी ने कहा- जब मैं उनसे पहली बार मिली, तो मुझे लगभग तुरंत लगा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके साथ मैं रहना चाहूंगी। बाद में मुझे पता चला कि वह भी ऐसा ही महसूस करते थे।



2023 में इंटरपोल ने जारी किया था रेड कॉर्नर नोटिस

गैंगस्टर हिमांशु भाऊ अमेरिका में गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

भारत के मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ को अमेरिका में एफबीआई ने गिरफ्तार किया है। हिमांशु पर दिल्ली, हरियाणा समेत कई राज्यों में मर्डर, हत्या की कोशिश, रंगदारी और हथियारों की तस्करी जैसे करीब 30 से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी सामने आई है।

इंटरपोल ने उसके खिलाफ 2023 में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। हरियाणा पुलिस ने उस पर 2.5 लाख और दिल्ली पुलिस ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। 2022 में हरियाणा में 24 घंटे में तीन हत्याओं के बाद हिमांशु चर्चा में आया था। हिमांशु भाऊ की गैंग ने ही 2025 में यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर के बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। हिमांशु की लॉरेंस और गोल्डी बराड़ गैंग से दुश्मनी मानी जाती है। इसी मामले में एक अन्य भगोड़े नीरज फरीदपुरिया को भी पकड़ा गया।

हाईकोर्ट से झटके के बाद बोलीं नेहा, पीस बॉन्ड पर साइन नहीं करूंगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट से झटके बाद ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने रिएक्ट किया है। उन्होंने कहा कि हमारी कोई शर्त नहीं है। हम पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर नहीं करने जा रहे। नेहा बोरा ने कहा कि न तो वह और न ही उनका छात्र संगठन दिल्ली पुलिस की ओर से मांगे गए 'पीस बॉन्ड' पर हस्ताक्षर करेगा। नेहा बोरा ने आरोप लगाया कि



'पीस बॉन्ड' नोटिस उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है और इसका इस्तेमाल शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शनों को दबाने के लिए किया जा रहा है।

नेहा बोरा ने बताया अगला प्लान

नेहा बोरा ने कहा कि स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के समक्ष होने वाली कार्यवाही में 'प्राकृतिक न्याय' के सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए। वह एसईएम कोर्ट के सामने पेश होंगी। साथ ही, कोर्ट को निर्देश दिया गया है कि वह नेहा बोरा को वे सभी दस्तावेज या सामग्री उपलब्ध कराए, जिनके आधार पर यह कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने ये भी कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से इस नोटिस के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करने के बाद, वे इस नोटिस को आगे चुनौती देंगी। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने नेहा बोरा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने एएट कोर्ट के उस नोटिस को चुनौती दी थी, जिसमें उनसे जांच के दौरान शांति बनाए रखने के लिए जमानत के साथ 10 हजार रुपये का बॉन्ड भरने को कहा गया था।

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से इंडिया ब्लॉक की रैली टालने की अपील की

1 नवंबर को रैली न करें, दिल्ली में 10 हजार करोड़ नुकसान होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से इंडिया ब्लॉक की रैली टालने की अपील की है। सीटीआई ने शनिवार को लेटर लिखकर कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली 10 नवंबर के बाद की जाए।

संगठन ने दिवाली फेस्टिवल सीजन में 10 हजार करोड़ रुपए के व्यापारिक नुकसान की चेतावनी दी है। दरअसल, 1 नवंबर को रामलीला मैदान में एसआईआर और ज्ञानेश कुमार के विरोध में इंडिया ब्लॉक की रैली है। रामलीला मैदान के 5 किमी के दायरे में चांदनी चौक और कनॉट प्लेस समेत 8 बड़े बाजार हैं। व्यापारी संगठन सीएआईटी के मुताबिक, 2025 में इन बाजारों में दिवाली पर त्योहारी बिक्री 75 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी।



दिवाली व्यापार का पीक सीजनः व्यापारियों ने कहा- धनतेरस, दीपावली और भैया दूज के दौरान दिल्ली में लगभग 25 हजार करोड़ रुपए का बड़ा कारोबार होता है।
पहले हुआ नुकसानः दावा किया गया कि रैलियों और रास्ते बंद होने से दिल्ली के व्यापारियों को अक्टूबर में पहले ही लगभग 3 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है।
प्रमुख बाजारों पर असरः कारोबारियों ने कहा- रामलीला मैदान के 5 किमी के दायरे में चांदनी चौक और सदर बाजार जैसे 20 बड़े बाजार हैं, जहां ट्रैफिक डायवर्जन व बैरिकेडिंग से कामकाज ठप हो सकता है।

रामलीला मैदान से पुरानी दिल्ली तक 1 लाख दुकानें

व्यापारियों का दावा है कि सिर्फ दिल्ली के चांदनी चौक में 75 हजार से ज्यादा दुकानें हैं। सदर बाजार में दुकानों की संख्या 15 हजार से 40 हजार के बीच है, और यहां 50 हजार से 70 हजार लोग आते हैं। चावडी बाजार के कागज के कारोबार में 1 हजार से ज्यादा व्यापारी हैं। सब मिलाकर रामलीला मैदान के आसपास के पुरानी दिल्ली के बाजारों में एक लाख से ज्यादा दुकानें हो सकती हैं। इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 6 से 13 अक्टूबर के बीच 8 बार प्रदर्शन किए।

पाकिस्तान में एलपीजी सिलेंडर 7 हजार रुपए का मिल रहा

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ गई है। 12 किलो के सिलेंडर की कीमत कुछ ही दिनों में 4500 पाकिस्तानी रुपए से बढ़कर 7 हजार रुपए हो गई है।

दरअसल, ईरान से पाकिस्तान को होने वाली एलपीजी की सप्लाई रुक गई है। दोनों देशों के बीच दो अहम सीमा चौकियां 17 अक्टूबर से बंद हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों देशों ने इसकी अलग-अलग वजह बताई हैं। पाकिस्तान ने बताया की उसने सुरक्षा चिंता और तस्करी रोकने के लिए यह सीमा बंद की है। वहीं, ईरान ने इसकी तकनीकी वजह बताई है। पाकिस्तान अपनी कुल एलपीजी जरूरत का करीब 50% हिस्सा ईरान से आयात करता है। ऐसे में सप्लाई रुकने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पाकिस्तान अपनी एलपीजी जरूरत का करीब 70% हिस्सा विदेशों से आयात करता है। ईरान के अलावा इराक और ओमान से भी गैस आती है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक के मुताबिक, देश में हर दिन करीब 6500 से 7 हजार टन एलपीजी की जरूरत होती है। इसमें से 2 हजार से 2500 टन गैस देश में तैयार होती है, जबकि बाकी जरूरत आयात से पूरी की जाती है।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

प्रशासन ना-ना, जनप्रतिनिधि हां-हां

धर्मनगरी में द्वारों की एक श्रृंखला खड़ी किए जाने की तैयारी हो रही है। विशेष प्रकार के द्वारों का निर्माण किया जाएगा। इससे महाआयोजन के दौर में धर्मनगरी का वैभव उभरकर सामने आएगा। एक से बढ़कर एक द्वार होंगे। हों भी क्यों नहीं इसमें खर्च भी करीब 100 खोखे का आएगा। चहुंओर धर्मनगरी का प्रताप और प्रकाश फैलेगा। पुराणों में उल्लेखित धर्मनगरी को एक नया वैभव प्राप्त होगा। द्वार हों और पहरेदार न हों ये भी थोड़ा से अचरज भरा है ऐसे में इनकी डिजाइन में संशोधन किया जाना चाहिए और पहरेदारी के लिए भी उसमें स्थान दिया जाना चाहिए। इन द्वारों का निर्माण करने के लिए आवास बनाने वाली संस्था ने पहल की है। खास तो यह है कि इसकी तैयारी भी कर ली गई है जबकि इस संस्था के मूल विभाग नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के मुखिया इन सब बातों को लेकर पूर्व में ही हिदायत जारी कर चुके हैं। उन्होंने तो प्रदेश भर की संस्थाओं को पत्र जारी कर सीधे तौर पर कहा था कि नगर प्रवेश द्वार, बड़े गेट, फव्वारे, सजावटी लाइट, मूर्तियां जैसे गैर जरूरी निर्माण कार्य न किए जाएं। विभाग का पैसा केवल पानी, सीवरेज, कचरा वाहन, सड़क मरम्मत जैसे मूलभूत कामों में लगाएं। इसे लेकर कई सारे अधिकारी घेरे में भी आ गए। खुसूर-फुसूर है कि नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के अंतर्गत ही प्रशासनीक मुखिया की ना-ना होने के बाद कई सारी शहरों की संस्था ने उसके यहां इस तरह के प्रस्तावों को भी डब्बे में डाल दिया और अपने मूल काम में लग गई। धर्मनगरी के प्रताप को चहुंओर फैलाने के लिए आवास विकसित करने वाली संस्था ने प्रशासनिक अधिकारी के विपरीत अपना निर्णय लेते हुए इस प्रकार के कामों को करने के लिए पहल कर दी है। धर्मनगरी के छह मार्गों पर 6 द्वारों का निर्माण किया जाना तय कर लिया गया है। अब इनमें से किसका निर्णय सही है ये तो समय के गर्भ में है। वर्तमान में तो महाआयोजन से पहले धर्मनगरी में प्रवेश के पूर्व 6 मार्गों पर 6 द्वारों से श्रद्धालुओं का प्रवेश होना तय किया गया है।

नैनो न्यूज

- **शुभम सिंदल** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, मध्यप्रदेश का प्रदेश सचिव नियुक्त।
- **अजाक्स** उज्जैन संभाग की गूगल मीटिंग 25 अक्टूबर को, सभी जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में होगी चर्चा
- **संस्था सुरछैया** द्वारा संस्कृति संचालनालय भोपाल के सहयोग से कालिदास संस्कृति अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में कहें कबीर, गायन और संवाद कार्यक्रम 25 अक्टूबर को सायं 6 बजे से आयोजित किया जाएगा।
- **डीएवीवी** इंदौर ने जीता राज्य स्तरीय महिला बैडमिंटन स्पर्धा का खिताब, रोमांचक फाइनल में बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल रहा उपविजेता, 12 विश्वविद्यालयों की टीमों ने लिया भाग
- **शरदपूर्णिमा** पर दमा रोगियों का इंदिरा नगर में मेला आज, औषधियुक्त खीर एवं कर्णवेधन चिकित्सा द्वारा होगा निःशुल्क उपचार
- **भावी शिक्षकों** ने जानी विद्यालय की कार्यप्रणाली, निर्मला शिक्षा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप के तहत किया अक्षत इंटरनेशनल स्कूल का भ्रमण
- **इन्फ्लुएंसर** दीपेश जैन बने भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान पर मिली जिम्मेदारी
- **हिंदू पंचांग** के अनुसार शरद पूर्णिमा हर वर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को आती है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर दिन रविवार को मनाई जाएगी। शरद पूर्णिमा का धार्मिक सामाजिक व आयुर्वेदिक महत्व है।
- **पूर्व केंद्रीय मंत्री** अरुण यादव ने उज्जैन पहुंचकर गोपाल यादव के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदनाएं
- **युवा मंच संसार** समिति आज लगाएगी विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, मोतियाबिंद के होंगे ऑपरेशन, इंदिरा नगर स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में लोटस और अमृत हॉस्पिटल देंगे सेवाएं
- **भाजपा संस्कृति** प्रकोष्ठ की प्रदेश सह-संयोजक बनी संज्ञा चौहान का स्वागत, प्रदेश संयोजक कपिल यार्दे ने सौंपी जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा व आतिशबाजी कर दी बधाई
- **दीपक राजवानी** लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत के जोनल मीडिया प्रभारी नियुक्त, राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मिली जगह, मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी के प्रचार-प्रसार का जिम्मा
- **विद्या भारती** की 37वीं क्षेत्र स्तरीय कराटे, जिमनास्टिक और आर्चरी प्रतियोगिता का शुभारंभ, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के चार प्रांतों के खिलाड़ी दिखा रहे दमखम, 25 अक्टूबर तक चलेगा आयोजन
- **अस्मिता वेटलिफ्टिंग** सिटी टूर्नामेंट में महिला वेटलिफ्टर्स आज दिखाएंगी दमखम, खेलो इंडिया पहल के तहत राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ में सुबह 9:30 बजे से शुरू होगी स्पर्धा

अब यातायात में व्यवधान का नया पाइंट बना आगर रोड माता मंदिर के पास

देवासगेट से समस्या को हल करने की बजाय आगर रोड सरकाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक समय देवासगेट पर बसों के कारण जाम के हालात बनते थे। देवासगेट क्षेत्र में बस ड्रायवर एवं क्लीनर सवारी भरने के लिए चाहे जहां बस खड़ी कर देते थे। सवारी के फेर में बस को धीमी गति से चलाया जाता था जिससे यातायात बाधित होता था। अब यही हाल आगर रोड पर मोहन नगर एवं माता मंदिर क्षेत्र के होकर रह गए हैं। यह स्थिति उज्जैन-कोटा राष्ट्रीय मार्ग पर है। देवासगेट से समस्या को हल करने की बजाय उसे आगर रोड पर सरका दिया गया है।

प्रशासन ने 12 अक्टूबर से देवासगेट बस स्टैंड को बंद कर दिया है। यहां से बसों के संचालन किए जाने पर सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश के साथ इसे बंद किया गया। यहां से सभी प्रकार की बसों का संचालन बंद किए जाने एवं नानाखेड़ा स्टैंड से बसों के संचालन का निर्णय लिया गया था। इसके चलते सभी बसों का संचालन नानाखेड़ा से शुरू हो गया। बस संचालकों ने भी देवासगेट आना बंद कर दिया।

उज्जैन-आगर आने जाने वाले दोनों मार्ग पर दिनभर बन रहे जाम के हालात

निजी बसों का जमघट स्थल

नानाखेडा बस स्टैंड से सभी बसों के संचालन की स्थिति में अधिकांश निजी बसें आगर रोड होकर अपना आवागमन कर रही है। इसमें आगर रोड, बड़नगर, तराना, माकड़ौन, महिदपुर, उन्हेल, रतलाम, मंदसौर की ओर जाने वाली बसें यहीं से होकर जा रही हैं। ऐसे में आने वाली एवं जाने वाली बसों का दिन भर यहां जमघट लग रहा है। आगर रोड माता मंदिर के आसपास के क्षेत्र पूरी तरह से जमकर व्यस्त हो गया है। यहां हर समय आने एवं जाने वाले दोनों मार्गों पर बसों का ठहराव होने से यातायात बाधित ही रहता है।



हाट पॉइंट बना क्षेत्र

कभी देवासगेट चौराहा यातायात के लिए हाट पॉइंट के रूप में गिना जाता था अब यह स्थिति आगर रोड पर माता मंदिर चौराहा की हो गई है। मक्सी रोड से आगररोड की और जाने वाले भारी वाहनों के साथ ही यहां बसों का जमकर ठहराव हो रहा है। इससे यातायात को लेकर यह हाट पॉइंट बन गया है। खास तो यह है कि पास में ही अनाज मंडी होने से आगर रोड से आने वाले ट्रेक्टरों की संख्या भी वर्तमान में खासी है। स्कूलों के संचालन दिनों में यहां सुबह से बच्चों का आवागमन भी बना रहता है।

समस्या देवासगेट से सरक कर आगर रोड पहुंची

इस मामले में यहां के लोगों का कहना है कि देवासगेट क्षेत्र की समस्या प्रशासन ने आगर रोड पर सरका दी है। आगररोड से पूर्व में भी बसों का आवागमन होता था लेकिन ऐसे हालात नहीं थे अब देवास गेट से सरकाई गई समस्या के कारण यहां हर समय यातायात उलझा हुआ ही रहता है।

राष्ट्रीय मार्ग पर ऐसे हालात

खास तो यह है कि इंदौर-कोटा मार्ग अब राष्ट्रीय राजमार्ग में दर्ज किया जा चुका है। इस पर यातायात की स्थिति भी बराबर बढ़ती जा रही है। यह राजमार्ग उज्जैन शहर के अंदर से होता हुआ जा रहा है। भारी वाहनों के लिए बायपास भी तकरीबन शहर के मुहाने पर ही हैं। ऐसे में मार्ग पर यातायात की बाधा की समस्या का निदान किया जाना चाहिए था न कि समस्या को देवासगेट से आगर रोड पर सरकाया जाना चाहिए था।

अश्विन मास की पूर्णिमा का विशेष धार्मिक महत्व

योगेश्वर की महारास की पूर्णिमा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सनातन धर्म मे अश्विन मास की पूर्णिमा का बहुत महत्व है। इसी पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस रात का चन्द्रमा भी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है जो विशेष ऊर्जा प्रदान करता है। चन्द्रमा की रश्मियों में एक विशेष प्रकार की शीतलता होती है। अश्विन मास की पूर्णिमा सभी सनातनी लोगों के लिए बहुत महत्व रखती है।

कोजागरी पूर्णिमा पर रात्रिजागरण- धार्मिक मान्यता है कि इस पूर्णिमा पर रात्रि जागरण करके माता लक्ष्मी व विष्णुजी की उपासना करना चाहिए क्योंकि इस रात्री धन व वैभव की देवी लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार कोजागरी पूर्णिमा के दिन ही समुद्र मंथन से मां लक्ष्मी का उद्भव हुआ था इसलिए इस रात्रि मां का जन्मोत्सव ईश्वर स्मरण, भजन व कीर्तन द्वारा किया जाता है। कोजागरी का शाब्दिक अर्थ है रात भर जागना। धर्मनिष्ठ लोग रतजगा करते हैं और विधिपूर्वक मां लक्ष्मी व लक्ष्मीनारायण की उपासना करते हैं।

कोजागरी पूनम की पूजा विधि- सर्वप्रथम एक स्वच्छ चौकी या बाजोट पर सफेद वस्त्र बिछाकर कलश स्थापना करना चाहिए। कलश में शुद्ध जल जिसमे दो बूंद गंगाजल हो रखना चाहिए। कलश के मुख पर आम के पत्ते सजाना चाहिए। कलश के आगे एक सिक्का, चावल, मखाने, बताशे व मावे की सफेद बर्फी नेवैद्य के रूप में रखना चाहिए क्योंकि माता लक्ष्मी को सफेद वस्तु पसंद हैं। रोली कुंकुम चावल से विधिपूर्वक पूजन करें फिर एक स्फटिक माला पर ॐ लक्ष्मैय नमः का जाप करना चाहिए। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि शरद पूनम पर जिस घर में माता लक्ष्मी का स्मरण होता है, पृथ्वी पर भ्रमण करते हुए लक्ष्मी उस घर में वास करती हैं।

शरद पूर्णिमा की रात्रि महारास- पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार शरद पूर्णिमा सबसे अधिक महत्व की इसलिए मानी जाती है क्योंकि इसी पावन रात्रि में वृन्दावन के वंशीवट पर योगेश्वर कृष्ण ने सोलह हजार एक सौ आठ गोपियों के साथ महारास किया था। योगेश्वर ने अपने योगबल से पृथक पृथक सुन्दर रूप धारण कर प्रत्येक गोपी के साथ नृत्य कर उसे प्रसन्न किया था। श्रीकृष्ण के दिव्य सुन्दर रूप को देखने की लालसा से भोलेनाथ भी गोपी का रूप रखकर इस रास मे सम्मिलित हुए थे। महारास की रात चन्द्रदेव भी सोलह कलाओं से परिपूर्ण रहते हैं।



शरदोत्सव पर पीर मत्येन्द्रनाथ की समाधि पर खीर वितरण

नवनाथों मे प्रमुख पीर मत्येन्द्रनाथ की समाधि गढकालिका क्षेत्र में है। शरद पूर्णिमा के अवसर पर इस दिव्य स्थान पर धार्मिक मेले का आयोजन होता है। परंपरानुसार पीपलीनाका क्षेत्र से धूमधाम के साथ फूलों से सुशोभित चादर चल समारोह के रूप में श्रद्धालु लेकर पीरजी के पावन स्थल पहुंचते हैं और श्रद्धा के साथ विधि-विधान से समाधि पर चादर अर्पित की जाती है। रविवार से शुरू होनेवाले शरदोत्सव के अन्तर्गत प्रथम दिवस भक्तिमय उल्लास के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा। धूप दीप से पूजन संपन्न होगी। सोमवार की शाम भजनों से भावांजलि अर्पित की जाएगी। शाम को पीपलीनाका चौराहे से पावन चादर, धूमधाम के साथ पीर मत्येन्द्रनाथ की समाधि तक ले जाई जाएगी। रात 11 बजे से खीर वितरण होगी।

शरद पूर्णिमा पर खीर का महत्व

शरद पूर्णिमा से वातावरण में शीतलता का मंद मंद उद्भव होता है और चन्द्रमा की रश्मि से ऊर्जा का संचरण पृथ्वी पर होता है जो विशेष लाभकारी होती है। रात के समय खुले स्थान पर गोदुग्ध व चावल से बनी खीर चन्द्रमा की रोशनी में रखने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि चांद के संसर्ग में रहने से खीर औषधीय गुणों से पूर्ण मानी जाती है जो सेवन करने पर शरीर को स्वस्थ रखती है। चन्द्रमा की शीतलता ही आंखों के लिए भी गुणकारी मानी गई है। इस रात्रि चांद की रोशनी में सुई के अंदर धागा पिरोने की भी परिपाटी है। मंदिरों, संत आश्रमों मे इस दिन दमा पीड़ित लोगों को औषधीय खीर वितरित की जाती है। उज्जैन के गढ़कालिका क्षेत्र स्थित पीर मत्येन्द्रनाथ की समाधि पर इसी रात शरदोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस प्रकार मौसम में घुली गुलाबी ठंडक का जश्न शरद पूर्णिमा पर मनाकर हम शीतऋतु का स्वागत गर्मजोशी से करते हैं।

ऋग्वेद के अनुसार सोलह कलाएं

1 इक्षण	9 इन्द्रिय
2 प्राण	10 मन
3 श्रद्धा	11 अन्न
4 आकाश	12 वीर्य
5 वायु	13 तप
6 अग्नि	14 मंत्र
7 जल	15 कर्म
8 पृथ्वी	16 नाम

पुष्पा मिशन की दीवार हटाई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवासरोड से इंदौर रोड को सीधे जोड़ने वाली रोड चौड़ीकरण के चलते शुक्रवार रात सेन्ट मेरी स्कूल व पुष्पा मिशन अस्पताल की बाउंड्रीवाल नगरनिगम अमले द्वारा हटाई गई। स्कूल व अस्पताल को देखते हुए दीवार ध्वस्त करने का काम रात में किया गया।

महाकाल मंदिर शिखर के क्रैक को चूना, गुड़, लाख से सुधारेंगे

मंदिर परिसर सहित अन्य मंदिरों का 10.27 करोड़ रुपए में कराया जाएगा जीर्णोद्धार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर से लेकर नागचंद्रेश्वर मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर के क्रैक, टूटी जालियों को चूना, गुड़ और लाख से सुधारा जाएगा। मंदिर परिसर सहित अन्य मंदिरों का जीर्णोद्धार 10.27 करोड़ रुपए में किया जाएगा।

केंद्रीय भवन शोध संस्थान (सीबीआरआई) के मार्गदर्शन में यह काम उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) करेगा। इसके लिए मचान बना दिया है। यूडीए के इंजीनियर के अनुसार यह काम महाशिवरात्रि से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। सीबीआरआई की टीम हर माह में दो बार जीर्णोद्धार की मॉनिटरिंग करने आएगी।

इन मंदिरों का भी करेंगे जीर्णोद्धार : महाकालेश्वर मंदिर परिसर के मंदिरों में वृद्धकालेश्वर मंदिर, अनादि कल्पेश्वर मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर, कालेश्वर मंदिर, चिंतामणि गणेश मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, गोवर्धन मंदिर, केदारेश्वर मंदिर, भीमाशंकर मंदिर, पाताल महादेव मंदिर, त्र्यंबकेश्वर मंदिर, कोटि तीर्थ कुंड का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

मूल संरचना को नुकसान पहुंचाए बिना करेंगे काम

जीर्णोद्धार के अंतर्गत मूल प्राचीन संरचना को नुकसान पहुंचाए बिना ठीक वैसा ही काम करवाया जाएगा। यूडीए के इंजीनियर शैलेंद्र जैन के अनुसार इसके लिए चूना, गुड़, लाख का उपयोग किया जाएगा। जो जैसा है, उसे वैसा ही रखा जाएगा। शिखर से लेकर भू-तल तक जहां भी क्रैक हो गए हैं, जालियां टूट गई हैं, खंभे को नुकसान पहुंचा है, पानी रिसता है तो उसे उसी विधि से सुधारा जाएगा, जैसा मंदिर के निर्माण में किया गया था। इसमें सीमेंट, सरिए का उपयोग नहीं किया जाएगा।

महाकाल मंदिर में 27 अक्टूबर से बदलेगा आरतियों का समय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा पर 27 अक्टूबर को प्रतिदिन होने वाली पांच में से तीन आरतियों का समय बदलेगा। बालभोग व भोग आरती वर्तमान समय से आधा घंटा देरी से तथा शाम को संध्या आरती आधा घंटा जल्दी होगी। कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा से शुरू होने वाला आरती का यह क्रम फाल्गुन पूर्णिमा तक चलेगा। पं. महेश पुजारी ने बताया ज्योतिर्लिंग की पूजन परंपरा में शरद पूर्णिमा से सर्दी की शुरूआत मानी जाती है। इस दिन संध्या आरती में भगवान महाकाल को केसरिया मीठे दूध का भोग लगाया जाता है। इसके बाद अगले दिन कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा से मंदिर में प्रतिदिन होने वाली पांच आरतियों में से तीन आरतियों का समय बदलता है। प्रत्येक छह माह में सर्दी और गर्मी के हिसाब से तीन आरतियों के क्रम में बदलाव किया जाता है।

बीच सत्र मे बोर्ड ने घोषणा कर दी कि परीक्षा में दो नम्बर वाले लघुउत्तरीय प्रश्नों में इस वर्ष से नहीं दिए जाएंगे विकल्प

लघुउत्तरीय प्रश्नों से विकल्प हटाना विद्यार्थियों के साथ ज्यादती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा बार-बार परीक्षा प्रणाली में प्रयोग किए जाने से विद्यार्थियों के साथ ज्यादती ही हो रही है। इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में एकाएक परिवर्तन की घोषणा मध्य अक्टूबर माह मे की गई जबकि बोर्ड फरवरी माह में मुख्य परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। बीच सत्र में बोर्ड ने घोषणा कर दी कि परीक्षा में दो नम्बर वाले लघुउत्तरीय प्रश्नों में इस वर्ष से विकल्प नहीं दिए जाएंगे मतलब अब विद्यार्थी के पास किसी तरह की च्वाइस इन प्रश्नों को हल करते समय नहीं होगी।

इस तरह के फरमान ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की नींद ही उड़ा दी। स्टेट बोर्ड परीक्षा में मात्र चार माह का समय ही बचा है ऐसे मे गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान जैसे जटिल विषयों का विस्तृत अध्ययन संभव ही नहीं है। बगैर विकल्प के प्रश्न होने से कमजोर विद्यार्थी के साथ तो अन्याय होगा ही साथ ही अच्छे प्रतिशत लाने वाले मेधावी छात्रों के अंक भी प्रभावित होंगे। इस संबंध मे दैनिक अवंतिका ने शहर के कुछ विषय विशेषज्ञ शिक्षकों से चर्चा की और निष्कर्ष यही निकला कि बोर्ड के यकायक इस फैसले से परीक्षा परिणाम बहुत ज्यादा प्रभावित होंगे।

- **विकल्प होने से उत्तीर्ण होना आसान था-** स्टेट बोर्ड ने बीच सत्र मे ऐसी घोषणा करके छात्र छात्राओ की नींद उड़ा दी है। विद्यार्थी ऐसी कठिन परीक्षा के लिए मानसिक तौर पर, तैयार ही नहीं हैं। सामाजिक अध्ययन जैसे विषय जिसमे भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र व नागरिकशास्त्र सभी का समावेश होने से कोर्स बहुत ज्यादा है ऐसे में विकल्प न होने पर बहुत गहन व विस्तार से अध्ययन की आवश्यकता है किन्तु अब समय बहुत कम बचा है। ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी के चलते कमजोर विद्यार्थियों के लिए उत्तीर्ण होना ही मुश्किल रहेगा। निश्चित ही विद्यार्थियों का रिजल्ट प्रभावित होने की आशंका है।



निरंजनकुमार बैलिया, शिक्षक ,माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय, शास्त्रीनगर।

- **पूरी तरह से विकल्पों को नहीं हटाना था-** स्टेट बोर्ड को कम से कम इस वर्ष तो ऐसा नवीन प्रयोग नहीं करना था। परिवर्तन करना ही यदि जरूरी रहा हो तो लघुउत्तरीय प्रश्नों में से कुछ प्रश्नो मे विकल्प रखना था और कुछ प्रश्नो से विकल्प हटा देना था। विज्ञान में दो-दो अंक के कुल 12 प्रश्न होते हैं। पूर्व में पूरे 12 ही प्रश्नों में विकल्प होते थे जिससे विद्यार्थी अच्छे अंक स्कोर कर लेते थे। बोर्ड को पुनर्विचार करते हुए बारह में से छः प्रश्नों में आंतरिक विकल्प देना चाहिए और छः प्रश्न अनिवार्य रूप से हल करने की स्कीम रखना चाहिए ताकि विद्यार्थियों के हित प्रभावित न हों।



श्रीमती अद्वैता ललित श्रीवास्तव, विज्ञान शिक्षिका, सराफा कन्या उमा विद्यालय।

- **बोर्ड को सत्र से पूर्व आगाह करना था-** नवीन प्रश्नपत्र स्कीम यदि लागू भी करना थी तो स्टेट बोर्ड को सत्र शुरू होने से पहले ही प्रश्न पत्र से विकल्प हटाने की जानकारी देना चाहिए थी। इस तरह के प्रयोग से छात्रों का रिजल्ट बिगड़ने का अंदेशा है। ये दो अंक के प्रश्न से ही विद्यार्थी अच्छे अंक स्कोर कर पाते थे क्योंकि छोटे उत्तर होने पर ये आसानी से याद करके विद्यार्थी कापी में लिख देते थे। विकल्प न होने की दशा में उत्तर न दे पाने पर सीधे दो अंक प्रति प्रश्न का नुकसान होगा।



डॉ. फरहीन सैयद, वरिष्ठ शिक्षक, सराफा कन्या उ मा विद्यालय।

- **छोटे विद्यार्थी से इतनी अधिक उम्मीद-** हाई स्कूल मे विद्यार्थी कम आयुवर्ग का होता है। परीक्षा प्रणाली को आसान बनाकर विद्यार्थी का बौद्धिक आंकलन करना ही शिक्षा की उपयोगिता है। ऐसे मे यदि स्टेट बोर्ड लघुउत्तरीय प्रश्नों से विकल्प समाप्त कर रहा है तो ये विद्यार्थियों के साथ अन्याय है।



शैलेन्द्रसिंह शक्तावत, शिक्षाविद व समाजसेवी।

सीधे तौर पर नुकसान

परीक्षा प्रश्न पत्र में विकल्प न देने की स्थिति का खामियाजा छात्र को ही उठाना पड़ेगा। गणित जैसे जटिल विषय मे हरेक यूनिट काफी विस्तृत है और प्रत्येक यूनिट का गहन अध्ययन इतने कम समय में संभव ही नहीं है। ऐसे में विकल्प न होने पर छात्र के सिर्फ एक ही प्रश्न को हल न कर पाने पर सीधे दो अंक का नुकसान हो जाएगा।

जीएल परमार, संचालक कोंचिग क्लास,उज्जैन।

विद्यार्थियों के हित को ध्यान मे रखते हुए स्टेट बोर्ड को इस पर एक बार पुनर्विचार अवश्य करना चाहिए क्योंकि लघुउत्तरीय प्रश्नों की बदौलत ही विद्यार्थियों की परीक्षा रूपी बैतरणी पार होती रही ऐसे मे बीच सत्र में विकल्प हटाने और प्रश्न को अनिवार्य कर देने से छात्र छात्राओ का अहित ही होगा।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | रविवार 25 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या विद्यालय का किया निरीक्षण

इंदौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को स्काउट ग्राउंड चिमनबाग झोन क्रमांक-3 में विशाल जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, एसडीएम घनश्याम धनगर सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। शिविर में अधिकारियों ने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा उनके त्वरित निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर समिट-2026 का शुभारंभ

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर समिट-2026 के माध्यम से प्रदेश में लगभग 5 हजार 800 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। समिट में 1 हजार से अधिक प्रतिनिधियों और जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान एवं स्वीडन के प्रतिनिधिमंडलों की सहभागिता प्रदेश में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बढ़ती वैश्विक रुचि को दशार्ती है। समिट में मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2026 पर हितधारक चर्चा और एमपी सेमीकॉन स्टार्टअप चैलेंज भी आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर समिट-2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे।

माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 24 अक्टूबर को 2,387.60 करोड़ रुपए की लागत की नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का धार जिले के सरदारपुर स्थित खेल परिसर में लोकार्पण करेंगे। परियोजना से धार एवं झाबुआ जिले के कुल 260 गांवों की 57,422 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इसमें धार जिले की सरदारपुर तहसील के 66 गांवों की 25,422 हेक्टेयर भूमि तथा झाबुआ जिले की विभिन्न तहसीलों के 194 गांवों की 32,000 हेक्टेयर भूमि शामिल है। इससे संबंधित क्षेत्रों के कृषकों को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने में सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन बढ़ाने के अवसर विकसित होंगे। झाबुआ तहसील के 108 गांवों की 17,802 हेक्टेयर, पेटलावद तहसील के 6 गांवों की 1,502 हेक्टेयर तथा राणापुर तहसील के एक गांव की 80 हेक्टेयर भूमि को परियोजना से लाभान्वित किया जाएगा।

साहसिक कार्य करने वाले 30 पुलिसकर्मियों का सम्मान



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पुलिस के जवान से लेकर अधिकारी तक लगातार बिना थके परिश्रम और ईमानदारी के साथ कार्य करते है। खुद की जान को जोखिम में डालकर दूसरों के प्राण बचाने का नाम है पुलिस। पुलिस के जवान साहस के साथ निष्पक्षता के साथ अपनी ड्यूटी निभाते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस के जवान सेवा, सुरक्षा और परिश्रम में हमेशा आगे रहते है। ऐसे पुलिसकर्मियों को उनके सेवा और साहसिक कार्यों के लिये सम्मानित किया जाना गर्व की बात है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव शुक्रवार को इंदौर के होटल पार्क में रखाकी के जज्बे को पत्रिका का सलामश आयोजित कार्यक्रम में अपना सम्बोधन दे रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 30 से अधिक ऐसे पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया, जिन्होंने सेवा में रहते हुए साहसिक कार्य किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मानित पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि वे इस तरह के कार्य करते हुए समाज को सदैव प्रेरणा देते रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की भर्तियां की है तथा नई भर्तियां और की जायेंगी। साथ ही वर्षों से रुकी पदोन्नति पुनः प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मान समारोह के दौरान अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सयोगितागंज थाने के आरक्षक श्री लाल साहब को मंच से नीचे उतरकर सम्मानित किया।

नैनो न्यूज

- **देवासः औद्योगिक निवेश से रोजगार की उम्मीद-** देवास में फार्मा उद्योग के विस्तार की योजना के तहत आईपीसीए ने लगभग 1,000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। परियोजना से औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने की संभावना है।
- **आगरः महिलाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण-** आगर-मालवा में उद्यम सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसमें 40 महिलाएं भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण से महिलाओं को स्वरोजगार और छोटे कारोबार की शुरूआत करने में मदद मिलेगी।
- **शाजापुरः मंडी में प्याज के भाव में तेजी-** शाजापुर कृषि उपज मंडी में 23 अक्टूबर को प्याज का मॉडल भाव 3,756 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। मंडी के भाव में बदलाव से किसानों और व्यापारियों की खरीद-बिक्री प्रभावित हो सकती है।
- **सुसनेरः सोयाबीन के भाव सात हजार तक-** सुसनेर कृषि उपज मंडी में 23 अक्टूबर को सोयाबीन का अधिकतम भाव 7,000 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। नई फसल की आवक के बीच भाव किसानों और स्थानीय व्यापारियों के लिए अहम बने हुए हैं।
- **रतलामः रेलवे स्क्रैप नीलामी से करोड़ों की कमाई-** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने चालू वित्त वर्ष में करीब 5,000 मीट्रिक टन स्क्रैप की नीलामी से 26.96 करोड़ रुपये अर्जित किए। इससे रेलवे को अनुपयोगी सामग्री के निस्तारण से राजस्व मिला।

वर्ष 2017 में 24 माह के अनुबंध पर किया जाना था काम

सीवरेज का काम 8 साल के लंबी अवधि के बाद भी मात्र 68 प्रतिशत

शहर में 438 करोड़ रुपए की लागत से 450 किलोमीटर लाईनें डाली जाना थी, अभी तक 317 किलोमीटर ही बिछाई जा सकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सीवरेज की लाईन बिछाने का काम वर्ष 2017 में अनुबंध के आधार पर 2 वर्ष में पूर्ण किया जाना था। इसके एवज में 8 साल बाद भी यह काम मात्र 68 फीसदी ही हो सका है। सीवरेज की निकासी के लिए इसमें शहर भर में 450 किलोमीटर लंबी लाईनों को डाला जाना था। यह ठेका 438 करोड की प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर दिया गया था। 8 साल बाद भी इस काम में मात्र 317.08 किलोमीटर की सीवर लाईन ही बिछाई जा सकी है।

सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर उज्जैन शहर में सीवरेज का काम तेजी से चल रहा है। फेज वन में 445.17 किलोमीटर में से लगभग 317.58 किलोमीटर सीवरेज नेटवर्क बिछाया जा चुका है। साथ ही 11213 मेनहोल, 105808 हाउस सर्विस चैंबर और 8373 हाउस कनेक्शन पूर्ण कर लिए गए हैं। राइजिंग मेन लाइन बिछाने का काम भी तेजी से चल रहा है, 2.5 किलोमीटर लाइन बिछाई जा चुकी है। यही नहीं सड़कों के रेस्टोरेशन का काम भी चल रहा है, 294.79 किलोमीटर सड़क ठीक कर दी गई है। प्रस्तावित कार्यों एवं संपूर्ण सीवरेज प्रणाली का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद 10 वर्षों तक संचालन एवं रखरखाव का कार्य भी संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जाएगा।

एक जोन का काम हुआ

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अमृत मिशन 2.0 के तहत स्वीकृत किए गए सीवरेज के कार्यों में शहर में 68 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके तहत डेढ़ सौ किलोमीटर सीवर नेटवर्क हाउस कनेक्शन सहित कमीशन किया जा चुका है। चकोर पार्क स्तिथ एक पंपिंग स्टेशन को छोड़कर सभी संरचनात्मक कार्य पूर्ण हो चुके हैं। परियोजना में 6 झोन शामिल है। इसमें से एक का कार्य पूर्ण हो चुका है। जबकि झोन 1,2, 5, 6 के कार्य पूर्णता के निकट है। सीवरेज के कार्य में 200 मिलीमीटर से 800 मिमी व्यास की 445 किलोमीटर लाइन बिछाना तथा 18516 प्रीकास्ट मेन होल बनाना शामिल है। इसी के साथ उपभोक्ताओं को सीवर लाइनओं से जोड़ने के लिए हाउस सीवर चैंबर एवं लेटरल्स भी उपलब्ध कराना शामिल है।

10 बार से ज्यादा एक्सटेंशन

इस काम को लेने वाली कंपनी के काम को गति से पूर्ण नहीं करने के मामले में अधिकारियों ने बराबर उस पर सख्ती की है। पिछले 8 सालों में कंपनी पर पेनल्टी भी लगाई गई और अन्य तरीके से भी सख्ती की गई। इसके साथ ही कंपनी को 10 बार से अधिक अब तक एक्सटेंशन दिया जा चुका है।

मात्र कुछ हजार घरेलू कनेक्शन

कंपनी ने पिछले 8 सालों में सीधे तौर पर जिस गति से काम किया है उससे शहर की आमजनता को परेशानियों के दौर से ही गुजरना पडा है। नगर निगम के अनुसार 8373 घरों में कनेक्शन किया गया है। इसके विपरित शहर में संपत्ति कर की आईडी से ही अगर मिलान किया जाए तो सवा लाख से अधिक संपत्ति से कर लिया जा रहा है । ऐसे में मात्र आवासीय मकानों को अगर 75 फीसदी माना जाए तो घरेलू कनेक्शनों का काम उंट के मुंह में जीरे के समान किया गया है।

फैक्ट फीगर

- शहर में 317.88 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाई गयी
- सीवर लाइन के कारण खुदी 294.79 किलोमीटर
- आंतरिक सड़कों को ठीक किया गया
- 8373 घरों में कनेक्शन किया
- 30 जून 2027 तक सीवरेज का काम पूरा होगा
- फिलहाल 68 प्रतिशत कार्य पूर्ण

स्त्रोत-जिला जनसंपर्क की ओर से जारी नगर निगम की जानकारी के आधार पर।

इंदौर में एमवाय अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग में

रेजिडेंट डॉक्टरों को डराने-धमकाने व प्रताड़ित करने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज और एमवाय अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग में रेजिडेंट डॉक्टरों के कथित उत्पीड़न का मामला सामने आया है। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जूडा) ने विभागाध्यक्ष डॉ. परेश सोढ़िया पर रेजिडेंट डॉक्टरों को डराने-धमकाने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। यहां तक कि शैक्षणिक व चिकित्सकीय प्रशिक्षण के अवसरों से वंचित करने के भी आरोप लगाए हैं। जूडा ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए स्वतंत्र कमेटी बनाने की मांग उठाई है। शिकायत में रेजिडेंट डॉक्टरों को एमसीएच की परीक्षा में अनुत्तीर्ण करने और प्रशिक्षण अवधि बढ़ाने की धमकी दी जाने के बारे में बताया है। साथ ही रेजिडेंट डॉक्टर को ऑपरेशन थिएटर में प्रवेश से रोकने और नियमित पढ़ाई व सर्जरी सीखने के अवसर नहीं का उल्लेख भी किया है।

शुक्रवार को उन्होंने डीन डॉ अरविंद घनघोरिया से दोबारा मुलाकात कर जांच कमेटी गठित करने की मांग की। वे कहते हैं कि समयावधि में कार्रवाई नहीं होने पर उच्च अधिकारियों से संपर्क किया जाएगा। यहां तक कि सांकेतिक विरोध प्रदर्शन और हड़ताल भी की जाएगी।

सप्ताह में 140 से 150 घंटे काम कराने का आरोप

इसके अलावा डॉक्टरों ने सप्ताह में 140 से 150 घंटे काम कराने और विभागीय संसाधनों के लिए निजी पैसे खर्च करने का दबाव बनाने की शिकायत की है। जूडा ने प्रशासन से सात दिनों के भीतर कार्रवाई करने की मांग की।

प्रताड़ना से सुरक्षा देने पर जोर दिया है

शिकायतकर्ताओं की पहचान गोपनीय रखने और उन्हें किसी भी तरह की प्रताड़ना से सुरक्षा देने पर जोर दिया है। जूडा अध्यक्ष डा विक्रम सिद्धू ने बताया कि रेजिडेंट डॉक्टर पहले भी डीन को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

7 कार्यदिवस में कार्रवाई की मांग

जेडीए के मुताबिक, न्यूरोसर्जरी विभाग के रेजिडेंट डॉक्टरों ने 13 अक्टूबर 2026 को प्रशासन को लिखित शिकायत दी थी। एसोसिएशन ने मामले की जांच के लिए स्वतंत्र समिति गठित करने, शिकायतकर्ताओं को अकादमिक प्रताड़ना से बचाने और जांच की समयसीमा तय करने की मांग की है। जेडीए ने सात कार्यदिवस में कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है। ऐसा नहीं होने पर उच्च अधिकारियों तक मामला पहुंचाने और सांकेतिक विरोध या हड़ताल जैसे कदम उठाने की चेतावनी दी है।

जेडीए की प्रमुख मांगें

रेजिडेंट डॉक्टरों की मांगों पर कार्रवाईः उनकी शिकायतों और प्रशिक्षण संबंधी समस्याओं की समीक्षा कर उनका उचित समाधान किया जाए। **निष्पक्ष जांच समिति का गठनः** ऐसे स्वतंत्र जांच दल का गठन किया जाए, जिसके सदस्यों का मामले से कोई हितों का टकराव न हो। जांच के लिए समयसीमा तय की जाए और निष्कर्षों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई हो। **शिकायतकर्ताओं की सुरक्षाः** डॉक्टरों और गवाहों के बयान गोपनीय तरीके से दर्ज किए जाएं। किसी भी शिकायतकर्ता के खिलाफ अकादमिक प्रताड़ना, परीक्षा में नुकसान पहुंचाने, धमकी देने या अन्य प्रतिशोधात्मक कार्रवाई को रोकने के लिए अंतरिम सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं। **निजी खर्च की जांचः** विभागीय संसाधनों के लिए रेजिडेंट डॉक्टरों से कथित तौर पर कराए गए निजी खर्च की जांच की जाए और जिम्मेदारी तय की जाए।

पेड़ काटने की अनुमति, लेकिन पक्षी विशेषज्ञों की निगरानी में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने इंदौर मेट्रो परियोजना के लिए 150 से अधिक पेड़ काटे जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका का निपटारा करते हुए पेड़ों की कटाई को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने परियोजना के लिए पेड़ काटने पर रोक लगाने से इनकार किया, लेकिन स्पष्ट किया कि सभी पेड़ एक साथ या मनमाने तरीके से नहीं काटे जाएंगे। कटाई और शाखाओं की छंटाई कम से कम दो पक्षी विशेषज्ञों की निगरानी और सलाह से चरणबद्ध तरीके से करनी होगी, ताकि वहां आने वाले पक्षियों को कम से कम परेशानी हो।

जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस जय कुमार पिल्लई की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि पक्षी विशेषज्ञ पेड़ों पर मौजूद घोंसलों, अंडों और उनके भीतर पल रहे बच्चों का विशेष ध्यान रखेंगे। पेड़ों की कटाई के दौरान वन्यजीव बचाव दल भी मौके पर मौजूद रहेगा। उसके पास जाल और चिकित्सा किट होनी चाहिए, ताकि घायल पक्षियों और घोंसलों से गिरने वाले बच्चों की मदद की जा सके। यदि सभी पेड़ एक साथ काट दिए गए, तो पक्षियों को अत्यधिक तनाव और परेशानी हो सकती है, जिससे उबरना उनके लिए मुश्किल हो सकता है। इसके बजाय धीरे-धीरे और व्यवस्थित तरीके से पेड़ों की कटाई तथा शाखाओं की छंटाई की जाए, ताकि पक्षियों को आसपास के दूसरे पेड़ों पर अपना ठिकाना बनाने का समय मिल सके।

28 से 30 अक्टूबर तक विधायकों को मिलेगी ई-विधान की ट्रेनिंग

शीतकालीन सत्र से पेपरलेस होगी मध्यप्रदेश विधानसभा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा में आगामी दिसंबर में होने वाले शीतकालीन सत्र से विधायी कामकाज को पेपरलेस बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। डिजीटल इंडिया कार्यक्रम के तहत नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) लागू किया जा रहा है।

इसके लिए विधानसभा सचिवालय 28 से 30 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी 230 विधायकों को प्रशिक्षण देगा। विधायकों को 50-50 के बैच में बांटकर नई डिजिटल व्यवस्था की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद विधायक सदन से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए कागजों के बजाय डिजिटल माध्यम का इस्तेमाल कर सकेंगे। विधानसभा सचिवालय ने प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार कर ली है। विधायकों को कुल पांच बैचों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक बैच में करीब 50 विधायकों को शामिल किया जाएगा। एक दिन में दो अलग-अलग सत्र आयोजित किए जाएंगे। विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस प्रणाली का प्रशिक्षण पहले ही दिया जा चुका है। नेवा प्रणाली लागू होने के बाद विधायक विधानसभा में प्रश्न लगाने, ध्यानाकर्षण और स्थगन की सूचनाएं देने, संकल्प पत्र, याचिकाएं और गैर-सरकारी विधेयक पेश करने जैसे काम डिजिटल माध्यम से कर सकेंगे। एप्लिकेशन पर लॉगिन कर वे विधानसभा से संबंधित जरूरी जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।

सदन की कार्यसूची, प्रश्नों के उत्तर, विधेयक और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज टैबलेट या दूसरे डिजिटल उपकरणों पर उपलब्ध होंगे। इससे पुराने प्रश्नों और सदन की कार्यवाही से संबंधित दस्तावेजों को खोजना भी आसान होगा। डिजिटल व्यवस्था से विधायकों और विभागों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान में तेजी आने की उम्मीद है।

विभागीय अधिकारी भी सीखेंगे तकनीक

नेवा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केवल विधायकों को ही नहीं, बल्कि सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और मंत्रियों के कार्यालयों से जुड़े कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण में उन विभागीय नोडल अधिकारियों को शामिल किया जाएगा, जिनके पास विधानसभा से संबंधित कामकाज की जिम्मेदारी है। मंत्रियों के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) और निजी सहायकों को भी नई प्रणाली की जानकारी दी जाएगी। इससे विधानसभा में पूछे जाने वाले सवालों के जवाब तैयार करने, उन्हें समय पर भेजने और उनकी स्थिति पर नजर रखने में विभागों को सुविधा मिलेगी। डिजीटल माध्यम से सूचनाओं का प्रबंधन होने पर जवाब तैयार करने और संबंधित रिकॉर्ड खोजने में लगने वाला समय भी कम हो सकता है।

दिल्ली तक भाजपा की सरकार, फिर काम करने से कौन रोक रहा है?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम से लेकर प्रदेश और दिल्ली तक भाजपा की सरकार, वार्ड में भाजपा की पार्षद और फिर भी विकास कार्यों में बाधा आने का दावा! वार्ड क्रमांक 66 में पार्षद कंचन गिदवानी और कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष बंधन शुक्ला के बीच हुए विवाद के बाद अब राजनीति के साथ-साथ क्षेत्र की समस्याएं भी चर्चा में हैं। लालबाग लाइन स्थित तेजस मंदिर पर जाली लगाने का मुद्दा इस पूरे घटनाक्रम के बीच एक बार फिर सामने आया है।

विवाद के बाद पार्षद कंचन गिदवानी ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि जब वे क्षेत्र में काम करने जाती हैं, तो उन्हें काम नहीं करने दिया जाता। पार्षद के इस बयान ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि क्षेत्र में काम करने में बाधा आ रही है, तो आखिर वह बाधा कौन पैदा कर रहा है? क्या स्थानीय स्तर पर राजनीतिक खींचतान विकास कार्यों पर भारी पड़ रही है, या इसके पीछे कोई दूसरा कारण है? पार्षद के बयान के बाद सबसे बड़ा राजनीतिक सवाल यही उठता है कि क्या क्षेत्र के कुछ नागरिक इतने प्रभावशाली हैं कि नगर निगम, प्रदेश और केंद्र में अपनी सरकार होने के बावजूद भाजपा की पार्षद अपने वार्ड में काम नहीं कर पा रही हैं? यदि पार्षद को वास्तव में काम करने से रोका जा रहा है, तो यह स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए कि बाधा कहां और किस स्तर पर आ रही है।

यातायात व्यवस्था में बदलावः आईएसबीटी पहुंचने के लिए बसें रिंग रोड का उपयोग नहीं कर सकेंगी

फ्लाईओवर निर्माणः अंतरराज्यीय बसों की नो एंट्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मूसाखेड़ी चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण के चलते तीन इमली से पिपल्याहाना के बीच यातायात व्यवस्था बदल दी गई है। निर्माण कार्य पूरा होने तक इस मार्ग पर सुबह 6 से रात 11 बजे के बीच अंतरराज्यीय बसें (ऑल इंडिया परमिट) नहीं चल सकेंगी।

यातायात का दबाव कम करने और दुर्घटनाओं की आशंका रोकने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा ने यह आदेश जारी किया है। प्रतिबंधित मार्ग के स्थान पर बसों के लिए वैकल्पिक रास्ता तय किया गया है। आदेश एक माह तक प्रभावशील रहेगा। प्रशासन के आदेश के अनुसार तीन ईमली चौराहे से मूसाखेड़ी होते हुए पिपल्याहाना चौराहे तक और पिपल्याहाना से मूसाखेड़ी होते हुए तीन इमली तक अंतरराज्यीय बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक इस आदेश के तहत प्रतिबंध लागू नहीं होगा। वहीं सिटी बसों और इंटरसिटी बसों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

मूसाखेड़ी चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण के कारण सड़क पर यातायात का संचालन प्रभावित होने की आशंका है। इस मार्ग से गुजरने वाली बड़ी बसों के कारण जाम की स्थिति बनने और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने यह कदम उठाया है। भारी वाहनों के दबाव को दूसरे मार्गों पर बांटने से निर्माण क्षेत्र में यातायात सुचारु रखने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में शहर में जगह-जगह ट्रैफिक जाम की परेशानी है।

लंबा चक्कर लगाकर पहुंचना होगा

राजस्थान जाने वाली अंतरराज्यीय बसों को तीन इमली चौराहा से बायपास होकर रेडिसन चौराहा होते हुए जाना होगा। अभी बसें बायपास से स्टार चौराहा तक ही जाती हैं। अब राजस्थान रूट पर जाने वाली बसों को रेडिसन चौराहा तक जाने की अनुमति मिलेगी। हालांकि यहां से बसें विजय नगर होकर पहुंचेंगी या देवास नाका होकर जाना होगा, इसको लेकर संशय है। हालांकि एक दिन पहले हुई बैठक में यातायात पुलिस ने विजय नगर होकर जाने की स्वीकृति दी है।

आईएसबीटी से चलेंगी बसें, लेकिन रिंग रोड का नहीं कर सकेंगी उपयोग

- लंबे इंतजार के बाद कुमेडी आइएसबीटी से बसों का संचालन 28 अक्टूबर से शुरू होगा। यहां से उज्जैन होकर राजस्थान, गुजरात और दिल्ली रूट पर जाने वाली अंतरराज्यीय बसों का संचालन होगा।
- आईएसबीटी पहुंचने के लिए यह बसें रिंग रोड का उपयोग नहीं कर सकेंगी। बसों को तीन इमली से बायपास होकर रेडिसन चौराहा होते हुए कुमेड़ी आईएसबीटी पहुंचना होगा। बस स्टैंड से सवारी बैठाने के बाद बसें अपने गंतव्य के लिए रवाना हो सकेंगी। कुमेड़ी आईएसबीटी से बसों के संचालन की सहमति बनने के बाद आरटीओ कार्यालय में बस संचालकों के साथ आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बैठक की। इसमें राजस्थान, गुजरात और दिल्ली रूट के बस संचालक मौजूद रहे।
- प्रशासन के आदेश के अनुसार तीन इमली चौराहे से मूसाखेड़ी होते हुए पिपल्याहाना चौराहे तक और पिपल्याहाना से मूसाखेड़ी होते हुए तीन इमली तक अंतरराज्यीय बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक इस आदेश के तहत प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

मध्यप्रदेश में रेट बढ़ाकर की जा रही खरीदी, निष्पक्ष जांच हो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

नगरीय निकायों में होने वाली खरीदी में गड़बड़ी को विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे द्वारा स्वीकार करने पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भ्रष्टाचार केवल एक विभाग नहीं बल्कि हर स्तर पर है। विधायक निधि के कामों में भी हमें अधिक राशि स्वीकृत करनी पड़ती है। अधिकारी रेट आफ शेडयूल बढ़ाकर खेल करते हैं।

जो पानी का टैंकर बाजार में 60 से 70 हजार रुपये में मिलता है, उसके लिए ढाई लाख रुपये स्वीकृत करने पड़ते हैं। उन्होंने भोपाल स्थित अपने आवास पर मीडिया से चर्चा में कहा कि विधानसभा में हम हर सत्र में भ्रष्टाचार के विषय उठाते हैं। अब इस पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव ने मुहर लगा दी है। सिंघार ने आरोप लगाया कि एक निकाय ने 60 लाख रुपये में 200 एलईडी बल्ब खरीदे। फिनाइल की खरीदी में भी गड़बड़ी है। जेम पोर्टल और सरकारी खरीदी में गड़बड़ी की बात कई बार सामने आ चुकी है। विधायक निधि से होने वाले कामों की दरें बाजार में उपलब्ध सामग्री से कहीं अधिक है। नलकूप खनन बाजार से कराएं तो सवा-डेढ़ लाख रुपये में हो जाता है लेकिन विधायक निधि से करवाने के लिए ढाई लाख देने होते हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पूरे मामले की जांच कराने के साथ रेड ऑफ शेड्यूल को कम कराने की मांग की। साथ ही निवेश के दावों को लेकर पूछा कि वास्तव में कितना निवेश जमीन पर उतरा और कितने युवाओं को रोजगार मिला। उन्होंने शहरों के मास्टर प्लान को लेकर हो रहे विरोध पर कहा कि इसे आमजन की राय लेकर बनाया जाना चाहिए। किसानों, व्यापारियों और सिविल सोसाइटी को अपनी बात रखने के लिए पर्याप्त समय देने के साथ खुले मंच पर चर्चा कराई जाए।

न्यूज कालम



नेपा लिमिटेड ने रेलवे स्टेशन परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

नेपानगर। भारत सरकार के विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत नेपा लिमिटेड द्वारा शनिवार को नेपानगर रेलवे स्टेशन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रैली के रूप में स्टेशन परिसर पहुंचकर साफ-सफाई की और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह ने यात्रियों से रेलवे स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे दैनिक जीवन की आदत बनाना आवश्यक है। सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है।स्वच्छता अभियान में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, उप प्रबंधक वाणिज्य सी.एन. वर्मा, राजेंद्र चौधरी, आभा महतो, अनिल कुमार अहीरे, मुकेश चौहान, युवराज मोदी, दीपक सिंह ठाकुर, नीलेश पाटिल, पवन पवार, गोविंदा महाजन, ए.पी. शुक्ला, सुरेश रघुवंशी, लक्ष्मी सेन, सुषमा गौर, पंकज गुर्जर सहित अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की।

शेखर राठौर का नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में चयन



जावरा । फ्यूचर विजन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, के कक्षा ७वीं के छात्र शेखर राठौर ने अपने विद्यालय और पूरे रतलाम जिले का नाम रोशन किया है। शेखर का चयन अंडर-14 नेशनल हैंडबॉल टूनार्मेंट के लिए हुआ है, जिसके लिए वे उमरिया रवाना हो चुके हैं। सबसे गौरव की बात यह है कि पूरे रतलाम जिले से अंडर-14 वर्ग में चुने जाने वाले राठौर एकमात्र छात्र-खिलाड़ी हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि से स्कूल परिवार, शिक्षकों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। फ्यूचर विजन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल को संचालित करने वाली भाग्यश्री शिक्षण समिति, के अध्यक्ष मनीष जाजोदिया, सचिव दीपक परमार, एवं विद्यालय के शिक्षक नरेन्द्र सनोठिया, नाजिमा हुसैन, संतोष कुंवर सिसौदिया, सलीम खान सहित सभी शिक्षकों ने शेखर की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।समिति पदाधिकारियों और सभी शिक्षकों ने राठौर की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. यत्न जैन के स्थानांतरण पर कांग्रेस का चक्काजाम, 1 घंटे तक थमे वाहनों के पहिए



टांडा (धार)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा में पदस्थ डॉ. यत्न जैन के मूल पदस्थापना स्थल रिंगनोद भेजे जाने के बाद क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है। शनिवार को डॉ. जैन को पुनः टांडा में पदस्थ करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने अस्पताल के सामने राजगढ़-कुक्षी मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन के कारण मार्ग के दोनों ओर बसों सहित छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चक्काजाम के दौरान सरदारपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे भाजपा के प्रदेश महामंत्री, धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता भी जाम में फंस गए। बाद में उन्हें ग्रामीण मार्ग से सरदारपुर के लिए रवाना होना पड़ा। जाम में फंसे वाहनों में सवार महिलाओं और बच्चों को भी काफी परेशानी हुई। सूचना मिलने पर टांडा थाना प्रभारी बलदेव मुजाल्दा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी डॉ. जैन की पुनः पदस्थापना की मांग पर अड़े रहे। बाद में पुलिस ने लोगों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया। प्रदर्शन के दौरान बीएमओ डॉ. नितिन श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे। जिला पंचायत सदस्य मुकाम सिंह अलावा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पवन ठाकुर, बंटू भाबर सहित अन्य लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि टांडा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदिवासी बाहुल्य एवं दूरस्थ क्षेत्र की बड़ी आबादी के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। आसपास के अनेक गांवों के गरीब और आदिवासी परिवार उपचार के लिए इसी अस्पताल पर निर्भर हैं। ऐसे में पहले से डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. यत्न जैन को हटाए जाने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने किया मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण



खंडवा । मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत विकासखंड पुनासा में आयोजित शिविर के उपरांत कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने कृषि विभाग अंतर्गत संचालित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में एकत्रित मृदा नमूनों तथा सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मिट्टी नमूना एकत्रीकरण की प्रक्रिया, नमूना परीक्षण की विधि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड में अनुशंसित उर्वरक मात्रा के बारे में कृषि अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर जानकारी ली।कलेक्टर श्री गुप्ता ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को मिट्टी परीक्षण के आधार पर ही खाद व उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी जाए, ताकि मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और उत्पादन में वृद्धि हो। साथ ही सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री ऐश्वर्य वर्मा, उप संचालक कृषि श्री सी.एल.केवड़ा, सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी श्रीमती कविता गवली, सहायक संचालक श्री दीपक मण्डलोई एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

शासकीय संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर एवं एसपी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत भवनों का किया अवलोकन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, शासकीय संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्टर विवेक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने नेपानगर क्षेत्र में भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान नगर परिषद नेपानगर कार्यालय के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया गया। इसी कड़ी में कलेक्टर विवेक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेपानगर में स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय सहित विद्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, विद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषयों तथा शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पुस्तकालय में अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर उनकी पढ़ाई का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर विवेक कुमार ने विद्यालय स्टाफ से पढ़ाए जाने वाले विषयों, खेलकूद गतिविधियों, खेल सामग्री तथा काउंसलिंग के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए भी बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए। उन्होंने विद्यालय में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने की बात भी कही। इसके बाद कलेक्टर विवेक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबाड़ा का भी जायजा लिया।

कलेक्टर विवेक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेपानगर का निरीक्षण कर नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, एनआरसी, जनरल वार्ड सहित विभिन्न कक्षों का बारीकी से अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर विवेक कुमार ने ग्राम पंचायत भवन अंबाड़ा तथा डवालीखुर्द का अवलोकन किया। उन्होंने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

संबंधित कर्मचारियों से पंजीयन की प्रक्रिया, अब तक हुई प्रगति के संबंध में चर्चा की। उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यों का निष्पादन करने एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर विवेक कुमार ग्राम पंचायत टिटगांव पहुंचे। उन्होंने पंजीयन कार्य कर रहे पटवारी से कार्य की प्रगति के संबंध में चर्चा की एवं पंजीयन कार्यों में तेजी लाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं एडीएम सृजन वर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आमजन को योजनाओं की जानकारी दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शासन और आमजन के बीच विश्वास, पारदर्शिता एवं बेहतर संवाद को सशक्त बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। यह अभियान सुशासन की अवधारणा को मजबूत करते हुए शासन की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने तथा प्रशासन के प्रति नागरिकों का विश्वास बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर पालिका नेपानगर में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शिविर तथा क्षेत्र भ्रमण आयोजित किया गया। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटिल, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर विवेक कुमार, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

शिविर में अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी, कृषि, राजस्व, खाद्य, शिक्षा, सहित अन्य विभागों द्वारा नागरिकों को शासन की योजनाओं से अवगत कराया गया।

शिविर का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर आवश्यक जानकारी और सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी संवाद स्थापित करना रहा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटिल ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शासन और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करने की महत्वपूर्ण कड़ी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश शासन द्वारा हितग्राहियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



एनएफआर ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर 'द टर्मिनल' का उदघाटन किया

डाइनिंग, शॉपिंग और मनोरंजन की सुविधाएँ एक ही जगह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने 23 अक्टूबर को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर 'द टर्मिनल' का उद्घाटन कर यात्री सुविधाओं में एक नया आयाम जोड़ा है। इस स्थान को विशेष रूप से खान-पान, खरीदारी और मनोरंजन के लिए तैयार किया गया है। एनएफआरके महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव ने एनएफआरके प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक श्री नीरज सहाय और लामडिंग के मंडल रेल प्रबंधक श्री समीर लोहानी की उपस्थिति में इस सुविधा का उद्घाटन किया। पानबाजार के स्टेशन रोड स्थित पुराने यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) भवन वाले क्षेत्र पर स्थित यह केंद्र यात्रियों, उनके परिवारों और आगंतुकों को खान-पान और आराम के लिए एक सुविधाजनक स्थान प्रदान करता है।

लामडिंग मंडल द्वारा न्यू इनोवेटिव नॉन-फेयर रेवेन्यू आइडियाज स्कीम (एनआईएन एफआर आईएस) के तहत विकसित इस परियोजना ने रेलवे की अनुपयोगीपरिसंपत्ति को एक आकर्षक व्यावसायिक और मनोरंजन केंद्र में बदल दिया है। 27,381 वर्गफुट में फैली इस सुविधा को 2.27 करोड़ रुपये के पांच साल के अनुबंध पर फ्यूजन एज सॉल्यूशनको सौंपा गया है। इस पहल से न केवल यात्री सुविधाओं में सुधार होने की उम्मीद है, बल्कि रेलवे की परि संपत्तियों का बेहतर उपयोगऔर टिकट बिक्री के अलावा अन्य स्रोतों से राजस्व से भी प्राप्त होगा। 'द टर्मिनल' में कई चीजें एक स्थान परउपलब्ध हैं। खान-पान के लिए एक ऐसा क्षेत्र जहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के 'क्विक-सर्विस' रेस्टोरेंट ब्रांड मौजूद हैं।



योगासन इंटरस्कूल चैंपियनशिप का सफल आयोजन

मंडलेश्वर। नर्मदा सहोदया स्कूल्स क्लस्टर, खरगोन (ह्रस्स्ट्य) के अंतर्गत इंटरस्कूल योगासन चैंपियनशिप का सफल आयोजन सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर में किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी योगासन प्रतिभा और शारीरिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में लायन कॉन्वेंट, सेंधवा; श्री गुरुकुल स्कूल, कसरावद; निमाड़ कैम्ब्रिज पब्लिक हाई स्कूल, धामनोद; पैरामाउंट एकेडमी, कसरावद; विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल, सेंधवा; आदर्श एकेडमी, धामनोद; वेंकटेश पब्लिक स्कूल, कसरावद; एजुकेशन पार्क, भीकनगांव तथा श्री कंवरतारा पब्लिक हाई स्कूल, मंडलेश्वर सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।प्रतियोगिता का आयोजन अंडर-14 बालक, अंडर-14 बालिका, अंडर-19 बालक एवं अंडर-19 बालिका वर्गों में किया गया। प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनुशासन, एकाग्रता, संतुलन एवं योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट योगासन का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गोपाल पाटीदार एवं उप-प्राचार्य श्री संजय वर्मा द्वारा प्रमाण-पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

खंडवा में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ नवदुर्गा उत्सव और विजया दशमी पर्व

खंडवा। खंडवा पुलिस की सतर्कता, मुस्तैदी और समन्वित प्रयासों से नवदुर्गा उत्सव एवं विजयादशमी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिले में प्रतिमा स्थापना से लेकर गरबा आयोजनों और विसर्जन तक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिमा स्थापना स्थलों, गरबा पंडालों, विसर्जन स्थलों और पहुंच मार्गों का लगातार निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निर्धारित विसर्जन स्थलों पर जिले की 1148 प्रतिमाओं तथा सीमावर्ती जिलों की 144 प्रतिमाओं सहित कुल 1292 प्रतिमाओं का बिना किसी दुर्घटना के विसर्जन कराया गया। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राम कोटवारों के समन्वित प्रयासों से त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रही।



पेंशनर एसोसिएशन की दशहरा मिलन बैठक में दीपावली बाद पेंशनर डे मनाने का निर्णय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश की सनावद इकाई की दशहरा मिलन बैठक शीतलता माता परिसर में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनरों की सहभागिता, संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी वार्षिक कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने की। कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर और सचिव सुरेश अत्रे सहित धन्नालाल चौधरी, कृष्णराव पगारे, बैजनाथ सोहनी, लखनलाल पगारे, विजय कुमरावत, संतोष सेन, संतोष अत्रे, अनोकचंद बिरला, निर्मल जोशी, अशोक मिश्रा, बाबूलाल चौधरी, बलिराम पटेल, रामचंद्र पगारे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर, सचिव सुरेश अत्रे, कृष्णराव पगारे, लखनलाल पगारे और बैजनाथ सोहनी सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार रखे। सर्वसम्मति से दीपावली के बाद पेंशनर डे का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की तैयारियों के लिए सभी पेंशनर साथियों से संपर्क कर प्रति सदस्य 500 रुपये सहयोग राशि लेने पर भी सहमति बनी। बैठक के बाद उपस्थित सदस्यों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। अंत में विजय कुमरावत ने आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में शिकायतों का निराकरण किया

रतलाम । शासन निर्देशानुसार जनविश्वास कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण, जनसमस्याओं के प्रभावी निराकरण एवं शासकीय सेवाओं की गुणव×ाा सुनिश्चित किये जाने हेतु 14 अगस्त से 29 जनवरी 2027 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किये जाने वाले शिविरों के तहत 23 अक्टूबर शुक्रवार को अमृत सागर उद्यान परिसर में आयोजित शिविर में नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतों का निराकरण किया गया। शिविर में कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 12 पी एम स्वनिधि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए, 5 पेंशन के स्वीकृति पत्र,1 पेंशन 5 साल से बंद थी जिसे तत्काल शुरू करवाया, 3 सी एम हेल्पलाइन शिकायत का निराकरण कर शिकायत को बंद करवाया गया, 3 शिकायत स्वास्थ्य विभाग(साफ सफाई) से संबंधित जिनका तत्काल निराकरण किया गया।

जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद्,जिला बड़वानी द्वारा गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026 को वाल्मीकि कल्याण आश्रम, भीलखेड़ा रोड, बड़वानी में नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रत्येक विकासखंड से पांच-पांच नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जन अभियान परिषद् की जिला समन्वयक सुश्री ज्योति वर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में विगत तीन माह के दौरान नवांकुर संस्थाओं द्वारा अपने-अपने प्रस्फुटन ग्रामों में किए गए सामाजिक एवं विकासात्मक कार्यों की गतिविधिवार समीक्षा की गई। इस दौरान संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

जिला समन्वयक सुश्री ज्योति वर्मा ने आगामी तीन माह में किए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना पर विस्तार से जानकारी देते हुए सभी नवांकुर संस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा में गतिविधियां पूर्ण करने तथा ग्राम विकास से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में जन अभियान परिषद् के शासी निकाय सदस्य श्री विनोद मोहने, इंदौर तथा इंदौर संभाग समन्वयक श्री अमित शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री विनोद मोहने ने नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए प्रस्फुटन समितियों की नियमित बैठकें, नवांकुर सखी योजना, पौधरोपण, आदर्श ग्राम एवं रोपणी सहित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि नवांकुर संस्थाएं ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने तथा समाजहित के कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। मातृशक्ति को इन गतिविधियों से जोड़कर नशामुक्त ग्राम एवं विवादमुक्त ग्राम की परिकल्पना को साकार करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं। उन्होंने ग्राम स्तर पर सामाजिक समरसता, सहभागिता और जनजागरूकता को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।

बैठक के दौरान विकासखंड समन्वयक, ठीकरी श्री संजय सोलंकी द्वारा नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर जन अभियान परिषद् के विकासखंड समन्वयक श्री रूपेश शर्मा, श्री संजय सोलंकी, श्री कमल बामनिया, श्री दारासिंह चौहान, श्री आपसिंग चौहान सहित जिले की विभिन्न नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक गतिविधियों के विस्तार तथा ग्रामीण विकास में जनभागीदारी बढ़ाने पर बल दिया गया।

थाना पाटी पुलिस ने चार वर्ष से फरार स्थाई वारंटी का वारंट तामील किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पाटी/बड़वानी

पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी बड़वानी श्री रोहित अलावा के मार्गदर्शन में फरार स्थाई वारंटियों की तामील हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पाटी पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई।

दिनांक 17.10.2022 को फरियादी जाडिया बारेला, निवासी ग्राम मोरानी की रिपोर्ट पर आरोपी निलेश पिता भावसिंग बारेला, निवासी छोटा मलगांव, थाना खेतिया के विरुद्ध थाना पाटी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। अनुसंधान पूर्ण होने के बाद अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्यायालय बड़वानी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय द्वारा आरोपी को पेशी पर उपस्थित होने हेतु कई बार तलब किया गया, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। आरोपी के चार वर्षों तक फरार रहने के कारण माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, न्यायालय बड़वानी द्वारा उसके विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया, जो तामील हेतु थाना पाटी प्राप्त हुआ।

थाना प्रभारी पाटी उनि रामदास यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24 अक्टूबर को आरोपी निलेश पिता भावसिंग बारेला का स्थाई वारंट तामील किया गया। उक्त कार्रवाई में उनि रामदास यादव, थाना प्रभारी पाटी; प्रआर 184 संजय भोंसले एवं आर 506 विश्राम नोरके की सराहनीय भूमिका रही।

शरद पूर्णिमा पर संत सिंगाजी धाम की पदयात्रा का स्वागत



सनावद। शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर गणेश मंदिर सनावद से संत सिंगाजी धाम तक समाजजनों के सुख, समृद्धि और लोककल्याण की भावना से पदयात्रा की जा रही है। पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का सामाजिक बंधुओं ने स्वागत-सत्कार कर यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और सद्गुरुदेव संत सिंगाजी महाराज से मंगलमय यात्रा की प्रार्थना की। अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष एवं सनावद इकाई के पूर्व अध्यक्ष अनिल गीते, पूर्व सचिव अखिलेश जोशी तथा बड़वाह के अरुण शर्मा द्वारा की जा रही इस पदयात्रा के अवसर पर सनावद इकाई के पूर्व अध्यक्ष राकेश गीते, पूर्व प्रवक्ता नवीन अत्रे, मंगलेश महोदय, राजेश महोदय, विजय खेड़े, आदित्य जोशी एवं राशि गीते उपस्थित रहे।

मेले को सफल बनाने वालों का होगा सम्मान

रतलाम । शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल श्री कालिका माता मंदिर मेला परिसर में नगर निगम द्वारा दस दिवसीय श्री कालिका माता नवरात्री मेले को सफल बनाने वाले निगम अधिकारी, कर्मचारी व ठेकेदारों का सम्मान किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे
ई–निविदा सूचना सं. 0726

कार्य का विवरण	मुंबई उपनगर और विभिन्न स्टेशनों पर विभिन्न आपूर्ति, मरम्मत और रखरखाव कार्य।
अनुमानित लागत (₹):	₹45.78 लाख
बयाना राशि (ई.एम.डी.) (₹):	₹91,600/-
कार्य पूरा करने की अवधि:	06 महीने
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 18.11.2026, 15:00 बजे	
निविदा दस्तावेज़ और विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in और www.wr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध हैं।	

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे
Facebook: @WesternRly | Twitter: @WesternRly

न्यूज -कॉलम

देवास पुलिस की हिरासत में उज्जैन के 5 युवक

उज्जैन। देवास कोतवाली थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी की संगठित गैंग को गिरफ्तार किया है। जिसमें 5 आरोपी उज्जैन और 2 देवास के रहने वाले है। 7 बदमाशों के साथ 2 नाबालिग भी हिरासत में आये है, जिसमें एक नाबालिग उज्जैन और दूसरा गुना का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार पिछले दिनों माताजी का चल समारोह निकला था, उस दौरान कई श्रद्धालुओं की जेब से भी? का फायदा उठाकर बदमाशों ने मोबाइल चोरी कर लिये थे। बदमाशों का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये थे, जिसके आधार संगठित गैंग का पक?ा गया। गैंग में शामिल निखिल पिता विक्की सोलंकी और निलेश पिता संजू सोलंकी देवास के रहने वाले है। वहीं राज पिता जया सोलंकी, जयसूर्या पिता सोहन पंवार, भगत पिता मंगल सोलंकी, युवराज पिता भूरिया सोलंकी, नीलछाम पिता राजू सोलंकी शामिल है। 2 नाबालिग भी गैंग के सदस्य है। सभी पारदी समुदाय के है। गैंग से 1.60 लाख कीमत के 6 मोबाइल बरामद किये गये है। जिनकी शिकायत चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा लिखित में दर्ज कराई गई थी।

छुपाकर रखे थे अवैध तरीके से पटाखे

उज्जैन। दीपावली से पहले पुलिस द्वारा अवैध और ज्वनशील पटाखों की धरपकड का अभियान शुरू कर दिया गया है। शुक्रवार रात माधवनगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि मंगल कालोनी में एक मकान के पास झोपडी में अवैध तरीके से पटाखे छुपाकर रखे है। एसआई एमएस अलावा ने टीम के साथ दबिश मारी, मौके से करीब 20 हजार कीमत के पटाखे बरामद हो गये। मामले में पटाखे एकत्रित कर रखने वाले दिनेश चौहान निवासी रामीनगर को हिरासत में लिया गया। जिसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। विदित हो कि कुछ दिन पहले बडनगर थाना पुलिस ने कस्बे की घी गली में हुसैन बेग पर दबिश देकर वहां रखे पटाखों का जखीरा जप्त किया था और दुकान संचालक के खिलाफ के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था।

राघवी के युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत



उज्जैन। राघवी के ग्राम डोंगला खेडा खजूरिया में रहने वाले लोकेन्द्र पुरी पिता मुकेशपुरी गोस्वामी 20 साल ने शनिवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगडने पर परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये। निजी अस्पताल में कुछ घंटे चले उपचार के बाद दोपहर में युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। परिजन जहरीला पदार्थ खाने का कारण स्पष्ट नहीं कर पाये। माधवनगर पुलिस के अनुसार मामले की जांच के लिये मर्ग डायरी राघवी थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

खंदार मोहल्ला में मकान की छत से गिरा युवक

उज्जैन। मिस्त्री का काम करने वाला शेर खान पिता रईस खान 35 साल शनिवार को परिचित के मकान पर रिपेरिंग का काम करने खंदार मोहल्ला पहुंचा था। दूसरी मंजिल पर काम करते समय अचानक संतुलन बिगडने पर नीचे आ गिरा। गंभीर घायल होने पर तत्काल चरक अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के लिये भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि शेर खान के पैरो में फैक्चर हुआ है। छत से गिरने पर घायल युवक की सूचना अस्पताल ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा पुलिस को दी गई है। घायल के बयान दर्ज पुलिस द्वारा जांच की जायेगी।

ट्रक-बाइक के बीच दुर्घटना में एक युवक की मौत

उज्जैन। बडनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बंगरेड में तेजगति से दौडते ट्रक ने बाइक सवार 2 युवको को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक सूरज पिता रामलाल परमार 20 साल निवासी ग्राम भिडावद की मौके पर मौत हो गई। उसका साथी रेहान पिता फारूख खान 19 साल निवासी ग्राम बिगरोदा नाथु घायल हुआ है। एएसआई नारायणसिंह वास्कले ने बताया कि मामले में ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

दिन मेन बाजार कल्याण नाइट	289-9	146-
मिलन डे	780-5	588-1
मिलन नाइट	459-8	
मधुर डे	700-1	335-1
मधुर नाइट	389-0	156-2
शुभांक	1 4	5

कार्बाइड गन की ब्रिकी-उपयोग पर रोक के निर्देश.....

दीपावली से पहले लायसेंस और अग्नि सुरक्षा की पड़ताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





दीपावली से पहले आगजनी और विस्फोट जैसी घटनाओं को लेकर पुलिस अलर्ट हो गई है। शनिवार को अभियान चलाया गया और पूरे शहर में पटाखा दुकानों की जांच की गई। कार्बाइड गन की ब्रिकी और उपयोग पर पूरी तरह से रोक लगाने के निर्देश दिये गये है।

8 नवम्बर को दीपावाली का पर्व मनाया जायेगा। इससे पहले सुरक्षा को लेकर उज्जैन पुलिस अलर्ट हो चुकी है। एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर शहर की थाना पुलिस ने मैदान संभाला और अपने क्षेत्र की पटाखा दुकानों की जांच शुरू की। इस दौरान दुकानदारों को वैध लाइसेंस, सुरक्षित भंडारण, अग्निशमन उपकरण और विस्फोटक संबंधी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प जैसे खतरनाक उपकरणों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और उपयोग पर लागू प्रतिबंधों का पालन करने की हिदायत दी। दुकानदारों को स्पष्ट किया कि पटाखों की बिक्री और भंडारण निर्धारित नियमों, आवश्यक अनुमति के अनुसार ही किया जाए। स्वीकृत स्थान पर ही दुकान संचालित करने, तय क्षमता से अधिक पटाखे जमा नहीं करने और दुकान में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखने की समझाइश दी गई।

कार्बाइड गन से जानलेवा हादसे का खतरा

पुलिस ने कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प के खतरों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। कैल्शियम कार्बाइड की पानी से प्रतिक्रिया होने पर एसिटिलीन गैस बनती है, जो अत्यधिक ज्वलनशील होती है। गैस के जमा होने और आग या चिंगारी के संपर्क में आने पर विस्फोट हो सकता है। इससे आंखों की रोशनी प्रभावित होने, गंभीर चोट, जलने और आसपास मौजूद लोगों के घायल होने का खतरा रहता है। पुलिस ने नागरिकों, विशेषकर बच्चों को ऐसे उपकरणों से दूर रखने की अपील की है।

निरस्त होगा लाइसेंस

पुलिस ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि बिना अनुमति पटाखों की बिक्री, अवैध भंडारण और लागू प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी। परिस्थितियों के अनुसार विस्फोटक सामग्री जब्त करने और लाइसेंस निलंबित या निरस्त करने की कार्रवाई भी हो सकती है। नागरिकों और व्यापारियों से दीपावली का पर्व सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है। लोगों से अधिकृत दुकानों से ही पटाखे खरीदने, सुरक्षा नियमों का पालन करने और अवैध बिक्री या असुरक्षित भंडारण की सूचना संबंधित पुलिस को देने को कहा गया है।

आरक्षक से की मारपीट, चालक के फाडे कपड़े

नशे में हंगामा करने वाले 3 गिरफ्तार, 4 की तलाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नशे में शुक्रवार-शनिवार रात हंगामा करने वाले युवकों को रोकने पहुंची पहुंची तो उन्होने आरक्षक से मारपीट की और चालक के कप? फाड दिये। घटनाक्रम के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और 3 को गिरफ्तार किया। 4 भाग निकले थे, जिनकी तलाश की जा रही है।

नीलगंगा थाना पुलिस की अलग-अगल टीम रात में 11 बजे शेडो एरिया चैकिंग पर निकली थी। डायल 112 में पुलिसकर्मी क्षेत्र में भ्रमण कर बाजार बंद कराने के साथ एकत्रित लोगों को घर लौटने की हिदायत दे रहे थे। एक टीम सांवराखेडी मार्ग पर पहुंची थी, जहां बीच रास्ते में कुछ युवक हंगामा कर रहे थे, डायल 112 में सवार आरक्षक विक्रमसिंह चौहान और चालक लोकेन्द्र उनके पास पहुंचे तो 6 से 7 युवक नशे की हालत में होना सामने आये। उन्हे घर लौटने के लिये कहा गया, युवकों ने आरक्षक से अभद्रता शुरू कर दी। चालक ने युवकों को रोकने का प्रयास किया तो उसका शर्ट फाड दिया। युवको द्वारा हंगामा करने की सूचना चीता पार्टी और अन्य टीम को दी गई। दूसरी डायल 112 मौके पर पहुंची जिसमें आरक्षक प्रशांत और चालक शामिल था।

उन्होने युवको को रोकने का प्रयास किया तो आरक्षक प्रशांत से मारपीट कर दी गई। युवक काबू से बाहर हो गये थे। तभी पुलिस की दूसरी टीमें भी मौके पर पहुंच गई। युवक पुलिस फोर्स देख भागने लगे। पीछा कर तीन को पकड़ लिया गया। जिनके नाम अंकित चौहान, विकास लोधी और यश परमार सामने आये। सभी इंदौर-नागदा बायपास स्थित तिरूपति गोल्ड कालोनी के थे। उनके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया गया। तीनों को थाने की लॉकअप में डाला गया तो उनका नशा उतर गया। पूछताछ कर उनके भागे साथियों की जानकारी ली गई, लेकिन वह गिरफ्त में नहीं आ सके। हिरासत में आये तीनों युवकों को शनिवार दोपहर कानून का पालन नहीं करने पर डंडे का खौफ दिखाया गया और उठक-बैठक लगवाई गई। तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। इधर 2 दिन पहले नीलगंगा थाना क्षेत्र में 3 युवकों से हफ्ता वसूली करने और मारपीट के मामले में फरार 2 आरोपी हर्ष दुबे और रमन मालवीय को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया, जिनका जुलूस निकाला गया और न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

चौडीकरण के बावजूद बाजारों के हाल बूरे, वाहनों का जाम आम हुआ.....

सतीगेट मार्ग पर चौडीकरण के बाद भी नहीं बदले हाल

व्यवसायियों का कहना त्यौहार के दौर में खरीददारों के वाहनों को लेकर हो रही परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 28 को देखते हुए शहर के कई मार्गों का चौडीकरण किया जा रहा है,कुछ का कर दिया गया है और कुछ आधी स्थिति में हैं। ऐसे में जिन मार्गों का चौडीकरण किया गया है वहां की व्यवस्था में स्थानीय व्यवसायियों को बदलाव अपेक्षित था लेकिन ऐसा नहीं होने से व्यवसायी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इन्ही में शामिल सतीगेट मार्ग की स्थिति भी कुछ ऐसी ही उभरकर सामने आ रही है।

वैसे तो कोयला फाटक से गोपाल मंदिर तक यह मार्ग चौडा किया गया है। चौडीकरण के उपरांत यह मार्ग कंठाल से गोपाल मंदिर तक 15 मीटर किया जाना है। अब तक मार्ग कंठाल से छत्रीचौक तक चौडा किया गया है। इससे क्षेत्र में बदलाव अपेक्षित किया जा रहा है लेकिन अब भी पूर्ववत हालातों में ही मार्ग का संचालन जारी है।

अब भी बीच में वाहनों की कतार-कंठाल से सतीगेट मार्ग पर त्यौहार के दौर में चौडीकरण से पूर्व जैसे ही हालात अब भी देखे जा रहे हैं। पूर्व में भी यहां बीच सडक दो पहिया वाहनों को खडा कर दिया जाता था और अब भी यही स्थिति बनी हुई है। प्रवेश एवं निर्गम की स्थिति में यहां मार्ग पर दोनों और से आवागमन और बीच में चौराहा की स्थिति में आवागमन पूरी तरह से बाधित रहता है। यही स्थिति छत्री चौक के मुहाने पर भी बनती है। दोनों और आवागमन में बाधा की स्थिति कायम है। दिन भर यहां दो पहिया वाहनों के साथ ई-रिक्शा उलझे रहते हैं। अधूरे निर्माण के कारण से कई सारी समस्याएं हैं तो सडक के बीच में दुकानों का लगना भी समस्या को बढा रहा है।

दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित-अभी त्यौहार की आहट के समय ही चौडीकरण किए गए इस मार्ग पर हाल बूरे हैं। ऐसे में त्यौहार के मूल अवसरों को लेकर व्यवसायी आशंकित हैं कि यही स्थिति आगे भी कायम रही तो पूर्व में चौडीकरण के दौरान भी उनका व्यवसाय प्रभावित रहा है और अब फिर से उन्हें नुकसान उठाना पड सकता है। चौडीकरण के बाद भी अव्यवस्थित यातायात, अधूरा निर्माण इसमें बाधा है। व्यवसायियों का कहना है कि उन्होंने अपने हिस्से की जमीन देकर चौडीकरण में सहयोग किया इसके बाद भी हालात नहीं बदले हैं तो इससे उन्हें आघात पहुंच रहा है वो मानसिक एवं आर्थिक दोनों तरह से हैं।

दुर्घटना एक युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



विजियागंज मंडी में शनिवार रात 9: 30 बजे तक हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई दूसरा गंभीर घायल हुआ है। दोनों की पहचान उज्जैन निवासी के रूप में हुई है।

रात 10 बजे के लगभग एक युवक को मृत अवस्था में पुलिस की एफआरवी चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी जिसकी मौत हो चुकी थी दूसरे युवक को एंबुलेंस अस्पताल लेकर आई। बताया गया कि विजियागंज मंडी स्थित साबू खेड़ी में पेट्रोल पंप के सामने हुई दुर्घटना में एक की मौत हुई है दूसरा घायल हुआ है। घायल से पूछताछ में उसका नाम सुजल पिता सुरेश 21 साल निवासी भेरूगढ़ होना सामने आया। मृतक का नाम विजय पिता नंदकिशोर राठौर 34 साल निवासी उर्दूपुरा था। घायल की हालत गंभीर होने पर उसे भर्ती किया गया वहीं मृतक की बॉडी को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया। दोनों के नाम और पति सामने आने के बाद मामले की सूचना परिजनों को दी गई। अस्पताल स्टाफ द्वारा घटनाक्रम से कोतवाली थाना पुलिस को अवगत कराया गया पुलिस ने मृतक के मामले में मर्ग कायम किया है कहा जा रहा था कि परिजनों से पूछताछ के बाद ही दोनों के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पाई थी रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा और घायल के बयान दर्ज किए जाएंगे।

विष्णु वाटिका के पास युवक से बदमाशों ने की मारपीट

उज्जैन। भैरूनाला क्षेत्र में रहने वाले समीर पिता मुस्ताक मोहम्मद 23 साल को घायल हालत में चरक अस्पताल लाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। घायल समीर ने बताया कि वह वेल्डिंग का काम करता है। रात में काम से वापस घर लौट रहा था।

उसी दौरान विष्णु वाटिका के पास दूध लेने के लिये रूका। उसी दौरान 2 बदमाश युवक आये और गाली-गलौच करते हुये मारपीट की गई। घायल का कहना था कि उनके पास तलवार थी। मारपीट करने वालों को पहचानता नहीं है। उसका किसी से विवाद भी नहीं है। घायल की सूचना अस्पताल स्टॉफ की ओर से पुलिस को दी गई है।

हफ्ता वसूली का प्रयास करने वाला बदमाश गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शहर में हफ्ता वसूली करने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस सख्त दिखाई दे रही है। शुक्रवार-शनिवार रात 12 बजे जूना सोमवारिया में हफ्ता वसूली करने वाले आदतन बदमाश को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके खिलाफ पूर्व में 12 प्रकरण दर्ज है।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के जूना सोमवारिया में बजरंग बली मंदिर के पास रात में प्रदीप पिता प्रेमचंद्र मालवीय के साथ ग्राम गौंसा भैरवगढ़ के रहने वाले बदमाश सागर पिता गणेश परमार ने हफ्ता वसूली का प्रयास किया था। इस दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ था, बदमाश को सिर में चोंट लगी थी, लेकिन वह भाग निकला था। विवाद की सूचना पर पुलिस जूना सोमवारिया पहुंची थी। प्रदीप ने हफ्ता वसूली की शिकायत की। पुलिस ने मामले में सागर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और तलाश शुरू की, उसे रात में गिरफ्तार कर लिया गया। चोंट लगने पर उसका प्राथमिक उपचार कराया गया।

वहीं मामले में उसकी शिकायत पर प्रदीप के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया। सागर हफ्ता वसूली का आदतन बदमाश है, वह पूर्व में जूना सोमवारिया क्षेत्र का रहने वाला था, लेकिन उसके बढ़ते अपराध को देखते हुये परिवार भैरवगढ़ ग्राम गौंसा रहने चला गया था। पुलिस ने आदतन बदमाश के गिरफ्त में आने पर उससे रात में की गई घटना की तस्दीक जूना सोमवारिया ले जाकर कराई। इस दौरान उसका क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि बदमाश के खिलाफ 12 प्रकरण दर्ज है, वह 7 प्रकरणों में न्यायालय से मिली जमानत के बाद फरार चल रहा था। उसके खिलाफ 4 स्थाई और 3 गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुके थे।

हिरासत में प्राणघातक हमला करने वाले पिता-पुत्र

उज्जैन। पडोसी पर प्राणघातक हमला करने के मामले में फरार चल रहे 2 भाईयों को पिता के साथ पुलिस ने शनिवार को हिरासत में ले लिया। तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। पंवासा थाना क्षेत्र के ताजपुर के मुल्तानीपुरा में पडोसियों के बीच पानी के चेंबर को लेकर हुए विवाद का मामला मारपीट में बदल गया था। एक पक्ष से दूसरे पर लोहे की रॉड, डंडे से प्राणघातक हमला कर दिया था। जिसमें शाबिर हुसैन गंभीर घायल हो गया था। मामले में प्रकरण दर्ज कर हमला करने वाले रेहान उर्फ बिट्टू, पिता रईस खां 25 वर्ष उसके भाई फरहान उर्फ चिकू 24 वर्ष और पिता रईस पिता छोटे खां 50 वर्ष की तलाश शुरू की गई थी। एक माह बाद तीनों को ताजपुर से गिरफ्तार किया गया। जिनसे पूछताछ के बाद हमले में प्रयुक्त लोहे की रॉड, डंडे और अन्य हथियार मक्सी रोड स्थित ओम पाटीदार के वेयरहाउस के पास खेत के कच्चे रास्ते पर झाडियों से बरामद किये गये। तीनों को शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है।

मकान किराये से देना है
शहर की पॉश कॉलोनी
आज़ाद नगर 1
हाल 2 कमरे, किचन, स्टोर रूम
किराये से देना है
संपर्क | 8319023209
8989404428

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- हरीश आठिया पिता स्व. श्री रामचन्द्र आठिया, 2- श्रीमती सुषमा आठिया पति श्री हरीश आठिया निवासीगण 168-ए सेक्टर, तिरूपति सॉलिटेयर, न्यू सेंटपॉल स्कूल के सामने, उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भाग भवन क्रमांक 168-ए सेक्टर, तिरूपति सॉलिटेयर, न्यू सेंटपॉल स्कूल के सामने, उज्जैन में स्थित है, जो दो मंजिला पक्का आरसीसी का बना हुआ है तथा एक भवन क्रमांक 89 बी गायत्री नगर, आगर रोड़, उज्जैन में स्थित होकर उक्त भवन भी दो मंजिला बना है जिसकी प्रथम मंजिल गार्डर फर्सी की एवं द्वितीय मंजिल आरसीसी की बनी हुई है। उक्त दोनों भवनों को मेरे पक्षकारगण ने उनके खून, पसीने की कमाई से बनाया है। मेरे पक्षकारगण के दो पुत्र मोहित आठिया व रोहित सिंह आठिया पिता हरीश आठिया है जिनमें से मोहित आठिया का विवाह दिनांक 28.01.2024 को साक्षी पिता माधव चड़ावा निवासी शनिचरी, जिला सागर के साथ हो गया है। विवाह पश्चात् से मेरे पुत्र मोहित आठिया व उसकी पत्नी का मेरे पक्षकारगण के साथ अच्छा व्यवहार नहीं रहा है तथा मोहित आठिया व उसकी पत्नी मेरे पक्षकारगण से आए दिन बिना किसी कारण के लड़ाई झगड़ा कर घर में क्लेश करते रहते हैं तथा मेरे पक्षकारगण को किसी प्रकार की भरण पोषण आदि की कोई व्यवस्था नहीं करते हैं, मेरे पक्षकारगण ही उनका भरण पोषण करते हैं। जबकि मोहित आठिया की पत्नी सरकारी नौकरी करती है। मेरे पक्षकारगण का पुत्र मोहित और उसकी पत्नी दिनांक 20.10.2026 को लड़ाई झगड़ा करके मेरे पक्षकारगण से पृथक निवास करने चले गए है। मेरे पक्षकारगण उनके पुत्र व पुत्रवधू के क्रूरतापूर्ण व्यवहार से काफी दुःखी हो गए हैं इस कारण मेरे पक्षकारगण अपने उक्त भवनों एवं जो भी चल संपत्ति है उससे मोहित व उसकी पत्नी को बेदखल करते हैं। मेरे पक्षकारगण के भवनों से संबंधित उनक संपत्ति को देखते हुए कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक निकाय द्वारा कोई संव्यवहार किया जाता है तो उसमें मेरे पक्षकारगण का किसी प्रकार का कोई हस्तक्षेप नहीं रहेगा। मेरे पक्षकारगण की संपूर्ण चल, अचल संपत्ति में मेरे पक्षकारगण के पुत्र मोहित आठिया एवं उसकी पत्नी साक्षी आठिया का कोई हक अधिकार नहीं है उनका व्यवहार भी ठीक नहीं है। इस कारण मेरे पक्षकारगण ने उनके पुत्र व पुत्रवधू से कोई रिश्ता नहीं रखा गया है। मेरे पक्षकारगण के पुत्र द्वारा किसी प्रकार का मेरे पक्षकारगण की संपत्ति को देखते हुए कोई संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी रहेगा, सूचित हो।

इति दिनांक : 24.10.2026, उज्जैन

अचिन्तदास कुशवाह
एडव्होकेट
10, एम.आई.जी. सांदीपनी नगर, आगर रोड़, उज्जैन
मोबा.: 9827379240

विचारों से मुक्ति कहां



शांति मनुष्य की स्वाभाविक अवस्था है। मन इस सहज अवस्था पर आवरण डाल देता है। यदि आपको शांति का अनुभव नहीं होता, तो इसका यह अर्थ है कि आप विचार का अभ्यास मन से करते हैं। तलाश कीजिए कि यह मन क्या है और वह लुप्त हो जाएगा। विचार से अलग मन नाम की कोई वस्तु नहीं है। फिर भी चूंकि विचार प्रकट होते हैं, आप ऐसे स्थान की कल्पना करते हैं, जहां से विचार प्रकट होते हैं और आप उसे मन कहते हैं। जब आप मन क्या है, इसकी खोज करते हैं, तो आपको मालूम होता है कि मन जैसी कोई वस्तु नहीं है। इस प्रकार मन लुप्त होने पर आपको शाश्वत शांति मिलती है।

इसका अर्थ मोक्ष नहीं है। इस अवस्था को मनोलय या विचारों की अस्थायी निश्चल अवस्था कहा जाता है। मनोलय एकाग्रता की वह अवस्था है, जिसमें विचारों की गति कुछ समय के लिए रुक जाती है। जब यह एकाग्रता समाप्त होती है, तब पुराने और नए विचार पूर्ववत उत्पन्न होते हैं। यह मन के उपशमन की अस्थायी अवस्था यदि एक हजार वर्ष तक रहे, तब भी वह विचारों के संपूर्ण नाश की ओर नहीं ले जा सकती, जिसे मोक्ष या जन्म-मरण रूपी संसार से हमेशा के लिए छूटना कहते हैं। इसलिए साधक को निरंतर सतर्क रहना चाहिए और आंतरिक रूप से यह अन्वेषण करना चाहिए कि इस आनंद का अनुभव करने वाला कौन है? इस अन्वेषण के अभाव में वह दीर्घकाल तक रहने वाली समाधि या योगनिद्रा में चला जाएगा। आध्यात्मिक साधना की इस भूमिका पर योग्य मार्गदर्शक के बिना कई लोग इस भ्रम के शिकार हुए हैं कि यही मोक्ष है, और बहुत कम साधक ध्येय तक सुरक्षित रूप से पहुंच पाए हैं।

इस हकीकत को यह कथा अच्छी तरह से स्पष्ट करती है : एक योगी गंगा किनारे कई सालों से तप कर रहा था। जब उसने एकाग्रता की ऊंची भूमिका प्राप्त कर ली, तब यह मान लिया कि इस अवस्था में लंबे अरसे तक रहना मोक्ष है और उसी का अभ्यास करने लगा। एक दिन गहरी समाधि में जाने से पूर्व उसे प्यास लगी और शिष्यों से गंगा से पीने का पानी लाने को कहा। जल लेकर शिष्य आए, तब तक वह योगनिद्रा में जा चुका था, और उस अवस्था में बहुत वर्षों तक रहा, जिसके दौरान गंगा-प्रवाह दूर हट गया था। जब वह उस अवस्था से जागा, तो तुरंत उसने कहा : पानी, पानी, लेकिन न तो वहां शिष्य थे, न गंगा का प्रवाह। सबसे पहले जो चीज उसने मांगी, वह पानी थी, क्योंकि समाधि में जाने से पूर्व उसके मन की ऊपरी सतह पर पानी का विचार था। जब उसकी चेतना वापस आई, तो वह ऊपरी सतह वाला विचार पूरी शक्ति के साथ ऊपर आ गया। यदि सब विचारों का नाश मोक्ष है, तो क्या उसने मोक्ष पा लिया था, ऐसा कहा जा सकता है?

सम्पादकीय

आर्थिक सजगता

पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का असर दुनिया और भारतीय अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। गुरुवार को भी भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट का क्रम जारी रहा। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? ध्यान रहे, युद्ध के चलते कच्चे तेल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं, जिससे कच्चे तेल के तीसरे सबसे बड़े आयातक भारत में महंगाई की चिंता बढ़ती जा रही है। बाजार में अस्थिरता को बढ़ावा मिला है। ऐसा लगता है कि युद्ध में भी अमेरिका केवल अपना हित देखने में लगा है। ईरान और उसके समर्थक संगठन लगातार हमले कर रहे हैं। अमेरिकी रुख के सामने सऊदी अरब जैसा देश लाचार है और इजरायल को भी चिंता सताने लगी है। विडंबना है कि युद्ध के बावजूद इस साल अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजार में 13.7 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई है, जबकि भारत में अब तक सेंसेक्स 14 प्रतिशत, तो निफ्टी 16 प्रतिशत तक गिर चुका है। भारत ही नहीं, चीन के शेयर बाजार में भी जून महीने के बाद करीब 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है।

भारतीय शेयर बाजार में करीब आठ सप्ताह से जारी गिरावट को थामने के विशेष प्रबंध होने चाहिए। देश में कहीं मंदी नहीं है, बाजारों में भीड़ है, पर शेयर बाजार में मंदी के सिलसिले को तोड़ना होगा, तभी निवेश बढ़ेगा और महंगाई पर लगाम लगेगी। भारतीय शेयर बाजार को दुनिया भर के निवेशक बहुत उत्साह से देखते आए हैं, लेकिन लगभग 25 साल बाद यहां निवेश मंदा पड़ता दिख रहा है। यहां निवेश के दम पर ही हमने एक लंबा सफर तय किया है, वरना 25 साल पहले मुंबई शेयर बाजार का सूचकांक महज 3,000 अंक से कुछ ही ऊपर हुआ करता था। इस साल 1 जनवरी को सेंसेक्स 85,189 के स्तर पर था, जो अब गिरकर 73,400 से नीचे चला गया है। कुछ दूसरे संकेत भी सावधान कर रहे हैं। भारत के मुद्रा भंडार में करीब 59 अरब डॉलर की कमी आई है, तो एक अमेरिकी डॉलर का भाव 95 रुपये की ओर बढ़ता दिख रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह कच्चे तेल की कीमत है। चूंकि भारत तेल आयात पर निर्भर है, इसलिए उसका आयात बजट बढ़ता जा रहा है। युद्ध के समय निर्यात बढ़ाने में भी मुश्किलें आ रही हैं। यहां तक कि चीन में भी आर्थिक संकट मंडरा रहा है। वहां घरेलू मांग में कमी आ रही है।

चाँदनी में छिपा आत्मीयता का संदेश

शरद पूर्णिमा का सांस्कृतिक वैभव और आध्यात्मिक

शरद ऋतु की निर्मल रात, आकाश में चमकता पूर्ण चंद्रमा और धरती पर बिखरी चाँदनी का सौंदर्य मन को सहज ही आकर्षित करता है।



महेन्द्र तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संस्कृति में आश्विन मास की पूर्णिमा का विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इसे शरद पूर्णिमा, कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2026 में यह पर्व 25 अक्टूबर, रविवार को मनाया जाएगा। दिल्ली में पूर्णिमा तिथि 25 अक्टूबर को सुबह 11:55 बजे आरंभ होकर 26 अक्टूबर को सुबह 9:41 बजे समाप्त होगी। चंद्रोदय लगभग शाम 5:00 बजे होगा। इस रात लक्ष्मी पूजन, चंद्र आराधना और चाँदनी में खीर रखने की परंपरा निभाई जाएगी।

शरद पूर्णिमा का संबंध प्रकृति की सुंदरता के साथ मनुष्य की आस्था और विश्वास से भी है। वर्षा ऋतु के बाद आकाश स्वच्छ होने लगता है। वातावरण में हल्की ठंडक और चाँदनी की शीतलता एक विशेष अनुभूति उत्पन्न करती है। ऐसा लगता है, मानो प्रकृति स्वयं उत्सव मना रही हो। भारतीय लोकजीवन में चंद्रमा को शीतलता, सौम्यता, प्रेम और मानसिक शांति का प्रतीक माना गया है। यही कारण है कि इस पूर्णिमा की रात को विशेष पुण्यकारी समझा जाता है।

धार्मिक मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी किरणों से अमृत बरसता है। इसी विश्वास के आधार पर लोग दूध, चावल और चीनी से बनी खीर को रात में खुले आकाश के नीचे रखते हैं। प्रातःकाल इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है और परिवार के सदस्यों में बाँटा जाता है। यह परंपरा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार के लोगों को एक साथ बैठने, बातचीत करने और उत्सव की खुशियाँ साझा करने का अवसर भी देती है। हालाँकि, चंद्रकिरणों से खीर में अमृतमय गुण आने की धारणा धार्मिक विश्वास है, वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित तथ्य नहीं।

इस पर्व का एक महत्वपूर्ण पक्ष माँ लक्ष्मी की आराधना है। कोजागरी शब्द का संबंध संस्कृत के प्रश्न को जागृति अर्थात कौन जाग रहा है? से माना जाता है। मान्यता है कि इस रात माँ लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जागकर श्रद्धापूर्वक पूजा करने वाले भक्तों को सुख, समृद्धि तथा ऐश्वर्य का आशीर्वाद देती हैं। इसी कारण अनेक लोग रात्रि में लक्ष्मी पूजन करते हैं, दीप जलाते हैं और भजन-कीर्तन के माध्यम से अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। दिल्ली में कोजागरी पूजा का निशीथ काल 25 अक्टूबर की रात 11:40 बजे से 26 अक्टूबर को मध्यरात्रि के बाद 12:31 बजे तक बताया गया है। अलग-अलग पंचांगों में गणना के अनुसार समय में थोड़ा अंतर हो सकता है।

ब्रजभूमि में शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक परंपरा के अनुसार, इसी मनोरम रात भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ महारास रचाया था। श्रीमद्भागवत महापुराण के दशम स्कंध में वर्णित रासलीला प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिक समर्पण का अनुपम प्रतीक है। इस प्रसंग में प्रेम को केवल सांसारिक आकर्षण नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन की अनुभूति के रूप में देखा जाता है। ब्रज के मंदिरों में इस अवसर पर विशेष पूजा, भजन और रासलीला के आयोजन होते हैं।

शरद पूर्णिमा हमें यह भी संदेश देती है कि जीवन में बाहरी समृद्धि के साथ मन की निर्मलता और संबंधों की मधुरता भी आवश्यक है। चंद्रमा की शीतल रोशनी हमें संयम, शांति और संतुलन का भाव सिखाती है। माँ लक्ष्मी की पूजा परिश्रम, सदाचार और समृद्धि की कामना से जुड़ती है, जबकि श्रीकृष्ण का महारास प्रेम और समर्पण का महत्व समझाता है। आज जब मनुष्य भागदौड़, तनाव और भौतिक इच्छाओं में उलझा हुआ है, तब ऐसे पर्व परिवार और समाज के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। शरद पूर्णिमा की चाँदनी में छिपा संदेश यही है कि जीवन की वास्तविक सुंदरता धन-संपत्ति में ही नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, संतोष और आत्मीयता में भी बसती है। यही इस पर्व की शाश्वत सांस्कृतिक विरासत है।

भारतीय संस्कृति में प्रकृति और पर्वों का संबंध अत्यंत गहरा रहा है। यहाँ सूर्य की पहली किरण से लेकर चंद्रमा की शीतल चाँदनी तक को जीवन के विविध रंगों और भावनाओं से जोड़कर देखा गया है। ऋतुओं का परिवर्तन केवल मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि मनुष्य की जीवनशैली, धार्मिक आस्थाओं और सामाजिक परंपराओं में भी परिवर्तन लेकर आता है। वर्षा ऋतु की विदाई और शरद ऋतु के आगमन के साथ आने वाली आश्विन मास की पूर्णिमा इसी सांस्कृतिक परंपरा का एक मनोहारी पर्व है। इसे शरद पूर्णिमा, कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2026 में यह पर्व 25 अक्टूबर, रविवार की रात मनाया जाएगा। दिल्ली में पूर्णिमा तिथि 25 अक्टूबर को सुबह 11:55 बजे आरंभ होकर 26 अक्टूबर को सुबह 9:41 बजे समाप्त होगी। चंद्रोदय का समय लगभग शाम 5:00 बजे है, जबकि कोजागरी लक्ष्मी पूजन का निशीथ काल रात 11:40 बजे से 12:31 बजे तक रहेगा।

शरद पूर्णिमा का आगमन प्रकृति के सौंदर्य में एक विशेष परिवर्तन का संकेत देता है। वर्षा के बाद आकाश अपेक्षाकृत स्वच्छ हो जाता है, वातावरण में नमी और शीतलता का संतुलन दिखाई देने लगता है तथा रात्रि की चाँदनी धरती को एक अलग ही आभा से भर देती है। गाँवों में खुले आँगन, छतों और चौपालों पर बैठकर चंद्रमा को निहारने की परंपरा रही है। चाँदनी रात में परिवार के लोगों का एक साथ बैठना, बातचीत करना और खीर का आनंद लेना इस पर्व को धार्मिक अनुष्ठान के साथ पारिवारिक आत्मीयता का अवसर भी बनाता है। आज के व्यस्त जीवन में ऐसे अवसर हमें अपनों के साथ समय बिताने और प्रकृति के निकट लौटने की प्रेरणा देते हैं।

इस पर्व को कोजागरी पूर्णिमा कहने के पीछे एक रोचक धार्मिक मान्यता है। ह्यकोजागरीह्न शब्द संस्कृत के ह्यको जागर्तिह्न से जुड़ा है, जिसका अर्थ है, कौन जाग रहा है? लोकविश्वास के अनुसार, इस रात माँ लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जागकर उनकी आराधना करने वाले भक्तों को सुख, समृद्धि तथा ऐश्वर्य का आशीर्वाद देती हैं। इसी विश्वास के कारण अनेक घरों में रात के समय लक्ष्मी पूजन किया जाता है और श्रद्धालु जागरण करते हैं। महाराष्ट्र, बंगाल, ओडिशा तथा देश के अन्य क्षेत्रों में इस पर्व की अलग-अलग परंपराएँ प्रचलित हैं। कहीं लक्ष्मी की विशेष पूजा होती है, कहीं सामूहिक जागरण किया जाता है और कहीं परिवार के सदस्य चाँदनी रात में बैठकर दूध अथवा खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं।

वह एक यूनिट खून

रात के ठीक बारह बजकर तैंतालीस मिनट पर स्टेट मॉडल ब्लड बैंक के मुख्य सर्वर की स्क्रीन पर एक नीली लाइट कौंधी। राष्ट्रीय स्तर के ई-रक्तकोष पोर्टल पर पूरे संभाग का लाइव डेटा जगमगा रहा था। स्क्रीन के कोने में दुर्लभ रक्त समूह की उपलब्धता का एक अकेला बॉक्स हरे रंग में चमक रहा था, ह्यबी-नेगेटिवः 01 यूनिट उपलब्धह्न। पूरे जिले में बी-नेगेटिव की यह अकेली थैली किसी अमूल्य कोहिनूर की तरह उस वातानुकूलित कमरे के डीप-फ्रीजर में रखी थी। क्या यह एक यूनिट रक्त उस आखिरी मुकाम तक पहुंच पाएगा, जहाँ जिंदगी और मौत के बीच का फासला महज कुछ सांसों का रह गया था?

सड़क पर एक पुरानी मोटरसाइकिल तूफानी रफ्तार से दौड़ती हुई आई और ब्लड बैंक के पोर्च में फिसली। अट्ठाईस साल का मनोज बदहवास हालत में भीतर भागा। उसके हाथों में जिला महिला अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर का पर्चा था, जिस पर सर्जन ने लाल कलम से तीन बार अंडरलाइन करके लिखा था, ह्यअत्यधिक रक्तस्रावह्न। मां और गर्भस्थ शिशु की जान बचाने के लिए तीस मिनट के भीतर बी-नेगेटिव की आवश्यकता।ह्न मनोज हांफते हुए काउंटर पर पहुंचा। उसने शीशे के नीचे से वह पर्चा तकनीशियन की तरफ बढ़ा दिया, साहब, पोर्टल पर आपके पास एक यूनिट बी-नेगेटिव दिखा रहा है। जल्दी दे दीजिए, मेरी पत्नी की सांसें उखड़ रही हैं! तकनीशियन ने चश्मा ठीक किया। उसने अस्पताल की मुहर देखी और फिर कंप्यूटर का कीबोर्ड खटखटाया स्क्रीन पर अचानक लाल रंग का एक भारी पॉप-अप उभरा और बीप की आवाज आई—एरर 404: एचएमआईएस क्लाउड सर्वर मेंटेनेंस पर है। निर्धारित समयः रात 12:00 से सुबह 04:00 बजे तक। कृपया प्रतीक्षा करें। तकनीशियन ने अपनी कुर्सी पीछे खिसका ली। भाई, सर्वर डाउन है। जब तक अस्पताल का ऑनलाइन रिक्विजिशन हमारे पोर्टल से लिंक नहीं होगा, ब्लड बैग का डिजिटल आरएफआईडी बारकोड रिलीज नहीं हो सकता।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 25अक्टूबर 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 17:48
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - चतुर्दशी10:49 उपरांत पूर्णिमा
नक्षत्र - रेवती19:41 उपरांत अश्वनी
योग - हर्षण18:31वज्र
करण - वणिज
चन्द्रमा - मीन मे है 19:41के बाद मेष मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 13मास तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करें, सफलता मिलेगी। व्यापार में नए सौदे लाभप्रद रहेंगे।

वृषभ- मित्रों से पूरा सहयोग प्राप्त होगा। वित्तीय मामलों में स्थिति मजबूत रहेगी।

मिथुन- सेहत अच्छी रहेगी, स्फूर्ति महसूस करेंगे। हनुमान जी को सिंदूर और चमेली का तेल चढ़ाएं।

कर्क- कार्यस्थल पर आपका प्रभाव बढ़ेगा। नए व्यवसाय में लाभ की संभावना है। सूर्य देव की उपासना करें।

सिंह- दांपत्य जीवन में सुख और प्यार रहेगा। आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं। सेहत अच्छी रहेगी।

कन्या- काम पर ध्यान केंद्रित करें, गलतियों से बचें। लेनदेन में जल्दबाजी न करें।

तुला- परिजनों के साथ संयम से बात करें। खान-पान में सफाई रखें, पेट का ध्यान दें। काले तिल का दान करें।

वृश्चिक- विरोधियों पर भारी पड़ेंगे, सफलता मिलेगी। व्यापार में मुनाफे की दर बढ़ेगी।

धनु- पारिवारिक सहयोग से हौसला बढ़ेगा। अचानक धन लाभ होने के योग हैं। पीपल में जल चढ़ाएं।

मकर- जिम्मेदारी बढ़ सकती है, संयम रखें। कागजी कार्रवाई ध्यान से करें। सुझावों की सराहना होगी, पद बढ़ेगा।

कुंभ- परिवार में सहयोग बना रहेगा। अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाएं। विश्राम करें, थकान से बचें।

मीन- व्यापार में नए अवसर प्राप्त होंगे। घर में मांगलिक चर्चा हो सकती है। धन लाभ होने के योग हैं।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी-टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

कविता

रास पूर्णिमा (गोपी छंद)

शरद पूर्णिमा की रश्मियाँ, अमृत आनंद बहाती है,
शुभागमन में शरद ऋतु के, प्रकृति गीत गुनगुनाती है ।
देख आज कण-कण धरा का, पूर्ण रसामृत से है भरा,
सुधाकर सोलह कला लिए, व्योम में झूमता मुस्कुरा,
श्वेत शांति का ये तोहफा, धरा को निशाकर से मिला,
दिव्य अमिय माधुर्यता से, रोम-रोम पुलकित हो खिला,
चाँदनी शरद पूर्णिमा की, प्राण शुद्धि को बढाती है,
शुभागमन में शरद ऋतु के, प्रकृति गीत गुनगुनाती है ।
धवल आभ ने ब्रह्माण्ड में, तिलिस्म प्रेम का बिखेरा,
स्पर्श ने चाँदनी के नया, खुशी का भाव है उकेरा,
भूलकर दुःख चकोर यही, किसी प्रेम राग में खोया,
पारिजात ने कपोलों में, नेह आनंद को पिरोया,
रास पूर्णिमा की रात ये, ? प्रसन्नता को जगाती है,
शुभागमन में शरद ऋतु के, प्रकृति गीत गुनगुनाती है ।
हुई भक्ति में श्री कृष्ण की, भाव विभोर सभी गोपियाँ,
अनूठी कृपा सांवरे की, नवान्न पूनम करें खुशियाँ,
भक्त खीर का प्रसाद बना, प्रेम से भोग है लगाते,
भजन रातिजोगा कर सभी, हरिप्रिया को है मनाते,
कौमुदी पूर्णिमा सभी को, शक्ति सम्पन्न बनाती है,
शुभागमन में शरद ऋतु के, प्रकृति गीत गुनगुनाती है ।

मोनिका डागा आनंद

चाँदनी रात में बिखरती भक्ति की दिव्यता

ये शरद की उजली रात है, और चाँदनी का नूर,
प्रकृति के कण-कण में छाया भक्ति का सुरूर।
नील गगन में चाँद दमके, तारे यहाँ करते श्रृंगार,
अमृत बरसाएँ चाँदनी, करती मन को पारावार।
आज चाँदनी में नहाई धरती, शीतल मंद बयार,
यूं भक्ति-भाव से 'गूँज' उठे मंदिर और घर-द्वार।
ये राधा-कृष्ण की रासलीला, प्रेम सुधा बरसाए,
मुरली की मधुरिम तान हृदय में रस घोल जाए।
वृंदावन की कुंज गलियों में प्रेम का हैं मधुमास,
कृष्ण के संग है राधा-रानी, भक्ति का उल्लास।
गोपियों के नृत्य में झलकता आत्मा का संगीत,
प्रेम जहाँ पूजा बन जाए, जीवन हो पावन-प्रीत।
देखों माँ लक्ष्मी के आगमन की मंगल बेला आई,
धन-धान्य एवं सुख-समृद्धि की शुभ आशा लाई।
व्रत, पूजन और दीप जलाकर करें प्रभु का ध्यान,
मन के भीतर ज्योति जले, मिट ही जाए अज्ञान।
हाँ,खीर की कटोरी चाँद तले श्रद्धा से सज जाए,
हरेक परिवार के आँगन में खुशियों की धुन गाए।
प्रेम, दया और सत्य का दीप हृदय में ऐसे जलाएँ,
दीन-दुखियों के जीवन में आशा के फूल खिलाएँ।

संजय एम. तराणेकर

शरद पूर्णिमा धार्मिक सामाजिक एवं आयुर्वेदिक महत्त्व

हिंदू पंचांग के अनुसार शरद पूर्णिमा हर वर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को आती है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर दिन रविवार को मनाई जाएगी। शरद पूर्णिमा का धार्मिक सामाजिक व आयुर्वेदिक महत्व है। ज्योतिष शास्त्रीय दृष्टिकोण ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दिन चंद्रमा 16 कलाओं से पूर्ण होता है चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसने की मान्यता है । पौराणिक मान्यता के अनुसार कोजागरी पूर्णिमा पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान शरद पूर्णिमा के दिन ही मां लक्ष्मी का प्रदुर्भाव हुआ था ऐसा माना जाता है कि इस रात्रि मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं' और यह देखती है कि कौन जाग रहा है। (को जागृति) इसलिए इसे कोजागरी पूर्णिमा भी कहते हैं।



डॉ. प्रकाश शर्मा (दैनिक अवन्तिका)

ब्रज क्षेत्रीय अवधारणा रास पूर्णिमा

मान्यता है कि ब्रज क्षेत्र में शरद पूर्णिमा की रात्रि को भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ महारास रचाया था इसलिए इसे रास पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है ।

आयुर्वेद और शरद पूर्णिमा



आयुर्वेद के अनुसार ऋतु विभाजन के क्रम में विसर्ग काल का विभाजन वर्षा शरद हैमंत ऋतु में होता है विसर्गकाल में सूर्य दक्षिणायन में गति करता है विसर्ग काल में चंद्रमा पूर्ण बल वाला होता है समस्त भूमंडल पर चंद्रमा अपनी किरणों को फैलाकर विश्व का निरन्तर पोषण करता रहता है इसलिये विसर्ग काल को सौम्य कहा जाता है आयुर्वेद मत के अनुसार वर्षा ऋतु में पित्त का संचय होता है तथा शरद ऋतु में पित्त का प्रकोप होता है प्राचीन काल से ही पूर्णिमा का लोगों के जीवन में काफी महत्व रहा है क्योंकि दूसरी रातों के मुकाबले इस दिन चंद्रमा ज्यादा चांदनी बिखेरता है इस धरती पर चंद्रमा की किरणों की तीव्रता होती है । चरक संहिता के रचनाकार आचार्य चरक ने शरद ऋतु चर्या के क्रम में स्पष्ट किया है कि शरद ऋतु में उत्पन्न फूलों की माला, स्वच्छ वस्त्र, और प्रदोष (रात्रि के प्रथम प्रहर) काल में चंद्रमा की किरणों का सेवन हितकर होता है।

श्वास रोगी और शरद पूर्णिमा

आयुर्वेद के आचार्यों ने श्वास रोग रोग को पित्त स्थान से उत्पन्न व्याधि माना है श्वास रोग में शरद पूर्णिमा को खीर खाने की परंपरा है खीर दूध में चावल से बनाई जाती है आचार्य चरक ने दुग्ध को जीवनीय बताया है दूध रस में मधुर, शीतल वीर्य ,शीतल गुण स्निग्ध गुरु मंद प्रसन्न गुणों से युक्त होता है चावल शीतल वीर्य मधुर स्निग्ध त्रिदोष शामक होता है दूध व चावल से बनी हुई खीर मधुर रस वाली होती है जो पित्त का शमन करती है शरद पूर्णिमा की चांदनी में रखी हुई खीर में चंद्रमा की सौम्य किरणों के प्रभाव से शीतल गुण की वृद्धि होती है आचार्य चरक ने लोक पुरुष साम्य सिद्धांत के संदर्भ में वर्णन किया है कि लोकगत भाव सोम पुरुष गत भाव प्रसाद गुण की वृद्धि करता है अतः शरद पूर्णिमा की रात्रि में खीर खाने का विधान पौराणिक काल से चला आ रहा है श्वास रोगियों को विशेषतः आयुर्वेदिक औषधियों से सिद्ध खीर का सेवन करना चाहिए।

धर्म-आस्था

क्या आप भी सोने से पहले भगवान को याद करते हैं?



वैसे तो भगवान को याद करने का कोई निश्चित समय नहीं होता लेकिन भारतीय परंपरा में प्राचीन समय से रात में सोने से पहले भगवान को याद करने का अभ्यास शामिल है। कई लोग इसे एक धार्मिक परम्परा मानते हैं लेकिन वो नहीं जानते कि सोने से पहले भगवान को स्मरण करना केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। रात को सोने से पहले भगवान को याद करना आत्मा को शांति, मन को स्थिरता और नींद को गहराई प्रदान करता है। यह आदत जीवन में सकारात्मकता और आध्यात्मिक शक्ति का संचार करती है। कैसे, चलिए समझते हैं...सोने से पहले भगवान को याद करना क्यों है लाभकारी?

भारतीय संस्कृति में सुबह उठते समय और रात को सोने से पहले ईश्वर को याद करने की परंपरा रही है। इसे अच्छे दिन के शुरूआत और शुभ रात्रि का विचार समझकर अपनाया जाता है। दिनभर की व्यस्तता के बाद जब रात को हम बिस्तर पर जाते हैं, तो मन में कई तरह के विचार चल रहे होते हैं। कभी दिनभर की परेशानियां याद आती हैं, तो कभी आने वाले कल की चिंता सताने लगती है। ऐसे में कुछ पल शांत होकर भगवान का स्मरण करना मन को सुकून देने वाली आदत बन सकता है। दिनभर के विचारों और कर्मों को भगवान को समर्पित करने से मन हल्का और शुद्ध हो जाता है। साथ ही ईश्वर को धन्यवाद देने से आत्मा में संतोष और सकारात्मकता आती है। रात में भगवान को याद करने से साधक को लगता है कि वह दिव्य शक्ति की छाया में सुरक्षित है।

रात का समय आत्मचिंतन के लिए अच्छा अवसर हो सकता है। ऐसे में रात में ईश्वर के सामने मन की बात रखने का भाव व्यक्ति को अपनी कमियों को स्वीकार करने और बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा दे सकता है। रात को भगवान को याद करते समय दिनभर मिली छोटी-बड़ी खुशियों के लिए धन्यवाद दिया जा सकता है। परिवार का साथ, किसी की मदद, भोजन, स्वास्थ्य या दिनभर मिला कोई अच्छा अनुभव कृतज्ञता के कारण बन सकते हैं। देखा जाए तो धार्मिक दृष्टि से इसे ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करना माना जाता है।

सोने से पहले मोबाइल और दूसरे डिजिटल उपकरणों से कुछ समय के लिए दूरी बनाएं। आरामदायक स्थिति में बैठकर या लेटने से पहले कुछ पल शांत रहें। अपनी सांसों पर ध्यान दें और मन को धीरे-धीरे स्थिर होने दें। अपनी श्रद्धा के अनुसार भगवान का नाम लें या छोटी-सी प्रार्थना करें। दिनभर मिली अच्छी चीजों के लिए धन्यवाद दें। अगले दिन बेहतर व्यवहार करने का संकल्प लें। शुरूआत में आप चाहें तो केवल दो से पांच मिनट से शुरूआत कर सकते हैं। इसका कोई अनिवार्य समय या निश्चित नियम नहीं है। सबसे जरूरी बात यह है कि यह अभ्यास सहज हो और आपके लिए तनाव का कारण न बने। ध्यान रहे कि ईश्वर का स्मरण किसी निश्चित नियम या डर के कारण नहीं, बल्कि श्रद्धा और शांति के भाव से करना बेहतर है। कुछ पल की सच्ची प्रार्थना के साथ दिन का समापन करने से जीवन में आध्यात्मिक अनुशासन और आभार की भावना विकसित करने में मदद मिल सकती है।



पानी का कैंपर लेने आया युवक नकदी चुराकर फरार

शाजापुर। पानी का कैंपर लेने के बहाने प्लास्टिक दुकान से बदमाश नकदी चोरी कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को नई सड़क स्थित ग्लोबल स्टील एवं प्लास्टिक की पर एक युवक पानी का कैंपर लेने के बहाने आया और गल्ले में रखे 12 हजार रुपए चुरा लिए। घटना के समय दुकान संचालक के पिता यूसुफ अली मौजूद थे। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। दुकानदार ने शुक्रवार को कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। दुकान संचालक के मुताबिक एक युवक पानी का कैंपर लेने आया था, तब उसके पिता यूसुफ अली कैंपर लेने के लिए गोदाम में चले गए। इसी बीच युवक ने गल्ले में रखी नकदी निकाली और वहां से फरार हो गया। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है।

वनरक्षक भर्ती को लेकर दस्तावेजों एवं शारीरिक फिटनेस की हुई जांच




शाजापुर। वन रक्षक भर्ती को लेकर दस्तावेजों एवं शारीरिक फिटनेस की जांच की गई। डीएफओ हेमलता शाह ने बताया कि वन रक्षक भर्ती के लिए 99 अभ्यर्थी हैं जिनमें शाजापुर से 75 और आगर मालवा से 24 उम्मीदवार हैं। चयनित अभ्यर्थियों का पैदल चाल परीक्षण शनिवार को सुबह 6 से 10 बजे तक स्टेडियम मैदान पर होगा। इसीके तहत वनरक्षक भर्ती 2026 की लिखित परीक्षा के दूसरे चरण के लिए चुने गए उम्मीदवारों का शुक्रवार को बायोमेट्रिक, दस्तावेजों और शारीरिक मापदंड की जांच की गई।

कार पलटने से पांच लोग घायल, पहुंचाया अस्पताल



शाजापुर। कार पलटने से पांच लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुनेरा थाना क्षेत्र में पनवाड़ी के मोल्टा जोड़ के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद डायल 112 आरक्षक 417 मनोज दांगी और पायलट महेंद्र सिंह जादौन मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

ईयर फोन लेने आया बदमाश 30 हजार चोरी कर फरार



शाजापुर। ईयर फोन लेने के बहाने आए बदमाश ने मोबाइल दुकान से 30 हजार रुपए नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बदमाश की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसके बाद अब पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शहर के बजाजखाना क्षेत्र स्थित मोबाइल दुकान पर गुरूवार को एक युवक ईयर फोन खरीदने के लिए आया और मौका पाकर गल्ले में रखे 30 हजार रुपए नकदी चोरी कर लिए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई जिसके बाद शुक्रवार को दुकान संचालक ने कोतवाली थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। दुकान संचालक अंकुश जैन ने बताया कि घटना के समय वे दुकान पर मौजूद नहीं थे। उनकी मां दुकान संभाल रही थीं। इसी दौरान करीब 20 से 25 साल का एक युवक आया और मोबाइल कवर व ईयरफोन मांगे। उनकी मां सामान निकालने लगीं, तभी युवक ने मौका देखकर गल्ले में हाथ डाला और करीब 30 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद वह दुकान से भाग गया।

लहसुन के भाव 19 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे, अब 27 को होगी नीलामी

अनाज व फल सब्जी मंडी में 15,140 क्विंटल उपज की आवक, सोयाबीन का मॉडल भाव 7000 रुपए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



कृषि उपज मंडी शुजालपुर में शुक्रवार को विभिन्न जिंसों की कुल 15,140 क्विंटल आवक दर्ज की गई। मंडी में सोयाबीन की सबसे अधिक 6,795 क्विंटल आवक रही। इसके मॉडल भाव 7000 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किए गए। वहीं लहसुन के भाव अधिकतम 19,000 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे। मंडी समिति की ओर से जारी भाव सूची के अनुसार गेहूं, चना, मसूर, सरसों, प्याज और लहसुन सहित विभिन्न जिंसों की खरीदी-बिक्री हुई।

सोयाबीन और चना की अच्छी आवक

शुक्रवार को मंडी में गेहूं की 740 क्विंटल आवक रही। इसके भाव 2,350 से 4,790 रुपए प्रति क्विंटल के बीच रहे, सोयाबीन की 6,795 क्विंटल आवक पर न्यूनतम भाव 3000 और अधिकतम 7200 रुपए रहे। इसका मॉडल भाव 7000 रुपए प्रति क्विंटल रहा। सफेद चने 5000 से 10,340 रुपए, चना कांटा 4,900 से 7,680, मसूर 5,200 से 6,591 रुपए, सरसों के दाम 5,500 से 7,500 रुपए के बीच रहे।

लहसुन के भाव 19 हजार रुपए तक

शुजालपुर सिटी मंडी में प्याज की 1,700 क्विंटल आवक रही। इसके भाव 800 से 4,146 रुपए और मॉडल भाव 3,200 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन की 2,200 क्विंटल आवक पर भाव 1,100 से 19,000 रुपए के बीच रहे। इसका मॉडल भाव 10ए100 रुपए दर्ज किया गया। उधर अरन्याकलां मंडी में प्याज के भाव 800 से 4,385 रुपए, लहसुन 1000 से 16,700 रुपए के बीच रहे।

दो दिन नीलामी बंद, 27 अक्टूबर से कारोबार

मंडी समिति की सूचना के अनुसार 25 अक्टूबर को रविवार और 26 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती के चलते मंडी में अवकाश रहेगा। इन तीन दिनों में नीलामी बंद रहने के बाद मंगलवार 27 अक्टूबर को सभी जिंसों की नीलामी होगी। मंडी समिति ने किसानों से उपज लेकर आने से पहले अवकाश की जानकारी का ध्यान रखने की अपील की है।



बायपास पर 292 ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

शुजालपुर। कमलिया बायपास पर तालाब के पास से शुजालपुर मंडी पुलिस ने एक युवक को 292 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब चार हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 22 अक्टूबर को कमलिया बायपास स्थित तालाब के पास कार्रवाई की गई। इस दौरान गणेश मंदिर के पास प्रेमनगर निवासी दीपक लववंशी के कब्जे से 292 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में थाना शुजालपुर मंडी में एनडीपीएस एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को 23 अक्टूबर को शुजालपुर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनेकर के निर्देशन तथा एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव के नेतृत्व में सउनि जगदीश काजले, प्रधान आरक्षक सचिन सिसौदिया, आशीष वर्मा, कमल मेहर, आरक्षक अभिषेक चौहान, सुधीर तोमर और चालक आरक्षक महेश की भूमिका रही।

पर्ची में भक्त ने नौकरी 7 घंटे करने की प्रार्थना

नवरात्रि में माता टेकरी को 39 लाख का चढ़ावा 21 पेटियां खुली, साढ़े 9 घंटे तक चली गिनती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास की प्रसिद्ध माता टेकरी पर नवरात्रि पर्व के बाद शुक्रवार को दान पेटियां खोली गईं। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दरबार में न केवल अपने निजी जीवन की मन्नतों के लिए पर्चियां डालीं, बल्कि समाज की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए भी अर्जियां लगाईं। सुबह 11 बजे शुरू हुई दान राशि की गिनती देर शाम पूरी हुई, जिसमें कुल चढ़ावा 39 लाख रुपए से अधिक का प्राप्त हुआ है।

टेकरी प्रभारी और नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर की मौजूदगी में माता टेकरी स्थित दोनों मंदिरों की 21 से अधिक दान पेटियां खोली गईं। मंदिर समिति से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पेटियों से कुल 34 लाख 29 हजार 865 रुपए नकद प्राप्त हुए हैं।

इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से 4 लाख 30 हजार 786 रुपए और रसीद के जरिए 97 हजार 800 रुपए का दान आया। नकद, ऑनलाइन और रसीद को मिलाकर कुल राशि 39 लाख 58 हजार 451 रुपए पहुंच गई है।

अमेरिकन डॉलर, नेपाली रुपया वियतनाम की मुद्रा, चांदी जैसे पायल और सोने जैसे मोती भी चढ़ावे में भक्तों ने चढ़ाए हैं।

दान पेटियों से निकली अर्जियों में आमजन की व्यावहारिक परेशानियां साफ दिखाई दीं। एक भक्त ने प्राइवेट सेक्टर में 10 से 12 घंटे के लंबे काम और कम वेतन की पीड़ा बयां करते हुए ड्यूटी का समय 7 घंटे करने की प्रार्थना की। वहीं एक अन्य भक्त ने देश में बेटियों की सुरक्षा के लिए कड़ा कानून बनाने की मांग की। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए भी श्रद्धालुओं ने माता रानी से सबकी रक्षा की मन्नत मांगी।



देवी विसर्जन में शामिल होने निकला युवक 4 दिन से लापता

- परिजन-समाजजन एसपी ऑफिस पहुंचे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिले के बरोठा थाना क्षेत्र में 27 वर्षीय दीपक सिंह सोलंकी बीते 19 अक्टूबर को माता रानी की प्रतिमा विसर्जन के लिए घर से निकला था, जिसके बाद से वह लापता है। परिजन ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और सभी संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस की ढीली कार्रवाई से असंतुष्ट परिजन और समाज के लोग शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचे। परिजन का आरोप है कि 19 अक्टूबर को ही बरोठा थाने में युवक की गुमशुदगी की सूचना दे दी गई थी, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और न ही कोई संतोषजनक कदम उठाया।

परिजन ने आरोप लगाया कि थाने में उनके साथ पुलिस का व्यवहार ठीक नहीं था और उनकी बात नहीं सुनी जा रही थी। शुक्रवार को जब वे एसपी कार्यालय पहुंचे, तो वहां भी काफी देर तक इंतजार कराने से नाराज होकर वे दफ्तर के बाहर ही धरने पर बैठ गए।

महाकाली मंदिर में विशाल कन्या भोज का आयोजन, श्रद्धालुओं ने लिया पुण्य लाभ



शुजालपुर। रायकनपुर स्थित श्री महाकाली मंदिर में शुक्रवार को विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुए आयोजन में श्रद्धा और भक्ति के साथ माता महाकाली की आराधना की गई। मंदिर में कन्या भोज को लेकर विशेष उत्साह रहा। आयोजन में धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को माता के दरबार में आमंत्रित किया गया था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र और देवी आराधना के अवसर पर कन्या पूजन एवं भोज का विशेष महत्व माना जाता है। इसी परंपरा के तहत मंदिर में कन्याओं को भोजन कराकर उनका पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने माता महाकाली के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।

पुलिस से बचने छत से कूदकर भागे लोग 5 पकड़ाए:जुआ खेलने की सूचना पर दबिश

देवास। देवास के भवानी सागर क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक घर में पुलिस की दबिश के दौरान अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को देखकर जुआ खेलते कुछ लोग सीढ़ियों से भागे तो कुछ ने छत से कूदकर बचने की कोशिश की। पुलिस ने मौके से 4 से 5 संदिग्धों को पकड़कर नाहर दरवाजा थाने पहुंचाया है। घटना का वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस फिलहाल पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर रही है। वायरल वीडियो में कुछ लोग घर की छत से कूदते और सीढ़ियों से तेजी से नीचे उतरकर भागते दिखाई दे रहे हैं। कार्रवाई के दौरान मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। हालांकि, पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ लिया। एक संदिग्ध के फरार होने की बात भी सामने आई है।

दहेज में दो लाख रुपए नहीं लाने पर विवाहिता को घर से निकाला

- महिला ने थाने पहुंच कर दर्ज कराई शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

दहेज में दो लाख रुपए की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और मायके भेजने का मामला सामने आया है। महिला ने अपने पति और ससुर पर दहेज के लिए परेशान करने, गाली-गलौज करने और ताने मारने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई के लिए रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस को दी शिकायत में देवास की सोनिया गांधी कॉलोनी निवासी शबनम खान 22 वर्ष ने बताया कि उसका निकाह 25 मई 2023 को समीर खान के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से हुआ था। दंपती की दो बेटियां हैं, जिनमें बड़ी बेटी दो साल और छोटी बेटी चार माह की है। शबनम के अनुसार निकाह के करीब छह माह तक ससुराल में सब ठीक रहा, इसके बाद पति समीर खान और ससुर सईद खान उससे मायके से दो लाख रुपए लाने का दबाव बनाने लगे।

महिला का आरोप है कि मायके की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने और रुपए देने में असमर्थता जताने पर उसके साथ गाली-गलौज की जाती थी तथा उसे ताने देकर मानसिक रूप से परेशान किया जाता था। परिजनों ने पति और ससुर को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन इसके बाद भी मांग जारी रही। शबनम के अनुसार करीब चार माह पहले उसे मायके भेज दिया गया। तब से वह मायके में रह रही है।

जेएनएस कॉलेज की अव्यवस्थाओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



शासकीय जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर में विद्यार्थियों को हो रही परेशानियों और विभिन्न अव्यवस्थाओं के निराकरण की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शुजालपुर इकाई ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार और परिसर में अनुशासन बनाए रखने की मांग उठाई। ज्ञापन में विज्ञान भवन में स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने, कक्षाओं का सुचारु संचालन नहीं होने तथा महाविद्यालय परिसर में बाहरी व्यक्तियों के अनधिकृत प्रवेश का मुद्दा उठाया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए पहचान पत्र अनिवार्य करने, परिसर में साफ.सफ ई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और पार्किंग स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने की मांग भी की गई।

विद्यार्थियों के हित में सुधार की मांग

परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होना आवश्यक है। व्यवस्थाओं में कमी के कारण विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में महाविद्यालय प्रशासन को समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करना चाहिए। महाविद्यालय अध्यक्ष चेतन राजपूत ने प्राचार्य से विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया।

बैजनाथ गेट के पास हादसे में गोवंश की मौत के बाद बैठक हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर

सुसनेर सड़क मार्ग पर बैजनाथ गेट के समीप वाहन की टक्कर से गोवंश की मौत हो गई। इसके बाद शुक्रवार को कोतवाली थाने में व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें गोवंश को सड़क हादसों से बचाने, घायल पशुओं को तत्काल उपचार दिलाने सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। गुरुवार रात सड़क पर बैठे गोवंश को एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी। घटना के बाद बजरंग दल के कार्यकताओं ने चक्काजाम कर कार्रवाई और व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की थी। इसके बाद प्रशासन, पुलिस, पशु चिकित्सा विभाग, नगर पालिका और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें तहसीलदार विजय सेनी, कोतवाली थाना प्रभारी नागेश यादव, यातायात थाना प्रभारी सौरभ सिंह चौहान, पशु चिकित्सक अरविंद महाजन, एनएचएआई के अधिकारी और बजरंग दल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में सुसनेर मार्ग सहित हाईवे पर स्ट्रीट लाइट चालू कराने की मांग की गई। शहरी क्षेत्र में वाहन चालकों को गति नियंत्रित रखने के लिए जागरूक करने का मुद्दा भी उठाया गया। इसके अलावा गोवंश पकड़ने वाली टीम के कर्मचारियों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने, कॉलोनियों में खुले नाले बंद कराने और नगर पालिका के वाहन चालकों की निगरानी करने की मांग की गई।

कुत्ते-हिरण के बच्चे से टकराई बाइक, आंगनवाड़ी जा रहे दंपती घायल

अकोदिया। अकोदिया में शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में पति-पत्नी सहित तीन लोग घायल हो गए। पहला हादसा अकोदिया-बोले रोड पर कुत्तों के टकराने से हुआ, जबकि दूसरा हिरण का बच्चा सामने आने से।

दोपहर करीब 3 बजे बलवीर सिंह कुशवाहा अपनी पत्नी कलावती कुशवाहा के साथ झंडाखेड़ा के आंगनवाड़ी केंद्र जा रहे थे। पेट्रोल पंप के सामने अचानक दो कुत्ते बाइक से टकरा गए, जिससे दंपती संतुलन खोकर गिर गए।

बलवीर सिंह के सिर और पैरों में चोटें आईं, वहीं कलावती कुशवाहा के सिर में चोट लगी। राहगीरों ने उन्हें अकोदिया के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इसी दौरान, किशोर नाथ राजगुरु बाइक से अकोदिया जा रहे थे।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम नारायण लाल व्यास (Narayan Lal Vyas) था। वर्तमान समय में जबकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र में भी मेरा नाम नारायण व्यास है। अतः भविष्य में मुझे केवल मेरे नये नाम नारायण व्यास (Narayan Vyas) के नाम से जाना एवं पहचाना जावें।

पता- बी-70, तिरूपति ड्रीम्स एक्सटेंशन, दाऊदखेड़ी, उज्जैन (म.प्र.) पिन- 456006

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार वैभव चौधरी पिता संजीव चौधरी निवासी - ग्राम बिसनावदा तह. राऊ जिला इन्दौर के द्वारा ग्राम टुकराल तह. माकड़ौन जिला उज्जैन म.प्र. स्थित निम्नानुसार भूमियो को क्रय करने का सौदा कर सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार ने लिखवा लिया है एवं आंशिक भुगतान कर दिया है। जिस आधार पर मेरे पक्षकार द्वारा निम्नानुसार भूमि स्वामियो से निम्न भूमियो को विक्रय करने का सौदा किया जा रहा है।

क्र	नाम	सर्वे नंबर	रकबा क्रमशः
1.	हेमाबाई पति दिलीपसिंह जाति गारी	174/1, 174/2, 214/3	0.8000, 0.4900, 0.3100,
2.	गायत्री चौधरी पति दानसिंह जाति गारी निवासी- दाऊदखेड़ी, उज्जैन दोनो विक्रेता तर्फे अनुबंधकर्ता- 1. राकेश पिता इंदरमल ओस्तवाल निवासी- 1527/22, नंदा नगर विद्यालय के पास, इन्दौर 2. श्याम पिता भगवान पटेल निवासी - 89, असतावद बुजुर्ग, दुधिया, इन्दौर	218	1.0100

अगर उपरोक्त सम्पत्ति किसी का भी उजर, आपत्ति या कोई लेन-देन बाकी हो या किसी बैंक या संस्था में भारित हो तो 7 दिवस की अवधि में मय कागजातो के मुझे सूचित करे अन्यथा बाद-मियाद उपरोक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के हित में करवा ली जावेगी इसके बाद किसी की भी उजर या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी सो सूचित होवे।

अभिनय जैन एडव्होकेट
पताः- एडव्होकेट चेम्बर नंबर 8, कलेक्टोरेट, इंदौर म.प्र. मो. नं. 98275-61563

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1 श्रीमती अलका पति श्री हुकमचंद पटेल निवासी ग्राम लक्ष्मणखेड़ी तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) से उनके भूमि स्वामी स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-624/2/1 रकबा 0.50 हेक्टर, सर्वे नम्बर-625/1 रकबा 0.50 हेक्टर, सर्वे नम्बर-625/2/1/1 रकबा 0.60 हेक्टर, कुल किता 3 कुल रकबा 1.60 हेक्टर लगानी बरूएट की स्थित ग्राम धनोडिया प०ह०नं0-50 तहसील झारडा जिला उज्जैन म.प्र. एवं 2 श्री हुकमचंद पटेल पिता श्री शंकरलालजी पटेल निवासी ग्राम लक्ष्मणखेड़ी तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म. प्र.) से उनके भूमि स्वामी स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-624/1 रकबा 0.50 हेक्टर, सर्वे नम्बर-624/2/2 रकबा 0.51 हेक्टर, सर्वे नम्बर-625/2/1/2 रकबा 0.57 हेक्टर, सर्वे नम्बर-625/2/2/1 रकबा 0.92 हेक्टर, सर्वे नम्बर-626/1 रकबा 0.77 हेक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 3.27 हेक्टर लगानी बरूएट की स्थित ग्राम धनोडिया प०ह०नं0-50 तहसील झारडा जिला उज्जैन म.प्र. में हैं, को क्रय करने का सोदा किया होकर अग्रिम विक्रय मूल्य राशि अदा कर अनुबंध-पत्र का सम्पादन करवा लिया हैं एवम विक्रय-पत्र सम्पादन व पंजीयन करवाना शेष हैं यदि उक्त भूमि को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन कोई अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबंध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात :7: दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धन-कारक नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-24-10-2026, स्थान-उज्जैन,

अमितेष जैन एडवोकेट
बी-4, भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन
मो. नं.-9827015929 मो. नं.-9098085783

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भूमि स्वामी कृषक (1) नगजीराम पिता उंकार निवासी ग्राम चापलाखेड़ी तहसील व जिला देवास के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम चापलाखेडी (रोड पर) तहसील व जिला देवास में भुमि सर्वे नम्बर 37 रकबा 1.10 हेक्टेयर में से रकबा 0.50 हेक्टेयर भूमि सर्वे नम्बर 01 कुल रकबा 0.50 हेक्टेयर भूमि स्थित है, इस बिकीत भूमि रकबा 0.50 हेक्टेयर भुमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार विक्रेता सुभाष शर्मा पिता बद्रीप्रसाद शर्मा आयु 56 वर्ष जाति सुतार निवासी एम आर 9 रोड 105/बी श्रधा श्री कालोनी इन्दौर तहसील व जिला इन्दौर ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर सौदा चिटठी संपादित कर दी थी, उपरोक्त भुमि का अनुबंध पत्र दिनांक 22/10/2026 को मेरे पक्षकार के हित में संपादित करवा लिया है।, तथा निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो ।

रवि प्रजापति अभिभाषक तराना
कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक मो.नं. 8827905460
मो.नं. 9893633443

पाकिस्तान कश्मीर का मुद्दा उठाकर हमें बचा रहा

बारामूला जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार हमारी मदद नहीं कर सकती। हमारे पडोसी को देखिए वह हर जगह कश्मीर का मुद्दा उठा रहा है। वह हमें बचा रहा है, वरना हमारी सरकार की नीयत ठीक नहीं है।बारामूला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फारूक ने कहा- केंद्र सरकार बड़े-बड़े दावे करती हैं और बातचीत की बातें करते हैं, लेकिन दिल्ली से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। उनका सामना कीजिए। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हमारी पहचान मिट जाएगी।सम्मान पाने के लिए पैरों पर खडा होना होगा= जब तक आप अपने पैरों पर खड़े नहीं होते, तब तक आपको कभी सम्मान नहीं मिलेगा, मेरी यह बात याद रखना। अगर आप अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने रब को याद करें और उनके दिखाए रास्ते पर चलें।एकजुट होंगे तभी बच पाएंगे बहुत से लोग आए और चले गए। हमने राजनीति में ऐसे बड़े-बड़े दिग्गजों को देखा है जिन्होंने हम पर जुल्म किए। याद रखें, जब तक आप एकजुट नहीं होंगे, तब तक आप कुछ भी हासिल नहीं कर पाएंगे।

जामिया के 5 स्टूडेंट 13 वें दिन भी भूख हड़ताल पर

नई दिल्ली-जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के पांच छात्रों की भूख हड़ताल शनिवार को 13वें दिन भी जारी है। छात्र जामिया में स्टूडेंट्स यूनियन बहाल करने और चीफ प्रॉक्टर को हटाने की मांग कर रहे हैं। जामिया की छात्र यूनियन को मार्च 2006 में भंग कर दिया गया था।इस बीच मैनेजमेंट ने सभी कोर्स की कक्षाएं ऑनलाइन करने का ऐलान कर दिया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक लागू रहेगी।यूनिवर्सिटी ने नोटिस में सभी डीन, विभागाध्यक्ष, निदेशकों, शिक्षकों और नियमित छात्रों को ऑनलाइन क्लासेस के शेड्यूल का पालन करने को कहा है।नोटिस में शिक्षकों से ऑनलाइन क्लासेस की व्यवस्था करने को कहा गया है। साथ ही, छात्रों को जरूरी मदद देने के निर्देश दिए गए हैं।

रक्षा सचिव राजेश सिंह का कार्यकाल एक साल बड़ा

नई दिल्ली केंद्र सरकार ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह का कार्यकाल एक साल बड़ा दिया है। अब वे 31 अक्टूबर 2027 तक या अगले आदेश तक जो भी पहले हो, इस पद पर बने रहेंगे। उनका मौजूदा कार्यकाल 31 अक्टूबर 2026 को समाप्त होने वाला था।राजेश कुमार सिंह ने 1 नवंबर 2024 को 40वें रक्षा सचिव के रूप में कार्यभार संभाला था। 31 अक्टूबर 2027 तक रिटायर होने तक वे करीब 1095 दिन तक इस पद पर रहेंगे। मोदी सरकार में किसी रक्षा सचिव का यह दूसरा सबसे लंबा कार्यकाल होगा। डॉ. अजय कुमार 1,166 दिनों तक भारत के रक्षा सचिव रहे थे। केरल कैडर के 1989 बैच के ट्रूस अधिकारी राजेश कुमार सिंह को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने और ष्ठ्रष्ठह्व में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए एक साल का एक्सटेंशन दिया गया है।

नेशनल हेराल्ड की जमीन पर बेदखली का केस खारिज

भोपाल भोपाल में नेशनल हेराल्ड की जमीन से बेदखली के मामले में जिला कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) का केस खारिज कर दिया। जमीन के कथित दुरुपयोग के आधार पर आवंटन निरस्त कर बेदखली के लिए सिविल केस दायर किया था। सुनवाई पूरी होने के बाद शनिवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। नेशनल हेराल्ड की प्रकाशन कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को वर्ष 1981 में एमपी नगर स्थित प्रेस कॉम्प्लेक्स में 1.14 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी।इस जमीन से हिंदी दैनिक नवजीवन का प्रकाशन होता था। वर्ष 1992 में अखबार का प्रकाशन बंद हो गया। कर्मचारियों के वेतन और भत्तों का पूरा भुगतान नहीं किए जाने का मामला जबलपुर हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

युवती की मौत के बाद परिजनों ने किया चक्काजाम



गुना। जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के सिरसी खुर्द गांव में 19 वर्षीय युवती की मौत के बाद मामला गरमा गया है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर युवती को परेशान करने और शादी के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि वे पहले भी तीन बार बजरंगगढ़ थाने शिकायत लेकर पहुंचे, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। जानकारी के अनुसार शनिवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजन कार्रवाई की मांग लेकर थाने पहुंचे। इसके बाद नाराज परिजनों ने गुना के हनुमान चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। करीब आधे घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान परिजनों ने संबंधित युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की। उक्त सूचना मिलने पर सीएसपी सैफा हाशमी और तहसीलदार मयंक तिवारी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस दौरान अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत की और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खोल दिया गया। सीएसपी सैफा हाशमी के मुताबिक, सिरसी खुर्द में 19 वर्षीय युवती की आत्महत्या का मामला सामने आया है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

उज्जैन में जीके टीएमटी की इंजीनियर मीटिंग

70 इंजीनियरों ने लिया हिस्सा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जीके टीएमटी की ओर से शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026 को होटल वराय ग्रांडे, उज्जैन में इंजीनियर मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में शहर के जाने-माने सिविल इंजीनियरों और आर्किटेक्ट्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 से 70 इंजीनियर शामिल हुए। बैठक में जीके टीएमटी की गुणवत्ता, निर्माण प्रक्रिया और विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में इसके उपयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में जीके टीएमटी के सीनियर टेक्निकल मैनेजर सिद्धांत अग्रवाल, मध्य प्रदेश के सीनियर मैनेजर शिव ओम पाठक, एरिया ऑफिसर ऋषिराज सिंह एवं शैलेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही इंदौर के मालवा-निमाड़ डिस्ट्रीब्यूटर वीके ब्रदर्स के संजय परवाल तथा उज्जैन डीलर गणेश दास अजय कुमार के संचालक अजय अग्रवाल और मनन अग्रवाल भी शामिल हुए।

गुणवत्ता और निर्माण प्रक्रिया की दी जानकारी-कंपनी के टेक्निकल मैनेजर सिद्धांत अग्रवाल ने जीके टीएमटी की क्वालिटी और निर्माण प्रक्रिया के ऊपर डिटेल में चर्चा की। आज रियल ग्रुप हर महीने 90 हजार से 1 लाख टन टीएमटी बनाता है और भारत के विभिन्न सेंट्रल गवर्नमेंट प्रोजेक्ट नेशनल हाईवे, रेलवे आरडीएसओ ईटीसी के विभिन्न प्रोजेक्ट्स और मेट्रो रेल्वे तथा स्टेट के प्रसानिक प्रोजेक्ट में सभी प्रोजेक्टों मे एप्रूव्ड है एवं एमपी के सभी प्राईवेट कंपनियों इत्यादि पर यह टीएमटी लगाया जाता है। सिद्धांत जी ने बताया की अपनी क्वालिटी के कारण जीके टीएमटी का अप्रूवल सेंट्रल गवर्नमेंट और स्टेट गवर्नमेंट के तकरीबन हर डिपार्टमेंट में है। जीके टीएमटी को डीआरसीएलओ नामक आयरन ओर से बनाया जाता है और कंपनी के इंटीग्रेटेड प्लांट में इसकी क्वालिटी को मेंटेन किया जाता है। आज मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा, गुजरात, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, राजस्थान में जीके टीएमटी का नाम बहुत गर्व से लिया जाता है। जीके टीएमटी की गुणवत्ता एन ए बी एल लैब द्वारा प्रमाणित है जो कि अपने आप में एक बड़ी बात है। उन्होंने बताया कि हमारी क्वालिटी किसी भी प्राइमरी प्रोड्यूसर के बराबर है और दाम उनसे काफी कम है और साथ में अनुरोध भी किया कि एक बार अपने प्रोजेक्ट में जीके टीएमटी को लगाइए और हमें बताइए कि आपको वह कैसा लगा। इंजीनियर ने इस प्रोग्राम में बहुत कुछ नया सीखा और बहुत इंटरएक्टिव सेशन रहा इसकी सराहना सभी ने की और बाद में सभी ने भोजन का आनंद लिया। इस टाइप के प्रोग्राम सीमेंट कंपनियां तो करती है पर स्टील कंपनी ने पहली बार किया है जो की बहुत सराहनीय है। कुछ लोगों ने तो वही वादा किया कि हम अपने प्रोजेक्ट में अच्छा सरिया यानी के जीके टीएमटी ही लगाएंगे।

मिलावट के विरूद्ध अभियान चलाया

गुना। त्यौहारों के मद्देनजर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार द्वारा मिलावट खोरों के विरूद्ध विशेष अभियान अंतर्गत लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी तारतम्य में राजस्व अधिकारी डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे, तहसीलदार मयंक तिवारी एवं आरती गौतम एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम ने जय स्तम्भ चौराहा गुना, स्थित पाराशर डेयरी एवं मावा भण्डार का औचक निरीक्षण किया। डेयरी पर विक्रय हेतु संग्रहित मावा एवं पनीर की गुणवत्ता संदिग्ध होने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मावा, पनीर एवं मिक्स केक के सैंपल जांच हेतु जब्त किये गये। डेयरी संचालक को डेयरी परिसर में पाई गई कमियों के लिये इम्प्रूव्हमेंट नोटिस भी दिया गया।

वहीं राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिला अस्पताल गुना की केण्टीन का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जांच अधिकारियों द्वारा केण्टीन संचालक एवं कार्यरत कर्मचारियों को व्यवस्था सुधार संबंधी निर्देश दिये गये। कलेक्टर जिला गुना के निर्देशानुसार मिलावट के विरूद्ध अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं सैम्पलिंग कार्यवाही निरंतर जारी है।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कुलदीप सिंह पिता श्री करणसिंह चौहान निवासी बी-2/3, महानंदा नगर, उज्जैन वर्तमान पता-ग्राम-इंगोरिया, तहसील-बड़नगर, जिला उज्जैन सें उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का आवासीय सह व्यवसायिक भूखण्ड क्रमांक-सी-22/9, ब्लाक क्रमांक-सी स्थित श्री, महाकाल वाणिज्यीक केन्द्र, उज्जैन कुल क्षेत्रफल 145.50 वर्गमीटर है जिसकी चर्तु:सीमा-पूर्व में कॉलोनी की सडक, पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक-सी-22/13, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक-सी-22/8, दक्षिण में -भूखण्ड क्रमांक-सी-22/10 होकर उक्त भूखण्ड कों क्रय करनें का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है। उक्त भूखण्ड फ्रीहोल्ड राईट्स का होकर मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित है। उक्त भूखण्ड के सौदा पेटे मेरे पक्षकार नें राशि भी प्रदान कर दी है, एवं शेष राशि इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात् उभयपक्षों के बीच तय शर्तो अनुसार मेरा पक्षकार प्रदान कर विक्रय पत्र का निष्पादन अपनें स्वंय कें हित में या अपनें द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में करवा लेगा। उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ दान विक्रय बक्शीश क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इसमें किसी भी पक्ष कों किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशनक 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकें, अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा अपनें हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा व उक्त अवधि समाप्त हो जानें के बाद किसी भी प्रकार का कोई क्लेम आपत्ति मान्य नही होगी, इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के बाद उक्त भूखण्ड के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूखण्ड का क्रय करनें का संव्यवहार नही करें।

दिनांक-24.10.2026

संदीप सोनी एडवोकेट
ए-11/2, ऋषि नगर, उज्जैन मो. 8224072849

InThe Court Of Principal Judge, Family Court, Ujjain(M.P.)

Presiding Officer: श्री संजीव कुमार गुप्ता
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCSHM/155/2026)
यश कटारिया.....आवेदक
वि.
श्रीमती मुस्कान कटारिया.....अनावेदक
प्रोसेस आईडी-
पेशी दिनांक 10/12/2026

प्रेषिती- श्रीमती मुस्कान कटारिया पति यश कटारिया, सी/ओ अंकित शर्मा पिता अशोक शर्मा, निवासी वजीरपुरा, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास, शाजापुर, जिला शाजापुर (म.प्र) मोबाईल नं. 9826526194

यह कि प्रार्थी यश कटारिया पिता श्री मुकेश कटारिया, आयु 33 वर्ष, निवासी-43/44, दादाभाई नौरोजी मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) ने आपके विरूद्ध धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात / हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का श्रीमती मुस्कान कटारिया पति यश कटारिया लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 24./10/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा **(संजीव कुमार गुप्ता)**
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, उज्जैन (म.प्र.)

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार राजेश पंवार पिता मदनलाल पंवार जाति प्रजापत निवासी ग्राम विक्रम नगर मौलाना तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि स्वामी युसुफ अली पिता मोईज अली जाति बोहरा आयु 46 वर्ष निवासी 129, सुभाष पथ, बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. के मालिकी एवं आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नम्बर 320/1/1/1/2 रकबा 0.0694 हे. मेसे भुखण्ड पूर्व पश्चिम बरूख दक्षिण दिशा में 22.5 फिट पूर्व पश्चिम बरूख उत्तर दिशा में 30 फिट, उत्तर दक्षिण बरूख पूर्व दिशा में 20 फिट स्थित होकर कुल क्षेत्रफल 224 वर्गफिट याने 20.81 वर्गमीटर का स्थित ग्राम मौलाना नंदनी कृषि यंत्र के पास पूर्व दिशा में तहसील बडनगर जिला उज्जैन है तथा उक्त भुखण्ड की चर्तुसीमा इस प्रकार है पुर्व मे नेशनल हाईवे अथोरिटी द्वारा अधिग्रहित भमि, पश्चिम में संजय पटोदी की फेक्ट्री, उत्तर मे संजय पटोदी की फेक्ट्री तथा दक्षिण में विक्रेता की शेष भुमि स्थित होकर उक्त भुखण्ड को कय करने कर सौदा कर, एक सौदा चिट्ठी दिनांक 21-10-2026 को क्रेता विकेता एवं गवाहो के समक्ष दौनो पार्टी ने हस्ताक्षर कर, सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय मुल्य की आंशिक राशि का भुगतान कर दिया गया है, तथा अनुबधीत भुखण्ड का मेरा पक्षकार के पक्ष में विक्रय पत्र सम्पादित होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भुमि से संबंधित मुख्त्यारनामा या मुख्त्यारनामाखास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का हित स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई सम्पत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भितर मेरे कार्यालय मे लिखित रूप मे मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधीत भुखण्ड का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा। सूचित हो। दिनांक 24-10-2 026

अंकित दवे, एड्वोकेट,
कोर्ट परिसर, बडनगर जिला उज्जैन
मो. 8989405172

In The Court Of II Civil Judge Class I.District Court,Ujjain

Presiding Officer:**श्री किशन देव सिंह पटेल**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक ((MIC SUC/0000051/2026)
मोहम्मद लियाकत अंसारी .... आवेदक
विरूद्ध
केनरा बैंक द्वारा शाखा प्रबंधक शाखा धी मंडी दौलतगंज
.....अनावेदक
प्रोसेस आईडी-/2026
पेशी दिनांक 04/11/2026

प्रेषिती-
(1)सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद लियाकत अंसारी पिता मोहम्मद इब्राहीम, आयु-56 नार, निवासी-10/1 अमरपुरा गली नं.1 उज्जैन म प्र की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन उसके पिता मोहम्मद इब्राहीम पिता मोहम्मद हुसैन एवं अनावेदक क्रं. 2 अब्दुल कादर पिता श्री गुलाम कादर, आयु-52 वर्ष, निवासी-इंदिरा नगर बेगमबाग नाले के पास उज्जैन म.प्र., अनावेदक क्रं. 3 मोहम्मद जहुर अंसारी पिता सिराजउददीन, आयु-63 वर्ष, निवासी-5 सफी की मस्जिद के पास फकीर गली नं. 2 उज्जैन म प्र का एक संयुक्त बचत खाता नंबर 0296101028224 केनरा बैंक शाखा घी मण्डी उज्जैन में है जिसमें राशि 372157/- रुपये जमा है, जिसमें उसके पिता के द्वारा किसी को नॉमिनी नियुक्त नहीं किया गया था उसके पिता का इंतकाल दिनांक 23/03/2026 को उज्जैन शहर में हो चुका है। उक्त खाते में दिनांक 27/09/2026 तक 372157/- रुपये जमा है, है उक्त जमा राशि में से 1/3 राशि रुपये 124053/- मय ब्याज आदेश दिनांक तक प्राप्त करने हेतु आवेदक उत्तराधिकारी है। आवेदक के अलावा मोहम्मद इब्राहीम पिता श्री मोहम्मद हुसैन का अन्य कोई उत्तराधिकारी नहीं है। आवेदक पिता ने मृतक मोहम्मद इब्राहीम पिता श्री मोहम्मद हुसैन निवासी-उज्जैन की उक्त बैक के उक्त बचत खाते में दिनांक 27/09/2026 तक 372157 रुपये जमा राशि में से 1/3 राशि रुपये 124053/- मय ब्याज आदेश दिनांक तक उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में जिसकी सुनवाई दिनांक 04 नवंबर 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने त्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 04 नवंबर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, हे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। आज तारीख 24अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर लगाकर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा **न्यायाधीश**
किशन देव सिंह पटेल
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड जिला-उज्जैन(म. प्र.)

गुना में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, भोर सुबह 65 लीटर अवैध शराब जब्त

गुना। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम बेहटा में दबिश देकर 65 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की, वहीं ग्राम सिंगवासा में 100 किलोग्राम लाहन भी बरामद किया है। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और ग्वालियर संभाग के उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर 24 अक्टूबर को सुबह करीब 6: 45 बजे ग्राम बेहटा में एक मकान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान के आंगन में प्लास्टिक की दो बोरियों से 93 पाउच में रखी लगभग 65 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। मौके पर मौजूद महिला लक्ष्मीबाई, पत्नी राजू केवट, उम्र 40 वर्ष, निवासी बेहटा से पूछताछ की गई। आबकारी विभाग के अनुसार, महिला ने मदिरा बेचने की बात स्वीकार की। शराब से तेज गंध आने के कारण जांच के लिए नमूने लेकर एफएसएल ग्वालियर भेजने की प्रक्रिया की गई। विभाग ने आरोपी महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। बाद में न्यायालय में पेश किए जाने पर उसे जेल भेज दिया गया। इसके अलावा, ग्राम सिंगवासा में कार्रवाई के दौरान 100 किलोग्राम लाहन भी जब्त किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी प्रधान आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, गोविंद सिंह मीणा, कमल बरोदिया तथा महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी और खुशबू रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने रामसिह पिता भैरूलाल निवासी ग्राम तालोद तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) व कृषक ग्राम नवेली तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 244 रकबा 0.54 हेक्टेयर स्थित ग्राम नवेली तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विकय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो।

दिनांक - 24-10-2026 स्थान - उज्जैन

अजय कुमावत एडवोकेट
कार्यालय पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन
मो. 9993364312

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामीगण 01. श्रीमती किरण बाई पति श्री भेरू सिंह, 02. दीपक पिता श्री भेरू सिंह, निवासीगण ग्राम आहूखान, तहसील व जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 22/1/2 रकबा 0.654 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 22/2 रकबा 0.954 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक 22/3 रकबा 0.955 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 2.563 हेक्टर, ग्राम आहूखाना, तहसील उज्जैन नगर, जिला उज्जैन में स्थित है, को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो। दिनांक 24/10/2026, उज्जैन

मोनिका सिंह, एडवोकेट
ऑफिस-सीएफ-10, भरतपुरी, उज्जैन
मो. 98263 42244

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एस.एम.एफजी. इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 152 स्थित भगतसिंह मार्ग जुनियर देवास तहसील व जिला देवास (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 966.73 वर्गफीट है। जिसके पूर्व मे- रोड़, पश्चिम में- रफीक खान का भाग, उत्तर में- भवन मुंशीजी का, दक्षिण मे- भवन छोटे पहलवान का स्थित है। उक्त संपत्ति मे से एक भाग गुलार बी पति बाबु खान ने नोटराइज्ड हिबानामा दिनांक 02/08/2017 को अपने पुत्र सलीम घोसी पिता बाबुखान के हित में निष्पादित किया। तथा सलीम घोसी ने उक्त संपत्ति पर अपना नाम देवास नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक एआर/27/0917/2363 जावक न. 1775 दिनांक 18/09/2017 को अपना नाम दर्ज करवया। तथा सलीम घोसी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एस.एम.एफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से पांच दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एस.एम.एफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एस.एम.एफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

सूचित हो । 24.10.2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9301860352

न्यूज-कॉलम

शरद पूर्णिमा पर श्वास रोग की औषधि का वितरण होगा

पिपलिया मंडी। 26 अक्टूबर सोमवार शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुपीठ निनोरा धाम, पिपलिया मंडी, जिला मंदसौर (मध्य प्रदेश) में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार श्वास रोग से संबंधित औषधि का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं रोगियों के गुरुपीठ पहुंचने की संभावना है। संस्था अध्यक्ष डॉ. मिथिलेश जी नागर ने बताया किगुरुपीठ निनोरा धाम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में श्रद्धालु शरद पूर्णिमा की रात्रि में पहुंचकर औषधि प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। दवाई हेतु टोकन सायं 7 बजे से मिलना शुरू हो जाएंगे एवं रात को 12 बजे बाद दवाई वितरित की जाएगी ।

पीजी कॉलेज ने जीती जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता

मन्दसौर। शासकीय शिवनारायण उदिया महाविद्यालय गरोठ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (पीजी कॉलेज) मंदसौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया था। रोमांचक फाइनल मुकाबला मंदसौर और गरोठ कॉलेज की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें मंदसौर ने जीत अपने नाम की। इस जीत के साथ ही महाविद्यालय की चार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों वर्षा पाटीदार, अपेक्षा मालवीय, अविका मालवीय और उर्मिला सुथारकृका चयन संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहां वे मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

आज श्री सांई बाबा मंदिर पर विशाल भंडारा

मन्दसौर। आज शरद पूर्णिमा के अवसर पर वन विभाग परिसर स्थित श्री साईं बाबा मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। मंदिर परिसर में पिछले 31 वर्षों से यह परंपरा निरंतर चली आ रही है। श्री साईं बाबा भक्त मंडल के कुशाल सिंह पंवार और विश्वास दुबे ने बताया कि आज दोप. 3 बजे से बाबा की प्रतिमा का अभिषेक एवं हवन किया जाएगा। इसके पश्चात सायं 5 बजे महाआरती होगी और उसके बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी (विशाल भंडारे) का आयोजन किया जाएगा।

मंदसौर के युवाओं को तरूण परिषद में मिले राष्ट्रीय दायित्व

मन्दसौर। अखिल भारतीय राजेंद्र जैन तरुण परिषद के संगठन को अधिक सशक्त बनाने की दिशा में मंदसौर के ऊजार्वान युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। संगठन की आधिकारिक घोषणा के अनुसार, मंदसौर से यश बाफना को राष्ट्रीय निर्देशक, आदिश जैन को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महावीर मारू को राष्ट्रीय शिक्षा मंत्री और रिद्धम नाहटा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। समाजजनों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि इनके कुशल नेतृत्व में संगठन त्रिस्तुतिक संघ के युवाओं को और अधिक मजबूती से जोड़ने का कार्य करेगा।

250 ग्राम एम.डी. और डोडाचूरा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के पुलिस थाना भानपुरा ने 250 ग्राम एम.डी. (कीमत 25 लाख रु.) और 5 किलोग्राम डोडाचूरा (कीमत 10 हजार रु.) के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल और दो एंड्रॉइड मोबाइल भी जब्त किए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस टीम ने गरोठ-भानपुरा मार्ग पर चेकिंग के दौरान आरोपी लक्ष्मण और गोविंद निवासी बरडिया बामनी को पकड़ा। पूछताछ में इन्होंने यह अवैध पदार्थ महेंद्र सिंह निवासी चांदखेड़ी से लेना बताया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मुख्य आपूर्तिकर्ता ईश्वर सिंह निवासी धामनिया की तलाश जारी है।

बहुप्रतिक्षित नई अफीम नीति घोषित, 10 हजार से अधिक नए किसान जुड़ेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



अफीम काश्तकार नई अफीम नीति 2026-27 का लम्बे समय से इंतजार कर रहे थे। 23 अक्टूबर को भारत सरकार के राजपत्र में वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी कर नई अफीम नीति की घोषणा कर दी है। इस नीति में किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिससे 10 हजार से अधिक नए किसान अफीम की खेती से जुड़ सकेंगे।

नई अफीम नीति के बारे में सांसद सुधीर गुप्ता ने बताया कि चीरा पद्धति में पिछले वर्ष 4.4 से अधिक मॉर्फिन औसत वाले पात्र किसानों को 10 आरी का लाइसेंस मिलेगा। वहीं, सीपीएस पद्धति के तहत 3.0 से 4.4 मॉर्फिन औसत या 800 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक पोस्त भूसा जमा करने वाले किसानों को 5 आरी का लाइसेंस दिया जाएगा। इसके अलावा, 1998-99 से 2002-03 तक के किसानों के लिए मॉर्फिन औसत मानक में २ किलोग्राम की छूट दी गई है, जिससे नए किसानों को भी मौका मिलेगा। सीपीएस पद्धति में पांच फसल वर्षों के लिए एकमुश्त लाइसेंस देने और वास्तविक खेती के क्षेत्र में 5 प्रतिशत तक की छूट देने के प्रावधान से किसानों को बड़ी राहत मिली है।

किसानों की मुश्किलें बढेगी- दूसरी ओर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने नई अफीम नीति की शर्तों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि 4.4 किलोग्राम मॉर्फिन की पात्रता और अगले वर्ष के लिए 5.9 किलोग्राम के कड़े लक्ष्य से किसानों की मुश्किलें बढ़ेंगी।

उन्होंने मांग की है कि प्राकृतिक आपदा और मौसम की अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए सरकार को मॉर्फिन और सीपीएस पद्धति की उपज संबंधी शर्तों की समीक्षा करनी चाहिए ताकि किसानों की आजीविका सुरक्षित रह सके।

मंदसौर में 1 से 5 नवंबर तक होगी 70वीं राज्य स्तरीय शालेय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता



दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

1 से 5 नवंबर तक मंदसौर 70वीं राज्य स्तरीय शालेय रोलर स्केटिंग (बालक/ बालिका वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर लाल बहादुर शास्त्री उत्कृष्ट उ.मा.वि. के सभा कक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री जाट ने कहा कि पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में मालवा की परंपरा के अनुसार मेहमान नवाजियों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। यह प्रतियोगिता लोटस वैली स्कूल, रेवास देवड़ा रोड पर आयोजित होगी, जिसमें दस संभागों के कुल 480 बालक-बालिकाएं और 60 ऑफिशियल्स भाग लेंगे। बालकों की आवास व्यवस्था डाइट परिसर के नवीन बालक छात्रावास और बालिकाओं की व्यवस्था कन्या छात्रावास में की गई है। प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में आयोजित हो रही है। बैठक में जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन अध्यक्ष कपिल भंडारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंदसौर राजेश कुमार शर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य के. सी.सोलंकी, प्राचार्य रविंद्र दवे मंचासीन रहे। संचालन प्राचार्य अशोक रत्नावत एवं आशीष बंसल ने किया। आभार प्रदर्शन जिला क्रीड़ा अधिकारी जी.एल.जोगचंद ने माना। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार समिति के संयोजक एवं प्राचार्य शहजाद हुसैन ने दी।

एक क्विंटल डोडाचूरा की तस्करी करने वाले 2 आरोपीगण को 6-6 वर्ष का कारावास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच।

विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी. एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा मोटर सायकल पर 103.130 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले दो आरोपीगण देवीलाल पिता फूलचंद गुर्जर, उम्र-30 वर्ष तथा मांगीलाल पिता मोहन लाल रावत, दोनो निवासी-ग्राम मालीहेड़ा, तहसील छोडी सादड़ी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) को ध्एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 6-6 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 40-40 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 30.09.2024 को कार्यालय उपनारकोटिक्स आयुक्त नीमच में मुखबिर गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि देवीलाल नाम का व्यक्ति लगभग 1 से 1.5 क्विंटल अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी मोटरसायकल से ग्राम चक सुक्कड़, तहसील छोटी सादड़ी जिला प्रतापगढ़ स्थित पुलिया के पास से करने वाला हैं। मुखबीर सूचना पर से निवारक दल का गठन कर उसको मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान पर तैनात किया गया। रात्री लगभग 10.30 बजे निवारक दल को तीराहे पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा हुवा दिखाई दिया, जिसके पास तीन कट्टे रखे हुवे थे। थोड़ी देर बाद एक मोटरसायकल पर दो व्यक्ति आये जिनके बीच में दो कट्टे रखे हुवे थे। दोनो व्यक्ति उतरे और कट्टे उतारे फिर तीनो व्यक्ति किसी का इंतजार करने लगे। निवारक दल जब तीनों व्यक्तियों के पास पँहुचा तो तीनो व्यक्ति भागने लगे, जिसमें से दो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया तथा एक व्यक्ति भागने में सफल हो गया। पकड़े गये दोनो व्यक्तियों से उनका नाम पुछे जाने पर उन्होनें अपना नाम देवीलाल और मांगीलाल बताया। सभी 5 कट्टों में 103.130 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा रखा हुवा मिला।

लंबे समय से फरार चल रहा सराफा व्यापारी अक्षय चपड़ोद गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जिले केवजावरा में एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे रतलाम के सराफा व्यापारी अक्षय चपड़ोद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जावरा शहर थाना पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर उसे रतलाम के चांदनी चौक क्षेत्र से धर दबोचा। आरोपी को शुक्रवार शाम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। फरार आरोपी अक्षय चपड़ोद चांदनी चौक क्षेत्र में घूम रहा है और अपने घर पर भी आ-जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि अक्षय मुख्य आरोपी सुनील सूर्या से एमडी ड्रग्स खरीदता था। वह खुद इसका सेवन करने के साथ-साथ इसे आगे बेचने का काम भी करता था। यह मामला 6 मई 2025 का है, जब जावरा में महू-नीमच हाईवे स्थित पटेल होटल के सामने पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार की तलाशी ली थी। तलाशी में कार से 22 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई थी। पुलिस ने मौके से ट्रांसपोर्ट व्यवसायी कमलेश जैन और उसके साथी साबिर खान को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया था कि वे रतलाम निवासी सुनील सूर्या के जरिए दलोदा से ड्रग्स मंगवाते थे। इसके बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए सुनील सूर्या सहित 9 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

उपमुख्यमंत्री ने तीन करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलियामंडी



नगर को विकास की एक और सौगात मिली है। टीलाखेड़ा मुक्तिधाम से श्री सांवलिया सेठ जी मंदिर तक लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा। शनिवार को मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सांसद सुधीर गुप्ता ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया, पूजन पंडित सुनील रावल बरखेड़ा ने संपन्न करवाई।

सड़क निर्माण होने से क्षेत्र के नागरिकों और श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी। लंबे समय से इस मार्ग पर बेहतर सड़क की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस निर्माण कार्य से नगर के विकास को गति मिलने के साथ ही मंदिर तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह माचोपुरिया,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया ,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया,वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर तेजपाल सिंह धाकड़ी, पूर्व नप अध्यक्ष श्रीमती प्रवीणा गुप्ता, पूर्व नप अध्यक्ष दिनेश प्रजापत,मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार जी गुप्ता, वरिष्ठ समाज सेवी रूपचंद जी होतवानी, वरिष्ठ मंडी व्यापारी शंकर लाल जी हरजानी ,सुरेश जी हरजानी, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुरेश जी रूपरा ,अग्रवाल समाज पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, पूर्व मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष कैलाश गुप्ता काका, सहित नगर परिषद के पार्षद, सभापति एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सैलाना में मकान सौदे में धोखाधड़ी का आरोप, बैंक में बंधक मकान आरोपियों ने बेच दिया

रतलाम। जिले के सैलाना थाना क्षेत्र के ग्राम धामनोद में नाई गली स्थित मकान की शिकायत थाना सैलाना में प्राप्त होने पर पुलिस ने शिकायत जांच के बाद तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने बैंक में बंधक रखे गए मकान को फरियादिया को बेच दिया था।

जांच अधिकारी द्वारा कथन और दस्तावेजों के आधार पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 318(3) का पाया जाने पर प्रतिवेदन थाना प्रभारी को भेजा गया। बाद में पुलिस अधीक्षक जिला रतलाम के आदेश पर धारा 318(4) क्रहस् के तहत अपराध पंजीबद्ध करने की अनुमति प्राप्त हुई।

फरियादिया ने आरोप लगाया कि ग्राम धामनोद में स्थित उनके स्वत्व और आधिपत्य के मकान का सौदा आरोपी पक्ष से हुआ था। आरोप है कि .4.2023 संपूर्ण राशि प्राप्त कर मकान की रजिस्ट्री करवा दी ओरिजनल रजिस्ट्री की मांग करने टालमटोल करने लगा वर्ष 2025 में बैंक ने मकान को सील कर दिया आरोपियों ने फरियादी को बैंक बंधक मकान को बेचकर फरियादी धोखा देकर रुपये प्राप्त कर अवैध लाभ प्राप्त किया।

रतलाम रेल मण्डल पवासा और मोहन पुरा में बनाएगा दो नए रेलवे स्टेशन

रतलाम। उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या के अनुमानों को देखते हुए रतलाम रेल मण्डल द्वारा बडे पैमाने पर कार्ययोजना बनाई गई है। रेल मण्डल द्वारा मण्डल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कुल लगभग करोड रु. की लागत से विभिन्न यात्री सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है। रेल मण्डल की व्यापक कार्ययोजना में उज्जैन के समीप दो नए रेलवे स्टेशनों का निर्माण भी शामिल है।रतलाम रेल मण्डल की वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सुश्री हीना केवलरमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिंहस्थ 2028 के दौरान डेढ करोड से अधिक श्रद्धालुओं के रेल गाडियों से उज्जैन पंहुचने का अनुमान है। रेलयात्रियों की संख्या में इतनी बडी वृद्धि को देखते हुए रेल मण्डल द्वारा उज्जैन के समीप दो नए रेलवे स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है,ताकि उज्जैन रेलवे स्टेशन पर पडने वाले यात्रियों दबाव को कम किया जा सके।

नेट -जेआरएफ, सेट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर विद्यार्थियों को किया मार्गदर्शित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलियामंडी में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं करियर के विभिन्न अवसरों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सेट, नेट - जेआरएफ सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्वरूप, तैयारी और भविष्य में उपलब्ध अवसरों के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया तथा उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक रहकर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्रो आरएस कटारा ने सेट परीक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। प्रो. रितु शर्मा ने विद्यार्थियों को नेट- जेआरएफ परीक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दयानंद पाटीदार सर ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उनसे जुड़े करियर अवसरों के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करने तथा योजनाबद्ध ढंग से तैयारी करने के महत्त्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रो प्रेरणा शर्मा ने किया एवं आभार रेखा पाटीदार ने माना। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ परिवार एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्य में लापरवाही व निर्देशों की अवहेलना पर शहरी आशा कार्यकर्ता की सेवा समाप्त

नीमच,। कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने, बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शों की अवहेलना करने के मामले में नीमच जिले में वार्ड क्रमांक 31 की शहरी आशा कार्यकर्ता श्रीमती वनमाला फरक्या की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। संबंधित आशा कार्यकर्ता को विगत कई वर्षों से कार्य में सुधार लाने के लिए पत्राचार के माध्यम से निर्देश दिए जा रहे थे। उन्हें कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने, सूचनाएं समय पर प्रस्तुत करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ और निर्धारित निदेर्शों का लगातार पालन नहीं किया गया। संबंधित आशा कार्यकर्ता द्वारा लगातार निदेर्शों की अवहेलना किए जाने के संबंध में शहरी क्षेत्र के नोडल अधिकारी द्वारा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसके आधार पर कार्यालय स्तर पर कार्रवाई की गई। साथ ही, आशा चयन संबंधी दिशा-निदेर्शों के अनुरूप कार्रवाई करते हुए जिला स्वास्थ्य समिति के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया।जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा प्रकरण पर विचार करने के बाद संबंधित आशा कार्यकर्ता की सेवा समाप्ति को अनुमोदित किया गया।

न्यूज कालम



उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा में 19800 नवसाक्षरों ने दिखाया उत्साह

मन्दसौर। जिले के 1243 सामाजिक चेतना केंद्रों पर शनिवार को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। 15 वर्ष से अधिक आयु के 19800 नवसाक्षरों ने इस परीक्षा में पूरी उत्सुकता के साथ भाग लिया।जिला समन्वयक रामलाल लोदवार ने बताया कि कलेक्टर दिव्यांक सिंह और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन के निर्देशन में यह परीक्षा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक हुई। 150 अंकों की इस परीक्षा में पढ़ना, लिखना और गणित के विषयों पर आधारित मूल्यांकन किया गया। केंद्रों पर ही उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कर परिणाम ऑनलाइन दर्ज किए गए। इस दौरान जिले के कई अनूठे रंग भी देखने को मिले, जहां मल्हारगढ़ के रणायरा केंद्र पर पति-पत्नी (केशरसिंह और कौशल्याबाई) ने एक साथ परीक्षा दी, तो वहीं नयाखेड़ा केंद्र पर दिव्यांग श्याम शर्मा भी शामिल हुए। जनगणना-2011 के अनुसार कुल 2 लाख 48 हजार 730 को साक्षर बनाने का लक्ष्य था जिसमें पूर्व में आयोजित हुई ६ परीक्षाओं में 1 लाख 52 हजार 167 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हो चुके है। जिले को 2027 तक शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लक्ष्य के तहत अक्षर साथियों ने इन नवसाक्षरों को पढ़ाने में निःशुल्क सेवाएं दी हैं।

620 किलोग्राम महुआ लहान और पांच लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त

नीमच, । कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने वृत्त मनासा के ग्राम पिपलिया रुड़ी, मालखेड़ा सहित अन्य स्थानों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 620 किलोग्राम महुआ लहान और 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 63250 रुपये है। जिला आबकारी अधिकारी श्री बी.एल. दांगी के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री बी.एल. सिंगाड़ा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत दो प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्री संजय कंवारे, पंकज राठौर एवं दीपक आंजना तथा आबकारी आरक्षक श्री विष्णु यादव, महेश गहलोत, विलास डगिया, श्री बलवंत भाटी, हंसराज बिलवाल, सुश्री निशा राजपूत एवं सुश्री मधुमिता मालवीय शामिल रहे। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

मकान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन साल की सजा

मंदसौर । न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री उत्कर्ष राज सोनी की अदालत ने मकान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपिया संगीता पति मांगुदास बैरागी निवासी कोठारी कॉलोनी, मंदसौर को दोषी करार देते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के जुमार्ने से दंडित किया है। अभियोजन मीडिया प्रभारी बलराम सोलंकी ने बताया कि 8 अप्रैल 2022 को फरियादी देवेंद्र सांखला ने थाना शहर कोतवाली में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसमें फरियादी ने बताया कि संगीता बैरागी से उनका तीन मंजिला मकान 25 लाख रु. में तय हुआ था, जिसके अनुबंध के दौरान 4 लाख रुपये का चेक दिया गया था और छह महीने के भीतर रजिस्ट्री कराकर शेष राशि देने की बात तय हुई थी। दो महीने बाद जब फरियादी रजिस्ट्री करवाने पहुंचा, तो उसे पता चला कि आरोपिया ने छल-कपट पूर्वक वही मकान पुष्पा सांखला को 30 लाख रु. में बेचकर 3 लाख रुपये नकद ले लिए हैं। इसके अलावा, छानबीन में यह भी सामने आया कि संगीता ने मकान की दूसरी मंजिल के कुछ हिस्से को चेतन सोनी के पास 3 लाख 20 हजार रुपये में गिरवी रखा था। आरोपिया द्वारा इसी तरह कई अन्य लोगों से भी पैसे लेकर धोखाधड़ी की गई थी।

सांदीपनी स्कूल बस का यातायात पुलिस ने किया निरीक्षण

नीमच। पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक जिला नीमच के निर्देशानुसार 24 अक्टूबर को स्कूली बच्चों की सुरक्षा एवं विद्यालयीन वाहनों द्वारा यातायात के नियमों की अनुपालन को सुनिश्चित कराने हेतु,थाना प्रभारी यातायात एवं टीम द्वारा आज संदीपनी स्कूल नीमच में विद्यालय के प्राचार्य महेश शर्मा , स्कूल के मोटर ट्रांसपोर्ट ऑफिसर व अन्य विद्यालय प्रबंधन के साथ स्कूली वाहनों की फिटनेस, टैक्स, पीयूसी,परमिट फर्स्ट एड बॉक्स स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, आपातकालीन विंडो की क्रियाशीलता, ड्राइवर्स व परिचालक के लाइसेंस, आदि की जांच की गई साथ ही विद्यालय प्रबंधन को ड्राइवर्स की आंखों की चिकित्सक द्वारा जांच एवं पुलिस द्वारा चरित्र सत्यापन कराने एवं आगामी समय में होने वाली दस्तावेजी कमियों के बारे में अवगत कराया गया।

कलेक्टर ने किया खिलचीपुर अस्पताल का निरीक्षण

ब्यावरा-राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने खिलचीपुर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शेख जलालुद्दीन एवं बीएमओ डॉ. कमल दांगी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इंडेंट रजिस्टर, आवश्यक दवा सूची, ओपीडी रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं स्टॉक रूम में पहुंचकर दवाओं के भौतिक स्टॉक का सत्यापन किया। इंडेंट रजिस्टर एवं आवश्यक दवा सूची का समय पर अद्यतन नहीं होने पर कलेक्टर ने गहरा असंतोष व्यक्त किया।

आज होगा अस्मिता वेटलिफ्टिंग सिटी टूर्नामेंट

खाचरोद। भारत सरकार की खेलो इंडिया एवं अस्मिता पहल के अंतर्गत अस्मिता वेटलिफ्टिंग सिटी टूर्नामेंट का आयोजन 25 अक्टूबर 2026 को श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ, खाचरौद में किया जाएगा।इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं की खेलों में भागीदारी को बढ़ावा देना, महिला खिलाड़ियों को प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्रदान करना तथा नई खेल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। आयोजन में महिला वेटलिफ्टर्स की सहभागिता रहेगी।आयोजकों ने खेलप्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

बाइक अनियंत्रित होने से व्यक्ति गंभीर घायल

सुसनेर। पालड़ा के समीप शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे बाइक अनियंत्रित होने से 55 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान कन्हैयालाल पिता शिवलाल, निवासी खेजड़िया, पिड़ावा (राजस्थान) के रूप में हुई है। घटना की सूचना राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची, जहां पैरामेडिकल स्टाफ शहजाद खान ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद उन्हें सिविल अस्पताल सुसनेर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

श्री पंच मालवीय प्रजापत समाज की नई कार्यकारिणी गठित

उन्हेल। श्री पंच मालवीय प्रजापत समाज, उन्हेल की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, इसमें संजय प्रजापत को समाज के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी गठन के दौरान समाज के वरिष्ठजनों एवं समाजबंधुओं ने समाज की एकता, अखंडता और सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी में हीरालाल प्रजापत को उपाध्यक्ष, गोविंद प्रजापत को कोषाध्यक्ष, राहुल प्रजापत को सचिव, शिवम प्रजापत को सह सचिव तथा मुकेश प्रजापत को मीडिया प्रभारी बनाया गया। नवीन कार्यकारिणी ने समाज के सभी सदस्यों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से समाजहित में रचनात्मक गतिविधियां संचालित करने तथा समाज की प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने होटल, रेस्टोरेंट एवं डेयरी का किया निरीक्षण

ब्यावरा-राजगढ़। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस.खत्री द्वारा खिलचीपुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थावरिया बाजार, खिलचीपुर स्थित देव नारायण डेयरी से दूध एवं घी के नमूने लिए गए। वहीं, बस स्टैंड खिलचीपुर स्थित जय श्री महाकाल रेस्टोरेंट से मावा, मावा बर्फी एवं सेव पापड़ी के अलग-अलग नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। संग्रहित नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा जाएगा। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का चौथा दिन

धार्मिक स्थलों में पारदर्शिता, सनातन सम्मान व लोकतंत्र में मताधिकार की रक्षा जरूरी- दिग्विजयसिंह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना





पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा शुक्रवार को चौथे दिन तराना से आगे बढ़ी। उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही इस पदयात्रा को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का समर्थन मिल रहा है। शुक्रवार सुबह तराना स्थित आईटीआई कॉलेज, सिद्धपुर रोड से यात्रा शुरू हुई। दिग्विजय सिंह साधु-संतों और समर्थकों के साथ सिद्धपुर और निपानिया होते हुए आगे बढ़े। दोपहर में भोजन और विश्राम के बाद शंकरपुर जोड़ से यात्रा दोबारा शुरू हुई। इसके बाद पदयात्रा कनार्दी, गुठलाई जोड़ और देवाखेड़ा होते हुए जूनापानी जोड़ पहुंचेगी।यात्रा के दौरान दिग्विजय सिंह ग्रामीणों से संवाद कर रहे हैं और धार्मिक स्थलों में पारदर्शिता, सनातन परंपरा के सम्मान तथा लोकतंत्र में मताधिकार की रक्षा जैसे मुद्दों पर अपनी बात रख रहे हैं।

उन्होंने राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामलों की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। साथ ही वोट चोरी के मुद्दे पर सवाल उठाते हुए ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी दोहराई है। उनका कहना है कि धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के दान और चढ़ावे की व्यवस्था में पारदर्शिता होनी चाहिए और लोकतंत्र में जनता के मताधिकार की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

इस दौरान वह महिला किसानों के साथ प्याज की बुवाई में हाथ बंटाती और पौधों में पानी डालती भी नजर आईं।दिग्विजय सिंह की इस यात्रा का उद्देश्य सनातन परंपरा और धार्मिक आस्था से जुड़े मुद्दों पर जनजागरण के साथ ही धार्मिक संस्थाओं में पारदर्शिता तथा लोकतंत्र में मताधिकार की रक्षा की आवाज उठाना है।

महिला किसानों के बीच पहुंचीं अमृता राय

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में दिग्विजय सिंह की पत्नी अमृता राय भी लगातार कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। वह यात्रा के दौरान लोगों संवाद भी कर रही हैं और उनकी समस्याओं को समझ रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को अमृता राय खेतों में प्याज की बुवाई कर रही महिला किसानों के बीच पहुंचीं। उन्होंने महिला किसानों से बातचीत कर खेती-किसानी से जुड़ी उनकी परेशानियों और अनुभवों को जाना।



भाजपा उज्जैन ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी सहसंयोजक का श्री राम अखाड़ा द्वारा स्वागत

उन्हेल। भारतीय जनता पार्टी जिला उज्जैन ग्रामीण द्वारा नियुक्त भाजपा सोशल मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक विष्णु प्रजापत उन्हेल का स्वागत किया गया एवं नवनिर्वाचित बैरागी समाज उन्हेल मंडल अध्यक्ष महंत लोकेंद्र दास बैरागी का भी भव्य स्वागत सरकार श्री राम भक्त अखाड़ा व्यायामशाला उन्हेल द्वारा किया गया इस अवसर पर अखाड़ा व्यायामशाला के उस्ताद धर्मेंद्र सेन अखाड़ा के अध्यक्ष शेखर जटिया राधेश्याम प्रजापत लखन सूर्यवंशी गोकुल माली रवि कपासिया अजय पांचाल किशोर डेलवास पंकज प्रजापत विवेक चौहान रवि सेन महेश गुजराती भाजपा आईटी जिला संयोजक मुकेश गांधी भाजपा सोशल मीडिया विभाग उन्हेल मंडल संयोजक बंसी सुजान गंधर्व आदि पहलवान उपस्थित रहे।

ब्रेकर पर ऑटो से गिरा पर्स दुकानदार ने जीआरपी पुलिस ने फरियादी को लौटाया



ब्यावरा। ब्यावरा शहर के जीआरपी थाना अंतर्गत फरियादी दीपक यादव ने बताया कि उसकी पत्नी तुलसी यादव ट्रेन नागदा बीना पेस्सेंजर में उज्जैन से ब्यावरा आयी, जिसका स्टेशन के आसपास हैंड बैग गुम गया है जिसके अंदर एक मोबाइल नगद रुपये व अन्य सामान रखा है सूचना पर से जीआरपी थाना से प्रधान आरक्षण रवीन्द्र परते आरक्षक देवी सिंह आरक्षक जितेन्द्र यादव ने साइबर सेल जीआरपी इंदौर से मोबाइल की लोकेशन प्राप्त कर तलाश शुरू की 4 घंटे की मशक्कत के बाद लोकेशन पर पहुंच कर तलाश करते अंडे की दुकान संचालक पप्पू ठाकुर ने बताया कि एक ऑटो मेरी दुकान के सामने से बहुत तेजी से निकला ब्रेकर पर यह पर्स नीचे गिर गया था तभी मेने उस ऑटो वाले को आवाज दी पर उसने नहीं सुनी वही पर्स सुरक्षित मेरे पास रखा है बाद दुकानदार से पर्स प्राप्त कर सभी सामन फरियादी को सुपुर्द किया जिसने जीआरपी पुलिस की बहुत सराहना की।

राजपाल का संभाग स्तरीय पुरुष कबड्डी टीम प्रतियोगिता हेतु चयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़नगर की पुरुष कबड्डी टीम से राजपाल सिंह चौहान का चयन संभाग स्तरीय आगामी प्रतियोगिता के लिए हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार उदीवाल ने चयनित छात्र की सराहना करते हुए सभी टीम के सदस्यों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर साहित्यकार नितेश जोशी जय ने उपस्थित होकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर अपने आशीर्वचन छात्रों को प्रदान किए और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी। महाविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम के द्वारा 17 अक्टूबर को उज्जैन स्थित 'प्रशांती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज' में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया गया। यह दल वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आर.के. कौरव, एवं वाणिज्य विभाग के प्रो. मनोहर सिंह निंगवाल के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में बड़नगर का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना हुआ।

प्रतियोगिता में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़नगर की टीम की कमान सावन मसार (बी.ए. तृतीय वर्ष) के द्वारा संभाली गई।जिसमें आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शासकीय महाविद्यालय बड़नगर की पुरुष कबड्डी टीम से राजपाल सिंह चौहान का चयन हुआ। महाविद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं साथी विद्यार्थियों ने छात्र चौहान को आगामी प्रतियोगिता हेतु प्रोत्साहित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष के नेतृत्व में की टीम घोषित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में हिंदू उत्सव समिति ने अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। समिति का विस्तार करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से नई टीम का गठन किया गया है। संरक्षक समिति एवं अध्यक्ष पवन शर्मा द्वारा नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की गई। नई टीम में पांच उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष, मंत्री, मीडिया प्रभारी, सह-मीडिया प्रभारी एवं कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए हैं। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।घोषणा के अवसर पर अध्यक्ष पवन शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हिंदू उत्सव समिति का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म, हिंदू संस्कृति एवं हिंदू उत्सवों को बढ़ावा देना है। नई टीम से अपेक्षा है कि वे सभी एकजुट होकर आगामी हिंदू कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और सनातन धर्म के उत्थान के लिए सदैव आगे रहेंगे। पवन शर्मा ने कहा कि ब्यावरा में हिंदू उत्सव समिति ने पिछले 6 माह में हनुमान जन्मोत्सव, हरिहर मिलन डोल ग्यारस, चुनरी यात्रा, सभी समाजों के जयंती पर स्वागत किया जैसे कई भव्य आयोजन सफलतापूर्वक किए हैं। नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और आगामी कार्यक्रम और भी भव्यता के साथ मनाए जाएंगे।

अनुविभागीय अधिकारी हिंगे ने ली फटाका व्यापारियों की बैठक दिए सुरक्षा निर्देश



महिदपुर रोड। शुक्रवार की शाम को महिदपुर एस डीएम अजय हिंगे ने नगर के थाना परिसर में थाना क्षेत्र के अंतर्गत आतिशबाजी का व्यापार करने वाले फटाका व्यापारियों की बैठक लेकर सभी अस्थाई फटाका लाइसें सधारी व्यापारियों को कानून का पालन करने, खुले स्थान पर फटाका दुकानें लगाने और दुकान के पास पानी के ड्रम , बाल्टी में पर्याप्त रेत और सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध करने और फटाखों का भंडारण कस्बे से बाहर सुरक्षित स्थान पर पर करने हेतु शासन प्रशासन की गाइड लाइन के बारे में बताया आतिशबाजी फटाखा बेचने और खरीदने वाले स्थान अस्थाई बाजार (शुगर मिल) जाकर निरीक्षण किया गया है। बैठक में आतिशबाजी का व्या पार व्यवसाय करने वाले अस्थाई लाइसेंस धारी व्यापारियों सहित थाना प्रभारी भाभौर सहित नगर के पत्रकार ,एमपीईबी के अधि कारी कर्मचारी और कोटवार उपस्थित रहे सभी पटाखा व्यवसाईयों ने हमेशा की तरह इस बार भी शासन प्रशासन के नियमों का पालन करते हुए अपना व्यापार व्यवसाय करने के प्रति एसडीएम हिंगे तथा थाना प्रभारी को आश्वस्त किया

शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में

डिजिटल एवं एआई कौशल विषय पर कार्यशाला आयोजित सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में को मेरा करियर मेरी पहचान अभियान के अंतर्गत डिजिटल एवं एआई कौशल विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य संगीता गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभारी डॉ केशव शर्मा द्वारा प्रकोष्ठ का परिचय देते हुए वर्तमान समय में डिजिटल कौशल की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए गए। आमंत्रित विषय विशेषज्ञ प्रो भगवान सिंह पाटीदार ने अपने वक्तव्य में एआई एवं कंप्यूटर तथा इंटरनेट के स्तेमाल को स्पष्ट करते हुए आधुनिक समय में करियर निर्माण में कंप्यूटर तकनीकी एवं एआई की भूमिका को रेखांकित किया। प्राचार्य संगीता गुप्ता ने कंप्यूटर के क्षेत्र में होने वाले विभिन्ना शार्ट टर्म कोर्सेस से विद्यार्थियों को अवगत करवाया।

दो सौ से अधिक विद्यार्थी मौजूद रहे

इस अवसर पर डॉ मो वसीम शेख, डॉ मनींद्र सिंह रघुवंशी, डॉ मो मतीन खान, डॉ फारुख पठान, धर्मेन्द्र खैरवार, सुरेन्द्र यादव, डॉ सुनीता सेंगवार, डॉ भाविक वोरा, संगीता डोडवे एवं जगदीश बैरागी सहित समस्त स्टाफ एवं दो सौ से अधिक विद्यार्थी मौजूद रहे।

गुराड़िया बड़ौद में जनविश्वास शिविर सम्पन्न, 112 आवेदन प्राप्त

■ जनविश्वास शिविर जनसमस्याओं के समाधान का मंच- गेहलोत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद



जनविश्वास अभियान एवं जनविश्वास शिविर जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण का सशक्त मंच है, इन शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी अपने विभाग से संबंधित ग्रामीणों के आवेदनों, समस्याओं का समाधान कर रहे है। अब तक इन शिविरों का अनेकों ग्रामीणों ने लाभ उठाया है। यह बात विधायक माधव सिंह मधु गेहलोत ने शुक्रवार को बड़ौद जनपद क्षेत्र के ग्राम गुराड़िया बड़ौद में आयोजित जिला स्तरीय जन विश्वास शिविर को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना, एसपी दिलीप सोनी, जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूसिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 112 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनका निराकरण कर संबंधित अधिकारियों ने शिविर में मंच से ही अवगत कराया।

प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किय। अंत में जनपद सीईओ अमृत सिसोदिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, एसडीएम कमल मंडलोई, जिलाधिकारी एवं बाबूलाल यादव, सुरेन्द्र सिंह परिहार, प्रेम यादव, चन्द्रेश शर्मा, पारस जैन, विपिन चौहान व अन्य जनप्रतिनिधि सहित क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सरपंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

नगर परिषद बडौद का दशहरा मिलन समारोह संपन्न



बडौद। विजयादशमी के अवसर पर नगर परिषद बडौद के द्वारा श्री गोदड हनुमानजी मंदिर पर दशहरा मिलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री हनुमान जी की महाआरती और हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया गया एवं श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सुख समृद्धि की कामना की। भगवान की आरती महंत विजयदास बैरागी ने की इसी के साथ मंदिर पंडाल जय श्री राम के नारे से गुजाए हो गया और एक दूसरे ने दशहरे की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लववंशी, रामनारायण देवड़ा,एल्डरमैन चंद्रेश शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता भगवतस्वरूप श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड कार्यवाह संतोष जैन, मुकेश शर्मा, आदि ने संबोधित करते हुए भगवान रामजी आदर्श जीवन अनुसार अपने जीवन को सार्थक बनाएं और आने वाले युवा पीढ़ी को इसकी सीख दे जिससे वह धार्मिकता को आत्मसात करें। कार्यक्रम का संचालन पार्षद प्रतिनिधि कमलेश जैन ने किया।

मां वैष्णो देवी मंदिर में शरद पूर्णिमा पर होगा भव्य कन्या भोज



ब्यावरा। नगर में शक्ति और उपासना का महापर्व नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर में नौ दिनों तक धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा-अर्चना का विशेष माहौल बना रहा। मंदिर परिसर में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की आवाजाही रही और भक्तों ने मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। नवरात्रि के समापन के बाद हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस बार भी शरद पूर्णिमा पर रविवार को मंदिर परिसर में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसमें हजारों कन्याएं, महिलाएं एवं श्रद्धालु शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करेंगें। कन्या पूजन के बाद बालिकाओं को भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी। श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण को लेकर मंदिर ट्रस्ट द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

नवरात्रि के नौ दिनों में मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों की झालरों और जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इसमें बालिकाओं और कलाकारों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

नवीन तकनीक से बनाई जा रहीं पेयजल आपूर्ति टंकियां

सारंगपुर। कुंडालिया समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत विकासखंड सारंगपुर के ग्राम झिरी में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए नवीन तकनीक से पानी की टंकी का निर्माण किया गया है। पारंपरिक कंक्रीट की टंकियों के विकल्प के रूप में निर्मित यह टंकी आधुनिक तकनीक का उदाहरण है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में पहल की गई है। ग्राम झिरी में 125 किलोलीटर क्षमता की इस टंकी के निर्माण में जिंक और एल्युमीनियम की मिश्र धातु से बनी शीट का उपयोग किया गया है। यह सामग्री जंग-रोधी एवं टिकाऊ होती है। टंकी में एचडीपीई बैलून तकनीक का भी उपयोग किया गया है, जिससे इसकी संरचना का कुल भार कम रखने में मदद मिलती है। इस तकनीक के माध्यम से जल संग्रहण क्षमता को बनाए रखते हुए आधुनिक निर्माण पद्धति को अपनाया गया है।

आज शरद पूर्णिमा पर में मंदिरों और घर-घर होंगे धार्मिक आयोजन, चांदनी रात में लगेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



आज शरद पूर्णिमा का पर्व रविवार 25 अक्टूबर को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर के मंदिरों और घर-घर में धार्मिक आयोजन होंगे। श्रद्धालु खीर और लड्डू तैयार कर भगवान को भोग लगाएंगे। रात्रि में घरों की छतों पर भगवान को विराजित कर चंद्रमा की किरणों के बीच पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी और भगवान को भोग लगाने के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा। हिंदू धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस रात चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है। चंद्रमा की किरणों को अमृत के समान मानने की परंपरा के चलते श्रद्धालु दूध और चावल से बनी खीर तैयार कर उसे चांदनी में रखते हैं। बाद में भगवान को भोग लगाकर खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। इस अवसर पर कई श्रद्धालु व्रत रखकर मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना भी करते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला से भी जुड़ा पर्व-

शरद पूर्णिमा का संबंध भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला से भी माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ महारास रचाया था। इसी कारण इस पूर्णिमा का वैष्णव परंपरा में भी विशेष महत्व है। नगर में श्रद्धालु परंपरानुसार पूजा-अर्चना कर पर्व मनाएंगे। घरों की छतों पर चंद्रमा की रोशनी में खीर रखने, भगवान की आरती करने और प्रसाद वितरण के साथ शरद पूर्णिमा का उत्सव मनाया जाएगा।

मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व

शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस रात्रि मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जागकर उनकी आराधना करने वाले भक्तों पर कृपा करती हैं। इसी मान्यता के चलते श्रद्धालु रात्रि में मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं तथा घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।

बिलौदा सडक के किसान ने किया दिल्ली में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

सारंगपुर। सारंगपुर जनपद पंचायत के ग्राम बिलौदा सड़क के प्रगतिशील किसान सतीश सिंह बैस ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय एग्रीवोल्टेइक्स वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस 2026 में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। यह सम्मेलन भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जर्मनी सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया

जार्जिया दिखाएंगी डायस का थ्रिलर



कभी अरबाज खान की गर्लफ्रेंड के तौर पर मशहूर रहीं जॉर्जिया एंड्रियानी अब सस्पेंस थ्रिलर की दुनिया में कदम रख रही हैं। अक्सर अपने ग्लैमरस अंदाज से फैंस को लुभाने वालीं जॉर्जिया आगामी हिंदी थ्रिलर वेब सीरीज 'डायस' में एक इटालियन महिला के किरदार में नजर आएंगी। इस सीरीज की शूटिंग नवंबर में शुरू होने वाली है और खबरों की मानें तो डिजिटल मनोरंजन की दुनिया में यह प्रोजेक्ट जॉर्जिया के करियर का एक नया पड़ाव हो सकता है। हालांकि, उनके किरदार, कहानी की पृष्ठभूमि और अन्य कलाकारों से जुड़ी विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सीरीज का निर्देशन और निर्माण चंद्रकांत सिंह कर रहे हैं, जबकि एंजेलो विगीनो सह-निमार्ता के तौर पर जुड़े हैं। शूटिंग इटली में होगी। इसके लिए लोकेशन भी तय कर लिए गए हैं। जॉर्जिया ने इस प्रोजेक्ट को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि वह अपने नए किरदार को निभाने और टीम के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।

पति के निधन के बाद काम पर लौटीं अरुणा

दिग्गज अभिनेत्री अरुणा ईरानी के पति, फिल्म निमार्ता कुकू कोहली का हाल ही में 77 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। इस घटना के 2 महीने बाद अरुणा ने अब फिर से काम शुरू कर दिया है। एक पोस्ट के जरिए एक्ट्रेस ने काम पर लौटने की जानकारी दी और मुश्किल समय में साथ देने के लिए शुभचिंतकों का आभार जताया। 80 वर्षीय अरुणा ने शेयर किए गए वीडियो में कहा, आप सभी ने मुझे जो समर्थन दिया, उसके लिए धन्यवाद। मैं विश्वास नहीं कर पा रही थी कि इतने मुश्किल समय में आप सभी मेरे साथ खड़े होंगे। आपके इसी प्यार और साथ से मुझे ऊर्जा मिली है और आज मैं आपके सामने खड़ी हूं और दोबारा काम कर पा रही हूं। मुझे उम्मीद है कि आप सभी आखिरी सांस तक मेरा साथ देंगे। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। अरुणा ईरानी छह दशक से अधिक समय से फिल्म उद्योग में सक्रिय हैं। उन्होंने हिंदी, कन्नड़ और गुजराती भाषाओं की 500 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। 1961 में बाल कलाकार के रूप में उन्होंने अभिनय की शुरूआत की थी।

तेलुगू में एंट्री पहली का ऐलान फिल्म

आजकल हिंदी फिल्मों के कई बड़े कलाकार साउथ की फिल्मों में काम कर रहे हैं। रितेश देशमुख ने भी हिंदी और मराठी सिनेमा में अपने नाम का परचम लहराने के बाद अब साउथ की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। रितेश तेलुगू सिनेमा में पदार्पण कर रहे हैं। वह अभिनेता राम पोथिनेनी की अगली फिल्म में उनके साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। इस फिल्म को फिलहाल 'रापो 23' नाम दिया गया है। पहले शेड्यूल की शूटिंग हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। सेट से एक 'बिहाइंड द सीन' वीडियो सामने आया है, जिसमें राम अभिनेता रितेश का गर्मजोशी से स्वागत करते और उन्हें गले लगाते नजर आ रहे हैं। राम ने खुद इंस्टाग्राम पर इसे शेयर किया है और लिखा है, ₹रितेश देशमुख को 'रापो 23' में एक बड़ी ही जबरदस्त भूमिका में लाते हुए खुशी हो रही है।₹ इस फिल्म से पोथिनेनी बतौर डायरेक्टर भी नई पारी शुरू कर रहे हैं। कृष्णा पोथिनेनी के प्रोडक्शन हाउस रापो सिनेमैटिक्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के रूप में संयुक्ता नजर आएंगी। रितेश देशमुख ने भी पोथिनेनी की फिल्म का हिस्सा बनने पर खुशी जताई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोथिनेनी की पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है, मुझे तुम पर गर्व है, भाई राम पोथिनेनी। यह तुम्हारी पहली निर्देशित फिल्म है, तुम्हारे प्यार के लिए धन्यवाद।



अक्षय के साथ बन गई बात...



बंगाली फिल्म इंडस्ट्री में अपने अभिनय का दम दिखाने वाली रुक्मिणी मैत्रा को अब अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने का मौका मिला है। वह फिल्म 'समुक' में नजर आएंगी। यह एक भव्य साइंस-फिक्शन और एडवेंचर थ्रिलर फिल्म है। कनिष्क वर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में रुक्मिणी लीड एक्ट्रेस होंगी। हालांकि, उनके किरदार से जुड़ी डिटेल जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। केवल इतना बताया जा रहा है कि उन्हें अक्षय के साथ अहम भूमिका मिली है। इस फिल्म में विनीत कुमार सिंह, रजत कपूर, स्वानंद किरकिरे, बनिता संधू और सुशांत सिंह भी नजर आएंगे। फिल्म में विज्ञान, एलियन्स, रोमांच और अस्तित्व की लड़ाई जैसे विषयों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। विपुल अमृतलाल शाह के निर्माण में बन रही इस फिल्म की लगभग 80 प्रतिशत शूटिंग ब्रिटेन में पूरी हो चुकी है। अब बाकी शूटिंग मुंबई में की जाएगी। इस फिल्म को 2027 में रिलीज करने की योजना है।

लीड रोल चाहिए तो...



टीवी शो 'मन्नत' फेम एक्ट्रेस शिखा पांडे ने हाल ही में एक इंटरव्यू में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने संघर्ष और कास्टिंग काउच के कड़वे अनुभवों पर खुलकर बात की। शिखा ने खुलासा किया कि उन्हें लीड रोल पाने के नाम पर 'कॉम्प्रोमाइज' करने और अलग-अलग समझौते करने की सलाह दी गई थी। लेकिन अपने फैसलों पर अडिग रहते हुए उन्होंने कॉम्प्रोमाइज के ऑफर को ठुकरा दिया। यही नहीं, उस घटना के बाद से वह कास्टिंग मीटिंग्स को लेकर काफी एलर्ट रहती हैं। शिखा ने बताया, मैं एक मीटिंग के लिए एक बहुत ही अजीब कमरे में गई थी। उन्होंने मुझसे पूछा- क्या तुम लीड रोल करना चाहती हो या साइड रोल? मैंने कहा कि यह जरुरत पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा- नहीं, ये तुम्हारे हाथ में है। अगर तुम लीड रोल करना चाहती हो, तो शर्तें अलग हैं। तुम्हें एक्टर्स और डायरेक्टर्स से दोस्ती करनी होगी। सारी लड़कियां ऐसा करती हैं। मैंने कहा कि नहीं, मैं ये नहीं कर पाऊंगी।

Sport

न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया की 2-0 की बढ़त

बस हार ही गए थे, तिलक-नीतीश ने जिता दिया

एजेंसी ▸▸ क्राइस्टचर्च

भाई बच गए। लोग या तो टीबी-मोबाइल बंद कर चुके थे या बस सिर झुकाए देखे जा रहे थे। कुछ बचा ही नहीं था। 31 बॉल में 69 रन बनाने थे। 6 विकेट गिर गए थे। क्या ही होता।

लेकिन तिलक और नीतीश मैदान पर थे। बस इन्हीं दोनों को लग रहा होगा कि चलो कुछ तूफानी करते हैं। और फिर अगले 40 मिनट क्रीज पर रहे, 30 बॉल में 69 रन बना डाले। बस एक बॉल बचा था मैच का और दौड़कर दो रन ले लिए। नीतीश ने आधी पिच से ही भींची हुई बाईं मुट्ठी ऊपर कर बता दिया कि जीत गए हम। सामने न्यूजीलैंड की टीम थी। फील्ड क्राइस्टचर्च का था। लक्ष्य 181 रन का था। भारतीय टीम 14.5 ओवर में 112 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी। तिलक और नीतीश ने यहीं से मोर्चा संभाला। तिलक ने 26 गेंदों का 51 और नीतीश ने 13 गेंदों पर 26 रन बनाए। न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया। बढ़त 2-0 की हो गई है। कुल 5 वनडे होने हैं।



भारत को आखिरी ओवर में जीत के लिए 11 रन चाहिए। जैकब डफी के 20वें ओवर में तिलक वर्मा ने चौका लगाया और 25 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। आखिरी ओवर की पांचवीं बॉल पर नीतीश कुमार रेड्डी ने 2 रन लेकर भारत को जीत दिलाई। जैकब डफी की पांचवीं गेंद वाइड रही, जिसके बाद भारत को 2 गेंदों पर 2 रन चाहिए थे। तिलक वर्मा ने 26 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाए।

नाथन स्मिथ ने वैभव को कैच कराया

7वें ओवर की दूसरी बॉल पर नाथन स्मिथ ने वैभव सूर्यवंशी को कैच आउट कराया। ऑफ स्टंप के बाहर हार्ड लेंथ गेंद पर सूर्यवंशी ने हवा में शॉट खेला। इसे एक्स्ट्रा कवर पर मिचेल ने कैच लपक लिया। सूर्यवंशी 8 गेंद पर 4 रन बनाकर आउट हुए।

संजू सैमसन 14 रन बनाकर आउट

जैकब डफी ने भारत को पहला झटका दिया। उन्होंने पांचवें ओवर की चौथी गेंद पर संजू सैमसन को आउट किया। सैमसन बड़ा शॉट खेलने के लिए क्रीज से हटकर गए, लेकिन धीमी गेंद पर चूक गए। गेंद बल्ले का किनारा लेकर हवा में ऊंची उठी और कवर-पॉइंट पर ग्लेन फिलिप्स ने कैच पकड़ लिया।

किरोन पोलार्ड मुंबई इंडियंस के हेड कोच बने

एजेंसी ▸▸ मुंबई

वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर किरोन पोलार्ड आईपीएल 2027 के लिए मुंबई इंडियंस के हेड कोच बनाए गए हैं। फ्रेंचाइजी ने शनिवार, 24 अक्टूबर को इसकी घोषणा की। 39 साल के पोलार्ड पिछले 16 साल से मुंबई की टीम से जुड़े हुए हैं। वे 2009-2010 में टीम से जुड़े थे और 2022 तक सिर्फ मुंबई इंडियंस के लिए खेलते रहे। उन्होंने टीम की ओर से 5 ख्ताब टाइटल जीते हैं। पोलार्ड श्रीलंका के महेला जयवर्धने की जगह लेंगे। महेला जयवर्धने ने 17 अक्टूबर को हेड कोच का पद छोड़ दिया था।

मुंबई इंडियंस ने कहा कि पोलार्ड की नियुक्ति टीम की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए है। वे टीम के बैटिंग कोच भी रह चुके हैं। पोलार्ड ने 2022 में अपना आखिरी आईपीएल मैच खेला था। उन्होंने मुंबई के लिए 189 आईपीएल मैचों में पोलार्ड ने 3,412 रन बनाए। पोलार्ड का स्ट्राइक रेट 147.32 और औसत 28.67 रहा। उन्होंने 16 अर्धशतक लगाए। पोलार्ड ने 69 विकेट भी लिए। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2027 के लिए स्टेफन जोन्स को बॉलिंग कंसल्टेंट नियुक्त किया है।

मेसी को स्पेन का सबसे बड़ा खेल सम्मान

नई दिल्ली। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी को स्पेन का सबसे प्रतिष्ठित खेल सम्मान प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस अवॉर्ड दिया गया। मेसी को स्पेन की राजकुमारी लियोनोर ने यह अवॉर्ड दिया। लियोनोर स्पेन के सिंहासन की उत्तराधिकारी हैं और उन्हीं के नाम पर ये पुरस्कार दिए जाते हैं।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **पंकज आडवाणी ने जीता विश्व खिताब-** भारतीय बिलियर्ड्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने बर्मिंघम में विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब जीतकर अपने करियर का 29वां विश्व खिताब हासिल किया।
- **अनाहत सिंह सेमीफाइनल में पहुंचीं-** भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने सिलिकॉन वैली ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। उनकी नजर अब फाइनल में प्रवेश पर है।
- **अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराया-** अफगानिस्तान ने वनडे त्रिकोणीय सीरीज में जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराया। जिम्बाब्वे की टीम 169 रन पर सिमट गई, जबकि अफगानिस्तान ने लक्ष्य आसानी से हासिल किया।
- **ईस्ट बंगाल ने पांच गोल दागे-** इंडियन सुपर लीग में ईस्ट बंगाल ने इंटर काशी को 5-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा।
- **आयरलैंड ने नामीबिया को हराया-** आयरलैंड ने पहले वनडे मुकाबले में नामीबिया को 55 रन से पराजित किया। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने उपयोगी स्कोर बनाया, जिसके जवाब में नामीबिया की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।

अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को 7 विकेट हराया

ट्राई सीरीज जीती, राशिद खान ने लगातार छठी वनडे पारी में 3+ विकेट लिए

एजेंसी ▸▸ शारजाह

अफगानिस्तान ने वनडे ट्राई सीरीज के फाइनल में जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। शुक्रवार को शारजाह में खेले गए मुकाबले में जिम्बाब्वे की टीम 43.3 ओवर में 169 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में अफगानिस्तान ने 34.3 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

इब्राहिम जादरान ने 96 गेंदों पर नाबाद 70 रन बनाए। उन्होंने कप्तान रहमत शाह के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। हशमतुल्लाह शाहिदी ने 35वें ओवर में चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। राशिद खान ने 41 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके साथ ही वे वनडे क्रिकेट में लगातार 6 पारियों में कम से कम 3 विकेट लेने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज बन गए।

फजलहक फारूकी, मोहम्मद नबी और बिलाल समी ने भी 2-2 विकेट लिए, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई को 1 विकेट मिला। अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने शुरूआती 6 विकेट निकालकर जिम्बाब्वे को दबाव में ला दिया था। जिम्बाब्वे की ओर से कप्तान सिकंदर रजा ने सबसे ज्यादा 68 रन बनाए। उनकी पारी में 3 छक्के और 3 चौके शामिल थे। रजा वनडे टूर्नामेंट के फाइनल में 40 साल या उससे अधिक उम्र में फिफ्टी लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए।



रजा और बर्ल ने पारी संभाली, लेकिन राशिद ने पलट दिया मैच

शुरूआती झटकों के बाद रजा और रयान बर्ल ने पारी संभालने की कोशिश की। दोनों ने सिंगल-डबल लेकर स्कोर आगे बढ़ाया। बर्ल ने 30 रन बनाए, लेकिन नबी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हो गए। डीप स्क्वायर लेग पर समी ने उनका कैच पकड़ा। इसके बाद नबी ने वेस्ले मधेवेरे को स्टंप आउट कराया। इस विकेट के साथ नबी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 300 विकेट पूरे किए। राशिद ने वापसी करते हुए ब्रैड इवांस और न्यूमैन न्यामहुरी को आउट किया। इसके बाद उन्होंने रजा को भी पवेलियन भेज दिया। रजा ने इसी ओवर में राशिद की गेंद पर मिडविकेट के ऊपर से 98 मीटर लंबा छक्का लगाया था, लेकिन अगली बार बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में लॉन्ग-ऑफ पर कैच दे बैठे। राशिद चौथा विकेट लेने के करीब थे, लेकिन वेलिंगटन मसाकाद्जा और ब्लेसिंग मुजारबानी ने आखिरी विकेट के लिए 32 रन जोड़कर जिम्बाब्वे को 169 रन तक पहुंचाया।

न्यूज कॉलम

एसडीएम कार्यालय परिसर में किसान से मारपीट

धार। जिले की सरदारपुर तहसील के ग्राम कंजरोटा में जमीन विवाद को लेकर किसान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। किसान बोन्दरलाल पिता नाथाजी सिर्वी ने आरोप लगाया कि सरदारपुर एसडीएम कार्यालय परिसर में महिलाओं ने उन्हें घेरकर चप्पलों से मारपीट की। घटना का वीडियो आज सामने आया है। किसान ने 18 महिलाओं के खिलाफ सरदारपुर थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। किसान बोन्दरलाल के अनुसार, जमीन और रास्ते को लेकर सरदारपुर एसडीएम न्यायालय में प्रकरण चल रहा है।

सीएम के दौरे से पहले यूथ कांग्रेस नेता हिरासत में

धार। सरदारपुर में आज सीएम डॉ. मोहन यादव के शनिवार को सरदारपुर दौरे से पहले यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष दिनेश चौधरी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दसई चौकी पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह करीब 6.30 बजे पुलिस उन्हें ग्राम हनुमत्या काग स्थित उनके घर से पूछताछ के लिए दसई चौकी लेकर पहुंची। उनके कुछ साथियों को भी हिरासत में लिए जाने की बात सामने आई है। दिनेश चौधरी ने दसई पुलिस चौकी से वीडियो जारी कर कहा कि वे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नर्मदा-माही लिंक परियोजना को लेकर ज्ञापन देना चाहते थे।

झूमते-नाचते निकाली बुजुर्ग की अंतिम यात्रा

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले के छोटी खट्टाली गांव में 85 वर्षीय प्रताप सिंह डुडवे की अंतिम यात्रा ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई। गुरुवार को घर से श्मशान घाट तक निकली यात्रा में परिजन नाचते-गाते हुए शामिल हुए। इस यात्रा का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। गांव के ग्रामीण बिशन चौहान के मुताबिक, प्रताप सिंह की अंतिम इच्छा थी कि उनकी विदाई ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली जाए। परिजनों ने उनकी इस इच्छा के अनुसार अंतिम यात्रा निकाली। घर से श्मशान घाट तक परिजन ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए पहुंचे।

14 फीट लंबे, 50 किलो के अजगर का रेस्क्यू



झाड़ियों में मुर्गा निगल रहा था, तीन लोगों में मुश्किक से खींचा बाहर

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले के आम्बुआ कस्बे में मुख्य बाजार के पास जिओ टावर के समीप झाड़ियों में 14 फीट लंबा और 50 किलो वजनी अजगर मिला। अजगर ने मुर्गियों का शिकार किया था, जिस व्क्त लोगों की उस पर निगाह पड़ी उसवक्त मुर्गा निगल रहा था। झाड़ियों में बैठे अजगर को तीन लोगों ने मुश्किल से खींचा। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी दीपक सोलंकी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों की मदद से अजगर को सुरक्षित पकड़ा और जंगल में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, अजगर ने कुछ मुर्गियों का शिकार किया था और एक अन्य मुर्गी को निगलने की कोशिश कर रहा था। तभी लोगों की नजर उस पर पड़ी।

नैनो न्यूज

- **सोया कारोबारियों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन,** इंदौर में 16 और 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय सोया कॉन्क्लेव आयोजित हुआ। इसमें सोयाबीन, खाद्य तेल और प्रसंस्करण कारोबार से जुड़े उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- **सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश की तैयारी-** इंदौर के आईटी पार्क-4 में सात कंपनियों को कार्यालय के लिए आशय पत्र दिए गए। प्रस्तावित गतिविधियों में चिप डिजाइन, तकनीकी अनुसंधान और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र शामिल हैं।
- **सुपर कॉरिडोर पर स्टार्टअप पार्क-** इंदौर विकास प्राधिकरण की 2026-27 की योजनाओं में सुपर कॉरिडोर पर स्टार्टअप पार्क विकसित करने का प्रस्ताव शामिल है। इसमें कार्यालय, व्यावसायिक स्थान और आईटी सुविधाएं प्रस्तावित हैं।
- **इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार को मिलेगा बढ़ावा-** मध्यप्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और चिप डिजाइन से जुड़ी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की तैयारी है। इससे तकनीकी कंपनियों और औद्योगिक आपूर्तिकर्ताओं के लिए व्यावसायिक अवसर बन सकते हैं।
- **खुदरा बाजार में निवेश की संभावनाएं-** इंदौर के विजय नगर और एमजी रोड जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में दुकानें तथा संगठित रिटेल कारोबार निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। प्रॉपर्टी की लागत और किराये का आकलन निवेश के लिए महत्वपूर्ण है।

लोकायुक्त जांच में दो महिलाओं के नाम 2.30 करोड़ की कृषि भूमि खरीदने की जानकारी सामने आई

हेड-कॉन्स्टेबल की 51 प्रॉपर्टी, बाजार कीमत 68 करोड़ पार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल फिरोज खान के खिलाफ लोकायुक्त की आय से अधिक संपत्ति की जांच में नए खुलासे हुए हैं। जांच में देवास के राजोदा में दो महिलाओं के नाम पर 1.15 हेक्टेयर कृषि भूमि खरीदने की जानकारी सामने आई है। इस जमीन की रजिस्ट्री कीमत 1.65 करोड़ रुपए है, जबकि बाजार मूल्य करीब 2.30 करोड़ रुपए आंका गया है।

लोकायुक्त के मुताबिक, 24 अक्टूबर 2026 तक की जांच में फिरोज खान से संबंधित कुल 21.65 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति चिह्नित की गई है। इसमें 51 अचल संपत्तियां शामिल हैं। इन संपत्तियों की गाइडलाइन के अनुसार, कीमत करीब 19.94 करोड़ रुपए है, जबकि वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 68.01 करोड़ रुपए अनुमानित है।



विवेचना के दौरान सामने आया कि देवास के राजोदा में पहले चिह्नित कृषि भूमि के अतिरिक्त रोशनी वर्मा और रानू कुशवाह के नाम पर 11 जून 2024 को पटवारी हल्का नंबर 68 में 1.15 हेक्टेयर जमीन खरीदी गई थी। इसकी रजिस्ट्री में 1 करोड़ 65 लाख 2 हजार 498 रुपए की कीमत दर्ज है। लोकायुक्त ने इसका बाजार मूल्य करीब 2 करोड़ 30 लाख रुपए आंका है। जांच में इस जमीन से संबंधित जानकारी को भी संपत्तियों के ब्योरे में शामिल किया गया है। लोकायुक्त को बैंक से मिली जानकारी के अनुसार, महाराजा रियल एस्टेट के बैंक खाते में 9.70 लाख रुपए जमा पाए गए हैं। जांच में अब तक विभिन्न बैंक खातों में कुल 19.76 लाख रुपए जमा होने की जानकारी सामने आई है। इन खातों और लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच जारी है।

मां के नाम पर 6 लाख रुपए में खरीदी आरा मशीन- जांच में देवास जिले के सोनकच्छ क्षेत्र के पिपलरावां में लकड़ी की आरा मशीन होने की जानकारी भी मिली है। इसे आरोपी की मां वहीदा खान के नाम पर 6 लाख रुपए में खरीदा गया था। लोकायुक्त इस संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों के साथ अन्य संपत्तियों के रिकॉर्ड की भी जांच कर रहा है।

14 अक्टूबर को हुई थी सर्च कार्रवाई

लोकायुक्त ने 14 अक्टूबर 2026 को फिरोज खान के विभिन्न आवासों और अन्य ठिकानों पर सर्च कार्रवाई की थी। यह कार्रवाई लोकायुक्त के महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देशन तथा डीआईजी मनोज कुमार सिंह और इंदौर लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय के मार्गदर्शन में की गई थी। सर्च के बाद मिली जानकारियों और विवेचना के आधार पर संपत्तियों का ब्योरा सामने आ रहा है। अब तक चिह्नित 51 अचल संपत्तियों की गाइडलाइन के अनुसार कीमत करीब 19.94 करोड़ रुपए बताई गई है, जबकि इनका अनुमानित बाजार मूल्य 68.01 करोड़ रुपए से अधिक है।

देवास की आदर्श कॉलोनी में दो प्लॉट मिले

जांच के दौरान देवास के सीनियर राधागंज क्षेत्र स्थित आदर्श कॉलोनी में दो प्लॉट की जानकारी सामने आई है। इनमें प्लॉट नंबर 16ए का क्षेत्रफल 958 वर्गफीट और प्लॉट नंबर 45 का क्षेत्रफल 1,060 वर्गफीट है। रिकॉर्ड के अनुसार दोनों प्लॉट साहिल ट्रेडिंग कंपनी के नाम क्रमशः 8.74 लाख और 9.32 लाख रुपए में खरीदे गए थे। इनकी वर्तमान अनुमानित बाजार कीमत करीब 60.54 लाख रुपए आंकी गई है।

सोनू वेफर्स ब्रांड के चिप्स पैकेट पर 2019 में एक्सपायर पंजीयन नंबर मिला; खाद्य विभाग की कार्रवाई

कर्णावत से पनीर-तेल समेत 6 सैंपल लिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

त्योहारों के बीच खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को शहर के कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

शिकायतों के आधार पर कर्णावत पान भोजन प्रसादी, जैन श्वेतांबर शिव भंडार, अमृतसरी नान ढाबा, सोनू वेफर्स और राजा चाट भंडार समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। वहीं, सोनू वेफर्स के पैकेट पर पुराने खाद्य पंजीयन क्रमांक का उल्लेख मिलने पर सुधार सूचना पत्र जारी करने की कार्रवाई की जा रही है।



अंजनी नगर, एयरपोर्ट रोड स्थित कर्णावत पान भोजन प्रसादी से आलू, गिलकी, तुवर दाल, पनीर मसाला, सोयाबीन तेल और धनिया पाउडर के कुल छह नमूने लिए गए। सिलावटपुरा स्थित जैन श्वेतांबर शिव भंडार से नमकीन मिक्सचर और बूंदी के नमूने संग्रहित किए गए। शिकायत के आधार पर अमृतसरी नान ढाबे का भी निरीक्षण किया गया। यहां रसोईघर में साफ-सफाई और खाद्य स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। टीम ने पनीर और दाल मखनी के नमूने जांच के लिए लिए। सांवेर में सिविल हॉस्पिटल के सामने स्थित राजा चाट भंडार से पानीपुरी के पानी और आलू मसाला के नमूने लिए गए। संचालक को खाद्य पदार्थों के उचित रखरखाव, साफ-सफाई और स्वच्छता संबंधी मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। मुसाखेड़ी स्थित श्री राम किराना का भी शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया।

संबंधित प्रतिष्ठान को सुधार सूचना पत्र जारी करने की कार्रवाई

सांवेर रोड स्थित अवंतिका नगर के सोनू वेफर्स (मेसर्स मोहनलाल दौलतराम ट्रेडर्स) से आलू चिप्स और फलाहारी वेफर्स के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान आलू चिप्स के पैकेट पर वर्तमान खाद्य अनुज्ञप्ति क्रमांक के साथ पुराना खाद्य पंजीयन क्रमांक भी अंकित मिला। विभागीय जानकारी के अनुसार, पुराने पंजीयन की वैधता 19 मार्च 2019 तक थी, जबकि वर्तमान अनुज्ञप्ति 10 दिसंबर 2026 तक वैध पाई गई। इस स्थिति को लेकर संबंधित प्रतिष्ठान को सुधार सूचना पत्र जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, चिप्स या फलाहारी वेफर्स के नमूनों की गुणवत्ता पर कोई निष्कर्ष अभी सामने नहीं आया है। इसकी स्थिति प्रयोगशाला रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगी।

कुमेड़ी आईएसबीटी से 28 अक्टूबर से बसों का ट्रायल रन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

यातायात व्यवस्था सुधारने और लंबी दूरी की बसों के संचालन को व्यवस्थित करने की तैयारी की जा रही है। एमआर-10 स्थित कुमेड़ी अंतरराज्यीय बस टर्मिनल से 28 अक्टूबर से बसों का ट्रायल रन शुरू होगा। पहले चरण में राजस्थान और गुजरात के विभिन्न शहरों के लिए चलने वाली लंबी दूरी की बसें यहां से रवाना होंगी। ट्रायल के दौरान बसों की आवाजाही, टर्मिनल की संचालन व्यवस्था और यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं की जांच की जाएगी।

शुरूआत में चुनिंदा लंबी दूरी के मार्गों की बसों को नए टर्मिनल से संचालित किया जाएगा। ट्रायल से टर्मिनल की व्यवस्थाओं को परखने और नियमित संचालन शुरू करने से पहले जरूरी सुधार करने में मदद मिलेगी। बसों के आवागमन, यात्रियों की सुविधाओं और संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर तैयारियां की जा रही हैं। बस संचालकों के प्रतिनिधियों ने भी प्रस्तावित ट्रायल रन के लिए मौखिक सहमति दी है। ट्रायल के दौरान सामने आने वाली समस्याओं के आधार पर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाएगा। टर्मिनल के संचालन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप केरकेट्टा, स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्थ जैन, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा, यातायात पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एआईसीटीएसएल के वरिष्ठ अधिकारियों और लंबी दूरी की बसों के संचालकों के प्रतिनिधियों से चर्चा की। बैठक में टर्मिनल के संचालन और यातायात व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया।

मनीषपुरी रोड के धीमे निर्माण पर नाराज हुए महापौर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव शनिवार को मनीषपुरी पहुंचे। यहां उन्होंने सड़क निर्माण, डामरीकरण, पेचवर्क और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। मनीषपुरी रोड का निर्माण धीमी गति से चलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अधिकारियों को 30 दिन में शेष काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि तय समय में काम पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। साथ ही, दीपावली के बाद सड़क के लोकार्पण की तारीख तय कर आवश्यक तैयारियां करने को कहा।

महापौर ने अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर से मनीषपुरी रोड के शेष निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को दफ्तरों में बैठकर समीक्षा करने के बजाय मौके पर मौजूद रहकर काम की निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कनेक्टिंग सड़कों पर बनाए जा रहे रैंप इस तरह तैयार करने को कहा, जिससे बारिश का पानी जमा न हो और रहवासियों को आने-जाने में परेशानी न हो। शहर में डामरीकरण की धीमी रफ्तार पर महापौर ने असंतोष जताया। उन्होंने गड्ढों और खराब सड़कों को प्राथमिकता से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। पेचवर्क की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए उन्होंने खराब काम पर नाराजगी जताई और संबंधित इंजीनियरों व निगरानी अधिकारियों को नियमित जांच करने को कहा।

नाबालिग को ले जाने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

धार जिले के पीथमपुर में 16 साल की नाबालिग को पुलिस ने तलाश कर उसके परिवार के पास पहुंचा दिया। मामले में दूसरे नाबालिग पर दुष्कर्म का आरोप है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को पकड़ा और झाबुआ के बाल संप्रेषण गृह भेज दिया।

सेक्टर-1 थाने के उपनिरीक्षक सुशील यदुवंशी ने बताया कि 12 अक्टूबर 2026 को आरोपी नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने टीम बनाकर उसकी तलाश शुरू कराई। पुलिस ने नाबालिग को तलाशने के बाद परिवार के हवाले कर दिया। उसके बयान के आधार पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

एक दिन के नवजात का शव मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में प्रतीक्षा ढाबे के सामने खुले मैदान में एक दिन के नवजात शिशु का शव मिला है। आशंका है कि किसी अज्ञात महिला ने जन्म के तुरंत बाद शिशु को वहां छोड़ दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के मुताबिक, सुबह थाने में सूचना मिली थी कि प्रतीक्षा ढाबे के पास खुले स्थान पर नवजात शिशु का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान शव बरामद किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना रात के समय की हो सकती है। हालांकि, शिशु का शव कचरे के ढेर में पड़ा था या खुले मैदान में, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस घटनास्थल से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है।

जन्म जयंती/ विनयांजलिः विद्यासागर जी के पूरे परिवार ने श्रमण संस्कृति को गौरवान्वित किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ डॉ. जैनेंद्र जैन. इंदौर

श्रमण संस्कृति के समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज कोई सामान्य संत नहीं थे। सारा देश आज उनकी जन्म जयंती मना रहा है, वे श्रमण संस्कृति के महामहिम और अद्भुत गुरु मुनि ज्ञान सागर जी के अद्भुत शिष्य एवं लोक कल्याण की भावना से समृद्ध गांधीवादी और अहिंसा की विचारधारा से ओतप्रोत एक निर्भिमानी, निश्चछल एवं वीतरागता से विभूषित श्रमण संस्कृति की उस परमोज्वल धारा के ऐसे अप्रतिम प्रतीक थे जो आज भी सिंधु घाटी की प्राचीनतम सभ्यता के रूप में अक्षुण होकर समस्त विश्व को अपनी गौरव गाथा सुन रही है।


अक्टूबर 1964 की शरद पूर्णिमा को कर्नाटक प्रांत के ग्राम सदलगा में श्रावक श्रेष्ठि पिताश्री मलप्पा जीअष्टगे एवं माता श्रीमंती अष्टगे के घर आंगन में जन्मे विद्याधर मात्र 22 वर्ष की अल्पायु में मुनि ज्ञानसागर जी से जैनेश्वरी दीक्षा लेकर विद्याधर से मुनि विद्यासागर बन गए थे। मलप्पा जी एवं श्रीमंती जी के ग्रहस्थ जीवन में बालक विद्याधर सहित महावीर, अनंतनाथऔर शांतिनाथ ये चार पुत्र

एवं सुवर्णा एवं शांता दो पुत्रियां भी थी, लेकिन यहां यह उल्लेख करना अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं होगा कि विद्यासागर जी के माता-पिता और तीनों भाइयों ने आचार्य श्री से मुनि दीक्षा एवं दोनों बहनों ने भी आर्यिका दीक्षा लेकर श्रमण संस्कृति को गौरवान्वित किया

पिता मलप्पाजी मुनि मल्लीसागर जी,माता श्रीमंती आर्यिका समयमति, भाई शांतिनाथ मुनि समय सागर जी, अनंतनाथ मुनि योग सागर जी एवं महावीर मुनि उत्कृष्ट सागर जी के रूप में आज भी श्रवण संस्कृति को गौरवांवित कर रहे हैं।

बहन सुवर्णा एवं शांता ने भी आर्यिका दीक्षा ली थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से उन्हें दीक्षा छेदना पढ़ी और आज दोनों बहिने विदुषी ब्रह्मचारिणी के रूप में धर्म और अध्यात्म की सुरभि फैला रही हैं।

आचार्य श्री के पूरे परिवार का उल्लेख



गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किए जाने योग्य है। यह कैसी अनहोनी है की परिवार के सभी सदस्यों का जैनेश्वरी दीक्षा लेना एवं रेयर आफ रेयरेस्ट (दुर्लभतम) एवं आश्चर्यजनक दूसरा उदाहरण है कि एक ही घर में, एक ही कोख से, एक ही तिथि शरद पूर्णिमा के दिन शांतिनाथ (आचार्य समयसागर) के जन्म के 6 वर्ष बाद अक्टूबर 1964 की शरद पूर्णिमा पर विद्याधर(आचार्य विद्यासागरजी)का भी जन्म होना। आचार्य श्री विद्यासागर जी के समाधिस्थ होने के पूर्व दिए गए आदेश एवं आज्ञाअनुसार मुनि समय सागरजी को जैन तीर्थ कुंडलपुर के बड़े बाबा की साक्षी एवं संपूर्ण संघ की सहमति एवं लाखों लोगों की उपस्थिति में समय सागर जी को पट्टाचार्य घोषित कर आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया गया।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com